भोपाल
शनिवार, 4 अक्टूबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 12, अंक : 185
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सतना में आज से दो दिन का प्रवास

## मैहर में मां शारदा के दर्शन करेंगे आरएसएस प्रमुख

मेहर बाबा दरबार लोकार्पण कार्यक्रम में रहेंगे



**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शनिवार को मैहर और सतना के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। डॉ. भागवत सुबह 6 बजे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे सतना जिले की उचेहरा तहसील के पतौरा गांव जाएंगे, जहां प्रांत प्रचारक बृजकांत चतुर्वेदी के आवास पर अल्प विश्राम और दोपहर का भोजन करेंगे। भोजन के बाद, वे सीधे सतना आकर उतैली स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में ठहरेंगे। यहां उनके रुकने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी दिन शाम को, संघ प्रमुख आवासीय विद्यापीठ में प्रांत स्तर के एक संघ वर्ग में शामिल होंगे, जिसमें पूर्णकालिक सदस्य उपस्थित रहेंगे। अगले दिन, 5 अक्टूबर को डॉ. भागवत सिंधी कैंप स्थित मेहर शाह दरबार का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सुबह 10:30 बजे बीटीआई मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम 6 बजे, संघ प्रमुख रीवा इतवारी ट्रेन से नागपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। डॉ. भागवत का सतना से पुराना जुड़ाव रहा है। लगभग 10 साल पहले वे उतैली स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में संघ शिक्षा वर्ग में शामिल हुए थे।

---

मप्र में किसानों को पहली बार मिला सोयाबीन में पीला मोजेक से हुए नुकसान का मुआवजा

# 13 जिलों के किसानों को 653.34 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक से खातों में की अंतरित

बाढ़ प्रभावित 3.90 लाख किसानों को 371 करोड़ रुपए की राहत राशि

केला किसानों को प्रति हेक्टेयर 2 लाख रुपए की राहत राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से कहा कि आप अकेले नहीं हैं, पूरा परिवार बनकर हम आपके साथ हैं। आपकी खुशी में ही प्रदेश की खुशी है।

उन्होंने कहा कि हर प्रकार की आपदा और कीट प्रकोप से फसलों को हुई क्षति की राहत राशि किसानों को दी जाएगी। ये राहत राशि किसानों को बड़ा संबल देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब तक आखिरी पीड़ित किसान को सहायता राशि नहीं मिल जाती, हमारी सरकार चैन से नहीं बैठेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में किसानों को प्राकृतिक आपदा और कीट प्रकोप से हुई फसल क्षति की राहत राशि वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों में हुई अतिवृष्टि- ▶▶शेष पेज 6 पर



◆ **खोई मुस्कान लौटाना हमारी पहली प्राथमिकता**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पीड़ित किसानों को राहत राशि देने और फसल सर्वे के कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। सरकार ने 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से 6 लाख 69 हजार से अधिक धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया है। सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भी भावांतर योजना शुरू की गई है। फसल के विक्रय मूल्य और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अंतर की राशि सरकार सीधे किसानों को देगी। हम* ▶▶शेष पेज 6 पर

---

## खबर संक्षेप

### दृष्टि आईएएस पर लगा 5 लाख का जुर्माना



**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने डॉ. विकास दिव्यकीर्ति के नेतृत्व में चल रहे कोचिंग संस्थान दृष्टि आईएएस पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणामों के संबंध में भ्रामक विज्ञापनों के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। पीईबी की ओर से ये जानकारी दी गई है।

### तालाब में डूबीं तीन बच्चियां 2 सुरक्षित, एक लापता



**मुलताई।** बैतूल के मुलताई में प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन बच्चियां तालाब में डूब गईं। लोगों ने दो को बचा लिया, एक लापता है। हादसा सोनौली गांव में शुक्रवार दोपहर को हुआ। ग्रामीण देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तालाब पर पहुंचे थे। लक्ष्मी (12), मुस्कान (18) और मोनिका मराठी (11) तालाब में नहाने उतर गईं।

---

अमेरिका पर भड़के रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने खूब सुनाई खरी-खोटी, बोले

# भारत कभी ट्रंप के आगे नहीं झुकेगा...जहां तक टैरिफ की बात है तो रूस घाटा नहीं होने देगा

एजेंसी ▶▶सोची (मॉस्को)

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने साफ-साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे। जब बात नहीं मानी तो टैरिफ लगा दिया। लेकिन मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि, भारत को रूस किसी भी सूरत में घाटा नहीं होने देगा। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुझाव देते हुए कहा कि ये बात उन्हे समझना चाहिए कि ऊंचे टैरिफ का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इससे सीधे-सीधे ऊर्जा के दाम बढ़ेंगे।

इसके चलते अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पॉलिसी फोरम को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि जहां तक भारत का सवाल है तो किसी भी सूरत में अमेरिका के आगे झुकने वाला नहीं ▶▶शेष पेज 6 पर

**पुतिन ने पीएम मोदी की नीतियों को सराहा और उन्हें भरोसेमंद दोस्त बताया**

**टैरिफ लगाकर खुद को नुकसान पहुंचा रह रहा है अमेरिका**

> दवाएं, कृषि उत्पाद खरीदकर भारत को मजबूत करेगा रूस



### अपने देश के बारे में सोचते हैं पीएम मोदी

पुतिन ने कहा, 'मेरा मानना है कि भारत के लोग इसे और हमारे संबंधों को नहीं भूलते। लगभग 15 साल पहले, हमने एक विशेष रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की थी। यही सबसे अच्छा वर्णन है। प्रधानमंत्री मोदी एक बहुत ही बुद्धिमान नेता हैं जो सबसे पहले अपने देश के बारे में सोचते हैं।

भारत और रूस मिलकर संतुलित व्यापार से आगे बढ़ेंगे

### हम हमला नहीं करेंगे... नाटो ने किया तो छोड़ेंगे नहीं

इसके साथ ही पुतिन ने नाटों देशों को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रूस से डरने की जरूरत नहीं है, वो हमला नहीं करेगा। अगर किसी नाटो देश ने हमला किया तो बहुत ही कम समय और पूरी ताकत के साथ जवाब दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है। मैं उनसे यही कहूंगा कि उन्हें इस बात को भूलकर चैन से सोना चाहिए।

### भारत के नुकसान की भरपाई करेगा रूस

पुतिन ने कहा कि भारत में हर कोई यह बात अच्छी तरह जानता है। खासकर रूस से तेल आयात रोकने के अमेरिकी दबाव को नजरअंदाज करने के भारत के फैसले के बारे में। उन्होंने कहा कि अमेरिका के टैरिफ के कारण भारत को होने वाले नुकसान की भरपाई रूस से कच्चे तेल के आयात से हो जाएगी। साथ ही इससे भारत को एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठा भी मिलेगी। पुतिन ने कहा कि व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए रूस भारत से और अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। उन्होंने रूस और भारत के बीच आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं का जिक्र किया, मगर इन अवसरों को पूरी तरह से खोलने के लिए विशिष्ट मुद्दों को सुलझाने की जरूरत को भी स्वीकार किया। पुतिन ने वित्तपोषण, रसद और भुगतान संबंधी बाधाओं को प्रमुख चिंताओं के रूप में चिन्हित करते हुए कहा कि हमें अपने अवसरों और संभावित लाभों को खोलने के लिए सभी तरह के कार्यों को हल करने की जरूरत है।

---

स्वास्थ्य मंत्रालय का कफ सिरप पर बयान

# कुछ भी खतरनाक नहीं मिला, अभी जांच जारी

मप्र के छिंदवाड़ा और राजस्थान में कफ सिरप पीने से 11 मासूमों की मौत का मामला



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

राजस्थान और मप्र में 11 बच्चों की मौतों को लेकर कफ सिरप पर उठे सवालों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जांच में किसी भी सैंपल में डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे खतरनाक केमिकल नहीं मिले। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और राज्य अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर कई सैंपल कलेक्ट किए। रिपोर्ट में साफ हुआ कि किसी भी कफ सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल मौजूद नहीं था। ये ऐसे केमिकल ▶▶शेष पेज 6 पर

### बच्चों को कप सिरप देने को लेकर एडवाइजरी जारी

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 5 साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप देने में सावधानी बरतने की सलाह दी है। इसमें कहा है कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और जुकाम की दवा बिल्कुल न दी जाए। 5 साल से छोटे बच्चों को सिरप देने से पहले डॉक्टर द्वारा सावधानीपूर्वक क्लीनिकल मूल्यांकन किया जाए। पहला विकल्प हमेशा गैर-दवा उपाय हो। पर्याप्त पानी, आराम और सहायक देखभाल बेहतर है। सभी ▶▶शेष पेज 6 पर

---

### वांगचुक की रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची पत्नी



**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा कि वांगचुक की गिरफ्तारी गैर कानूनी है। उनकी तुरंत रिहाई होनी चाहिए। यह याचिका अनुच्छेद 32 के तहत डाली गई है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से सीधे हैबियस कॉर्पस की अपील की जाती है। वांगचुक को 24 सितंबर को लद्दाख में हुई हिंसा के बाद गिरफ्तार किया गया था। वे जोधपुर जेल में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी रासुका के तहत हुई है।




इंदौर में ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई

## एआरओ और बिल संग्राहक को 40 हजार लेते दबोचा

**इंदौर।** नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू की टीम ने शुक्रवार को जोन क्रमांक-19 में पदस्थ सहायक राजस्व अधिकारी (एआरओ) पुनीत अग्रवाल और प्रभारी बिल कलेक्टर रोहित सांवले को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पिपलियाहाना क्षेत्र के एक ▶▶शेष पेज 6 पर



■ सील गोदाम खुलवाने के लिए मांगी थी रिश्वत

खंडवा: 11 शवों का अंतिम संस्कार

## सीएम ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात, मदद का भरोसा

**खंडवा।** खंडवा जिले में गुरुवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरानट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई थी। जिसमें 11 ग्रामीणों की मौत हो गई, जिनमें आठ बच्चे और युवा शामिल थे। शुक्रवार को सभी का अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को खंडवा जिले की पंधाना तहसील के ग्राम जामली राजगढ़ पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना के मृतकों के परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना प्रकट की और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा ▶▶शेष पेज 6 पर



■ रेस्क्यू करने वालों को सम्मान निधि की घोषणा

मंडला जिले में नए पर्यटन सीजन के दूसरे दिन अभयारण्य से आई दुखद खबर

# कान्हा टाइगर रिजर्व में एक ही दिन में, एक वयस्क बाघ और दो शावकों के शव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व के अलग-अलग हिस्सों में मृत मिले। एक वयस्क बाघ और 2 मादा शावकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उनकी मौत अन्य बाघों के हमले से हुई है। एक मृत बाघ की पहचान बालाघाट मेल टाइगर के रूप में हुई है, जिसे टाइगर रिजर्व में पर्यटक अक्सर देखते थे। यह बाघ मुक्की रेंज में मृत पाया गया हैं।


8 से 10 साल के इस बाघ का वजन 170 से 180 किलो था और इसकी श्वासनली में घाव मिले, जो किसी अन्य बाघ के साथ लड़ाई में मृत्यु का संकेत देते हैं। कान्हा नेशनल पार्क के डिप्टी डायरेक्टर कोर पुनीत गोयल ने बताया दो अलग-अलग प्रकरण हुए हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व में एक प्रकरण हुआ कान्हा रेंज ▶▶शेष पेज 6 पर



### जांच के निर्देश दिए

कान्हा नेशनल पार्क के डायरेक्टर से रिपोर्ट मांगी गई है। फिलहाल प्राथमिक रिपोर्ट विभाग तक पहुंच गई है। दो बाघों की मौत आपसी लड़ाई में हुई है। एक बाघ की मौत के बारे में जांच करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर मौत क्यों हुई है।

**शुभ रंजन सेन,** पीसीसीएफ, वाइल्ड लाइफ



# चल समारोह निकालकर मां को किया विदा



दशहरे के दूसरे दिन भी अल सुबह तक प्रेमपुरा, खटलापुरा, रानी कमलापति घाट पर होता रहा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**भोपाल।** राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान जहां हिन्दू उत्सव समिति की ओर से चल समारोह निकला गया। तो वहीं कई जगह जुलूस निकाल भक्तों ने मां के जयकारे लगाए। इस दौरान नगाड़ों की आवाज पर युवा थिरकते दिखे। मां के अंतिम दर्शन हेतु विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, इससे समूचे जिले में मेले जैसा माहौल रहा।



## जगह-जगह प्रतिमाओं का स्वागत

*भारत टॉकीज से देवी प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह शुरू होने के बाद प्रतिमा एवं झांकियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। शहर में कई जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां से उनके स्वागत के साथ झांकियों को पुरस्कार देने के लिए समिति की नजर भी झांकियों पर विशेष रूप से था। यह चल समारोह सेन्ट्रल लायब्रेरी, इतवारा, जैन मंदिर रोड, मंगलवारा, हनुमानगंज रोड, छोटे भइया कार्नर, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, सोमवारा(पीरगेट) कमला पार्क, डिपो चौराहा से होते हुए प्रेमपुरा घाट पर पहुंचा।*

### धूमधाम से निकला चल समारोह

राजधानी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह शुक्रवार को भारत टॉकीज से प्रारंभ हुआ था। इस दौरान माताजी के जयकारों के साथ निकाले गए चल समारोह में अनेक झांकियों को ऐसा सजाया गया था, जो मन को भा रही थी। कई ऐसी झांकियां चल समारोह में शामिल थीं, जो आम लोगों को संदेश देने का काम कर रही थीं। दुर्गा चौक तलैया न्यू मार्केट, भेल की झांकी में राम दरबार की झांकी प्रमुख रूप से आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी, तो वहीं कुछ झांकियां बच्चों व महिलाओं के साथ हो रहे दुव्यवहार को रोकने का संदेश दे रही थीं।

## खटलापुरा घाट पर तीन दिन में हुआ 180 मूर्तियों का विसर्जन



*__भोपाल।__ राजधानी के खटलापुरा घाट पर मां दुर्गा की मूर्तियां विसर्जित की जा रही हैं, जिसमें छोटी प्रतिमा को घाट पर बने कुंड में विसर्जित किया जा रहा है, जबकि बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से तालाब में विसर्जित किया जा रहा है। घाटों पर भीड़ को रोकने के लिए बेरिकेडिंग की गई है। साथ ही सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 50 से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया है। जहांगीराबाद के एएसआई राकेश गुर्जर ने बताया कि खटलापुरा घाट पर 50 से अधिक पुलिस बल मौजूद है। साथ ही एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम मौजूद है। नगर निगम की गाड़ियां मूर्ति के अवशेष को कुंड और तालाब से हटाने का काम कर रही है। मूर्ति विर्सजन करने आए लोगों को बेरिकेडिंग के पास ही रोका जा रहा है। एक मूर्ति के साथ दो-तीन लोगों को भेजा जा रहा है। जिससे भीड़ कम हो और आसानी से ज्यादा से ज्यादा मूर्ति विसर्जित की जा सकें। वहीं एक अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक 180 से ज्यादा मुर्तियां विसर्जित की गई हैं, जिसमें छोटी 70 जबकि बड़ी 110 मुर्तियां विसर्जित की जा चुकीं है।*





## श्री नवदुर्गा हिंदू उत्सव समिति यादव समाज के चल समारोह में दिखी श्रद्धा, संस्कृति की झलक

*__भोपाल।__ पात्रा रोड, बरखेड़ी स्थित श्री नवदुर्गा हिंदू उत्सव समिति, यादव समाज द्वारा एक भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा, संस्कृति और समाज की एकता की अनुपम झलक देखने को मिली। इस आयोजन में समिति अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में वीरेंद्र यादव, लच्छू यादव, महेश यादव, पप्पू चिमन, संजय यादव, शान, विजय, छगन, शिवकुमार एवं आकाश जैसे समाजसेवी सक्रिय रूप से शामिल रहे।*

*चल समारोह में देवी दुर्गा की भव्य झांकी, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की आस्था ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समिति ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक जागरूकता फैलाना, युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ना और सामूहिक एकता को सुदृढ़ करना है। स्थानीय नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया।*



## जीएम, डीआरएम की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आयोजित



**भोपाल।** पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता एवं डीआरएम पंकज त्यागी की मौजूदगी में भोपाल मंडल कार्यालय में शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संरक्षा, क्राउड मैनेजमेंट, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही प्रमुखता से त्यौहारों पर रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट और अन्य रेल सुविधाओं जैसे अनेक विषयों पर समीक्षा कर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से संबंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने त्योहारों के मद्देनजर दीपावली एवं छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा रेल सुविधाओं का बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- त्योहारों पर क्राउड मैनेजमेंट के दिए निर्देश

कई घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा और तुलसी पूजन किया गया

## पापांकुशा एकादशी: जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति के लिए रखा जाता है व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पापांकुशा एकादशी पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर भगवान विष्णु और योगीराज श्रीकृष्ण की पूजा-आराधना की।

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि पापांकुशा एकादशी का अर्थ है उपवास के पुण्य बंधनों के साथ हाथी जैसे पाप को रोकना। पुराणों के अनुसार, भगवान विष्णु की पूजा करने से भक्तों को एक स्वच्छ हृदय विकसित करने में मदद मिलती है। इसके चलते शुक्रवार को इस एकादशी पर लोगों ने व्रत रखा और पूजा-पाठ कर जाने-आने में किए पाप या गलती के लिए भगवान से माफी मांगी।



तलैया के बांके बिहारी मंदिर में एकादशी पर पूजा करते श्रद्धालु।

### सुबह-सुबह लोगों ने किया बढ़चढ़ कर किया दान-पुण्य

तो वहीं घर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के मौके पर लोगों ने व्रत रखने के साथ सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया। तो शाम के समय महिलाओं ने शीतलदास की बागियां से अन्य जगहों पर दीपदान किया। गुफा, नेवरी व बिड़ला मंदिर में भी भगवान लक्ष्मी नारायण की विशेष पूजा-आरती की गई। सुबह लोगों ने दान-पुण्य भी किया। तो वहीं वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा-बाबा खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया।

सारंग, सबनानी, मेला समिति अध्यक्ष अग्रवाल रहे मौजूद

## भोपाल उत्सव मेले का 15 नवंबर से होगा आयोजन, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल उत्सव मेले का 33वां आयोजन 15 नवंबर से होगा। मेले का भूमिपूजन मंत्री विश्वास सारंग, विधायक भगवानदास सबनानी एवं भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने दशहरा मैदान टीटी नगर पर किया। इस अवसर पर सारंग ने कहा कि भोपाल उत्सव मेला भोपाल की शान है। यह पूरे शहर का मेला है। भोपाल के इतिहास के साथ मेले का नाम भी लिया जाएगा। उन्होंने मैदान की बाउंड्री एवं मरम्मत कार्य करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गोविंद गोयल, संजीव अग्रवाल, नवीन राय, अजातशत्रु आदि उपस्थित रहे।



### ये पदाधिकारी भी रहे विशेष रूप से मौजूद

समिति के पदाधिकारी राजेश जैन, चंद्रशेखर सोनी, सुनील जैनाविन, अजय सोगानी, अशोक गुप्ता, डॉ. महेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल गोल्डन, सुमित गर्ग, परमजीत सिंह बेदी, कमलजैन श्वेता, डॉ. योगेद्र मुखरैया, राजकुमार जौहरी, वीरेन्द कुमार जैन, संतोष अग्रवाल, रवि गगरानी, प्रहलाददास अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

*नर्सिंग कॉलेजों में खाली रह सकती हैं 50 प्रतिशत सीटें*

## 2025-26 सत्र की 28 हजार सीटों पर हुए सिर्फ 17 हजार रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में नर्सिंग शिक्षा घोटाले के बाद छात्रों का प्रदेश के कॉलेजों से भरोसा उठ रहा है। वर्ष 2025-26 सत्र की 28 हजार 560 सीटों में से सिर्फ 17 हजार 35 पर ही रजिस्ट्रेशन हुए हैं। पंजीयन आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की लगभग 50 प्रतिशत सीटें खाली रह सकती हैं। जिससे यह साफ झलकता है कि छात्रों का नर्सिंग शिक्षा से भरोसा टूटता जा रहा है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि मप्र में नर्सिंग शिक्षा की गिरती साख की सबसे बड़ी वजह फर्जी कॉलेजों का संचालन, मानकों की अनदेखी और सरकारी निगरानी की कमी है।

### संभावित रिक्त सीटों की स्थिति (2025-26 सत्र)

| कोर्स | कुल सीटें | रजिस्ट्रेशन | अनुमानित खाली सीटें | |
|---|---|---|---|---|
| बीएससी-जीएनएम नर्सिंग: | | 23,174 | 14,722 | 8,452 |
| पोस्ट बीएससी नर्सिंग: | 3,610 | 1,539 | 2,071 | |
| एमएससी नर्सिंग : | 1,776 | 1,474 | 302 | |
| कुल : | 28,560 | 17,735 | 10,825 | |

## बिजली के नियमित, संविदा और पेंशनरों को मिलेगा स्वास्थ्य योजना का लाभ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) ने प्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों में कार्यरत अभियंता व कार्मिकों के लिए बहुप्रतीक्षित पावर कंपनी अंशदाई कैशलेस स्वास्थ्य योजना (एमपीपीसीएचएस) के क्रियान्वयन के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है। इसके पश्चात देश भर के सभी अस्पतालों से योजना के नियम, शर्तों व दरों पर बातचीत की जाएगी। जो अस्पताल योजना की शर्तों व दरों पर सहमत होंगे उन्हें अनुबंधित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में लगभग एक माह का समय लग सकता है। जैसे ही ये प्रक्रिया पूर्ण होगी कंपनी की कैशलेस योजना की सेवाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी।

गांधी जयंती पर ग्रामसभा, दशहरा मिलन समारोह भी आयोजित

## ग्रापं सभा में सरपंच की बजाए बैठे मिले सरपंच पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी जयंती के साथ ही भोपाल की 222 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओ का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत ग्राम सभाओं में पहली बार दशहरा मिलन समारोह भी मनाया गया। इस दौरान सरकारी योजना के बारे में आम लोगों को जानकारी अफसरों द्वारा दी गई।

शहर से नजदीक आदमपुर छावनी ग्राम पंचायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह पहुंचे। यहां पर उन्होंने सरकारी योजनाओं के बारे में अफसरों के जरिए आम लोगों का जानकारी दी। हालांकि इस दौरान यहां महिला सरपंच मौजूद रहीं। वहीं भोपाल से विदिशा रोड स्थित चौपड़ाकला ग्राम पंचायत की सभा में महिला सरपंच मोनिका शेरु मीना के स्थान पर उनके पति शेरु मीना बैठे दिखाई दिए। उन्होंने सभा में भावांतर समेत कई योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।




### कलेक्टर भी शामिल हुए

*कलेक्टर भी दो ग्राम सभाओं में शामिल हुए। कलेक्टर ने आदमपुर छावनी में खाद्यान्न की पात्रता पर्ची का सोशल ऑडिट कराने के बारे में पूछा तो पता चला कि खाद्य अधिकारी मयंक द्विवेदी गायब थे। इस पर कलेक्टर नाराज हुए। उन्होंने अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात अफसरों से कही है।*

## खबर संक्षेप

### 6 से सीहोर में हफ्ते में 3 दिन रहेगी पासपोर्ट वैन

**भोपाल।** पासपोर्ट कार्यालय ने मध्यप्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पासपोर्ट बनवाने की सुविधा सरल कर दी है। पिछले दिनों शुरू हुई पासपोर्ट सेवा वैन से क्षेत्रवासियों के पासपोर्ट आसानी से बन सके, इसके लिए 6 अक्टूबर से सीहोर में पासपोर्ट वैन नए एसडीएम एवं तहसीलदार कार्यालय में सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार तैनात रहेगी। पासपोर्ट वैन में बायोमीट्रिक नामांकन (फोटोग्राफ, फिंगरप्रिंट और डिजिटल सिग्नेचर) और दस्तावेज सत्यापन हो सकेगा। इससे नागरिकों को पासपोर्ट सेवाओं के लिए भोपाल नहीं आना पड़ेगा।

### कमिश्नर रिलीव, अंजू अरुण को सौंपा चार्ज

**भोपाल।** नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायन शुक्रवार को रिलीव हो गए हैं। उन्होंने जाने से पहले अपर आयुक्त अूंज अरुण को नगर निगम का चार्ज सौंपा है। अंजू वर्तमान में निगम में अपर आयुक्त के साथ स्मार्ट सिटी और बीसीएलएल की सीईओ भी हैं। अगले दो दिन यानी शनिवार और रविवार नगर निगम का कामकाज संभालेंगी और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं को देखेंगी। हालांकि शनिवार और रविवार को अवकाश रहता हैं। ऐसे में इन्हें ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। सिर्फ उनको विसर्जन घाटों में अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी पर शनिवार को नजर रखनी पड़ेगी। जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर निगम की नई आयुक्त संस्कृति जैन पदभार ग्रहण करेंगी। इसके बाद जैन के हाथों में नगर निगम की कमान होगी।

### रिश्वत लेते पकड़ाए दो अधिकारी

**भोपाल।** सिंगरौली की चितरंगी तहसील के बगैया गांव की रहने वाली महिला फूलमती सिंह ने बीते दिनों लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत की थी कि पति जयपाल सिंह की मौत सांप के काटने से जून में हुई थी। पति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्पदंश से मौत होना लिखने के एवज में चितरंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमरजीत सिंह और सुपरवाइजर राजकुमार बैस उससे 1 लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त ने मेडिकल ऑफिसर और सुपरवाइजर को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया।

# एक महीने में तैयार हो जाएगा नगर निगम का नया मुख्यालय, 47 करोड़ में बनी ग्रीन बिल्डिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लिंक रोड नंबर 2 के पास बन रहे नगर निगम का नया मुख्यालय अगले महीने में तैयार हो जाएगा। जिससे नवंबर में निगम के सभी दफ्तर यहां शिफ्ट हो जाएंगे। जिससे आम लोगों को अलग-अलग कामों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा। शुरुआती समय में 22 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस इमारत का खर्च बढ़कर 42 करोड़ रुपए हो गया है, जिसमें पांच करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा।

महापौर और अध्यक्ष के केबिन में फर्नीचर का काम फाइनल टच पर चल रहा है, जबकि पूरे निगम मुख्यालय भवन की फिनिशिंग को एक महीने से अधिक का समय लगेगा।

## 22 करोड़ से बढ़कर 42 करोड़ रुपए पहुंची लागत, अलग से खर्च होंगे 5 करोड़

### फरवरी 2022 में शुरू हुआ था मुख्यालय भवन का निर्माण कार्य



नगर निगम लिंक रोड नंबर 2 पर सेंट मेरी स्कूल के पास ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट पर अपना नया मुख्यालय भवन बना रहा है। फरवरी 2022 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। तब इसकी अनुमानित लागत 22 करोड़ 57 लाख 95 हजार रुपए मानी गई और इसका वर्क ऑर्डर मेसर्स संहिता कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया। पांच महीने बाद ही जुलाई 2022 इसकी डिजाइन सहित बेसमेंट और राफ्ट फाउंडेशन के लिए मैनिट से सर्वे करवाया गया। मैनिट ने इसका नया प्रस्ताव तैयार किया और लागत बताई 33 करोड़ 27 लाख 12 हजार। निगम प्रशासन ने कास्ट बढ़ाने के लिए एमआईसी से मंजूरी ली। तय हुआ कि साल 2024 तक नया भवन तैयार हो जाएगा, लेकिन मुख्यालय तैयार नहीं हुआ और लागत एक बार फिर बढ़ गई।

### फर्स्ट फ्लोर पर रहेंगे महापौर अध्यक्ष व आयुक्त के केबिन

नए मुख्यालय भवन में महापौर, अध्यक्ष और आयुक्त के केबिन पहली मंजिल पर बनाए गए हैं। मुख्यालय भवन के बाहर बनी पार्किंग के शेड पर सोलर पैनल लगाए जाने हैं। गुरुवार को पैनल आ गए। इसी तरह मुख्यालय भवन के अंदर लगने वाले दफ्तरों की रैक बनाने का काम अब तक शुरू नहीं हुआ। इसके अलावा पूरे भवन की लाइट फिटिंग, एसटीपी अधूरे हैं। जबकि फायर सिस्टम लग चुका है। लिफ्ट के कनेक्शन हो रहे हैं।

## डायबिटीज, हृदय रोग, किडनी की बीमारियों का नहीं मिलता इलाज, कई दवाएं भी नहीं मिलती

## बेदम सिस्टम से प्रदेश के मॉडल अस्पताल की 'फूल रही सांसें'

# 3 साल में 400 से 250 बेड का हो गया जेपी अस्पताल

सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मॉडल अस्पताल में शुमार राजधानी के जेपी अस्पताल का हाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसा हो गया है। यहां स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमर्रा रही है। कहने को यह राजधानी का मॉडल जिला अस्पताल है पर यहां सर्दी-खांसी, बुखार और मामूली दुर्घटना के घायल मरीजों को ही इलाज मिल पाता है। डायबिटिज, हृदय रोग, किडनी संबंधित बीमारियों का इलाज नहीं मिलता।

हरिभूमि पड़ताल

हालत यह है कि बीते तीन साल में जेपी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ने की बजाए कम हो गई। तीन साल पहले जेपी 400 बिस्तर का अस्पताल हुआ करता था, अब यहां सिर्फ 250 बिस्तर ही रह गए हैं। एक्युपमेंट और स्टूमेंट सहित भारी मात्रा में खरीदी के चक्कर में नया सेटअप बनाने की बजाए आनन-फानन में जेपी अस्पताल की महिला एवं प्रसूति वार्ड को चिकित्सकों और स्टाफ सहित काटजू अस्पताल शिफ्ट करवा दिया गया। यानी नए अस्पताल को चालू दिखाने के लिए पुराने अस्पताल की व्यवस्थाओं से समझौता किया गया। इसका खामियाजा अब अस्पताल आने वाले मरीजों और महिला रोगियों को भुगतना पड़ रहा है।

*संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के पास एमआर सेक्शन*

*मेटरनिटी विंग को काटजू अस्पताल में शिफ्ट करने से महिला मरीज परेशान*

*जिला मेडिकल बोर्ड तक को ठेके पर दिया*

*अस्पताल में सफाई का ठेका भी आउटसोर्स के जिम्मे*

### मेडिकल बिल के नाम पर 76 लाख का घोटाला




*अस्पताल की बिल्डिंग तो अभी भी चमाचम दिखती है, लेकिन लालच के चलते इंटरनल व्यवस्थाओं को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। आलम यह है कि एमआर सेक्शन संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के पास है। जिले भर के अधिकारियों कर्मचारियों के मेडिकल बिलों की प्रतिपूर्ति पर मंजूरी की मोहर लगाने वाले इस अहम सेक्शन को तयशुदा ठेके पर संचालित किया जा रहा है। पिछले दिनों ही पीएचक्यू की एमआर शाखा में मेडिकल बिल के नाम पर 76 लाख रुपए सरकारी का घोटाला सामने आ चुका है।*

### बजट नियमित, खरीदी भी, पर दवाएं नहीं

जेपी अस्पताल को विभाग की तरफ दवाओं आदि के लिए हर महीने मांग के अनुरूप बजट दिया जाता है। किसी माह 10 लाख तो किसी माह 15 लाख या कभी इससे भी ज्यादा, इस बजट से दवाओं की खरीद भी हो रही है अस्पताल में दवाएं गायब है। कभी कोई दवा नहीं मिलती तो कभी किसी दवा की कमी रहती है। स्टोर शाखा से केवल परचेज ऑर्डर जारी होते हैं सामग्री आती नहीं लेकिन भुगतान हो जाता है।

### जिला मेडिकल बोर्ड और स्थापना शाखा आउटसोर्स के जिम्मे

जेपी अस्पताल का पूरा कामकाज आउटसोर्स पर संचालित किया जा रहा है। स्थिति यह है कि जिला मेडिकल बोर्ड तक को ठेके पर दे दिया है। अस्पताल में जिला मेडिकल बोर्ड का प्रभारी कोई चिकित्सक नहीं, बल्कि एक आउटसोर्स कम्प्यूटर सोमनाथ दुबे ऑपरेटर है। विकलांगता का स्तर भले ही चिकित्सक तय करते हैं, लेकिन बाकी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी प्रभारी आउटसोर्स कर्मचारी को सौंपी गई है। अस्पताल में सफाई का ठेका आउटसोर्स है। अस्पताल में गंदगी की भरमार है लेकिन भुगतान पूरा किया जाता है।

### सीएम, मंत्री, अधिकारी करते थे भोजन की प्रशंसा

जेपी अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ. वीणा सिन्हा, डॉ. आईके चुघ, डॉ. एमके सक्सेना और डॉ. अलका परगनिया के कार्यकाल में जेपी अस्पताल का किचन पूरे प्रदेश में भोजन की गुणवत्ता की पहचान था। पूर्व सीएम कैलाश जोशी, शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और तुलसी सिलावट जैसे मंत्री और विभागीय पीएस तथा आयुक्त स्तर अधिकारी किचन में खाने का टेस्ट लेकर प्रशंसा कर चुके हैं। यहां प्रसूति महिलाओं को जापे के लड्डू के तक जाते थे लेकिन स्थिति यह है कि सब्जी है तो दाल नहीं, दाल है तो फल नहीं। डाइट चार्ट का पालन नहीं किया जा रहा है।

### सीएमएचओ ने किचन से करवाए फूड सैंपल

जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन का प्रभार लेते ही सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने चौबीस घंटे में दो बार अस्पताल का निरीक्षण किया। डा. शर्मा रात में अस्पताल के औचक निरीक्षण पहुंचे और गंदगी देखकर कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए सफाई एजेंसी को नोटिस जारी कर दिया। इसी तरह अस्पताल के किचिन में भोजन और खाद्य सामग्री की खराब गुणवत्ता देखकर मौके पर ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी से सैंपल करवाए गए। एक्शन के लिए अब खाद्य एवं औषधि प्रशासन की रिपोर्ट का इंतजार है।

### बेहतर सुविधा के प्रयास

जेपी अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा गया। अस्पताल में गंदगी मिलने पर सफाई एजेंसी को नोटिस दिया गया है। वहीं मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से सैंपल भी कराएं गए है। शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिले, इसलिए लगातर प्रयास किए जा रहे है।

**डॉ. मनीष शर्मा, प्रभारी अधीक्षक, जेपी अस्पताल**

झांकी में खेलते समय हुई थी घटना

## दस साल की रिया के कंधे में धंसी गोली निकली, दर्ज होगा हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित राजहर्ष कॉलोनी में गुरुवार दोपहर झांकी पंडाल के पास खेल रही दस साल की मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने शुक्रवार को बच्ची का पीएम कराया। पीएम के दौरान डॉक्टर ने बच्ची के कंधे में धंसी गोली निकाल ली है। अनुमान है कि दशहरा पर किसी शस्त्र धारक ने शस्त्र की टेस्टिंग की थी। इसी बीच गोली चलने से गोली रिया को जा लगी। अब पुलिस उस शस्त्रधारी की तलाश कर रही है। पुलिस इलाके में रहने वाले उन लोगों की भी तलाश कर रही है, जिनके पास लाइसेंसी शस्त्र है।

उल्लेखनीय है कि शशि हाइटेक सिटी, राजहर्ष कोलार निवासी सुनील रजक पानी सप्लाई करने का काम करते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। उसकी 10 साल की बेटी रिया रजक चौथी कक्षा की स्कूली छात्रा थी। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे रिया दूसरे बच्चों के साथ राजहर्ष कॉलोनी स्थित झांकी के पास खेल रही थी। इस दौरान अचानक बेहोश होकर गिर गई। लोगों ने देखा कि रिया के बाएं कंधे और गर्दन के बीच गहरा घाव था। खून बह रहा था। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां करीब दो घंटे चले इलाज के बाद रिया की मौत हो गई।

### भंडारे की तैयारी में व्यस्त थे परिजन

रिया के चाचा राज रजक ने बताया कि झांकी में भंडारे की तैयारियां चल रही थीं। हम सभी व्यस्त थे। इसी बीच रिया अचानक बेहोश होकर गिर गई। वह समिति के लोगों के साथ मिलकर रिया को लेकर तत्काल अस्पताल पहुंचे, खून अधिक बह रहा था। उसे आधा यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। बावजूद इसके उसकी मौत हो गई। रिया की मौत के बाद भंडारे का आयोजन रद्द कर दिया गय। उन्होंने किसी पर संदेह नहीं जताया है। उनका कहना है कि हम लोग कामकाजी है और किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं है।

निगम और एनजीओ की पहल

## भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़कर स्टील की थालियों में खिलाया खाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता में एक कदम आगे बढ़ाते हुए नगर निगम ने एनजीओ की मदद से दुर्गा झांकी समिति पदाधिकारियों की मदद से सिंगल यूज प्लॉस्टिक और पॉलिथीन को नजरअंदाज करते हुए स्टील की थालियों में भंडारे कराए। जिससे शहर में नवमीं और दशहरा के दिन होने वाले भंडारे जीरो वेस्ट रहे। नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत राजधानी में जीरो वेस्ट आयोजनों को प्रोत्साहित किया है।

जिसमें निगम अमले की समझाइश पर झांकी समितियों के पदाधिकारियों ने भंडारे में स्टील की थालियों और बर्तनों का उपयोग किया। दरअसल तत्कालीन आयुक्त हरेन्द्र नारायण के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने वार्डों और जोन में दुर्गा उत्सव समितियों, व्यवसायियों व रहवासियों को जीरो वेस्ट आयोजन करने की समझाइश दी थी। इसका असर साफ तौर पर दिखाई दिया। कई जगहों पर समितियों ने न केवल जीरो वेस्ट पंडाल बनाए, बल्कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया।

शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, स्वच्छोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। जिसके तहत कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट में कमी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए निगम ने गतिविधियों का आयोजन किया।

पांच हजार रेडी टू पजेशन मकान तैयार

## नवरात्रि में प्रॉपर्टी के बाजार में आया बूम, दीपावली पर भी रहेगी 'चमक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में लोगों ने जमकर प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त की है, अब लोग दीवाली तक चलने वाले मुहूर्त में भी अधिक से अधिक प्रॉपर्टी खरीदेंगे। इसके लिए पंजीयन विभाग ने तैयारियां कर ली हैं, तो वहीं बिल्डर भी प्रॉपर्टी की खरीद पर आफर दे रहे हैं। उन्होंने पांच हजार से अधिक मकान रेडी टू पजेशन तैयार कर लिए हैं। दरअसल बिल्डिंग निर्माण सामाग्री की जीएसटी दरों में कम होने से बिल्डर अब दीवाली से पहले अधिक से अधिक मकान बेचने की तैयारी में हैं। बता दें कि नवरात्रि के दौरान करीब तीन हजार 691 रजिस्ट्रियां हुई थी, जिससे पंजीयन विभाग को करीब 52 करोड़ रुपए की आमदनी हुई थी।

जिले के आईएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालय विजयदशमी अवकाश के बाद शुक्रवार को खोले गए। जहां सुबह 10 से शाम साढ़े छह बजे तक 300 से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं। ऐसे में प्रॉपर्टी के खरीदार धनतेरस से दीपावली तक अवकाश होने से पहले ही शुभ मुहूर्त में मकान, जमीन, प्लॉट और फ्लैट की रजिस्ट्रियां करवा रहे हैं। दीपावली तक अच्छे कारोबार की उम्मीद है।



### नवरात्रि से दीवाली तक सौ करोड़ का राजस्व

पिछले साल नवरात्रि में जहां तीन हजार से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं थीं, वहीं दीवाली तक छह हजार रजिस्ट्रियां हुईं थी। जिससे पंजीयन विभाग को करीब 100 करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। जबकि धनतेरस पर 500 से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं थी और पांच करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। इस बार भी दीवाली तक इससे अधिक कारोबार की उम्मीद विभाग को है। शुभ मुहूर्त में प्रॉपर्टी के खरीदार जमकर रजिस्ट्रियां करा रहे हैं। जिसको देखते हुए विभाग ने अनलिमिटेड स्लॉट कर दिए हैं।

### संपदा-टू में अधिक रजिस्ट्री

जिले में नवरात्रि से प्रॉपर्टी के कारोबार में उठाव देखने को मिल रहा है, जिससे रजिस्ट्री बढ़ने के साथ ही राजस्व भी मिल रहा है। संपदा सॉफ्टवेयर-टू का लाभ लोगों को मिल रहा है, जिससे कम समय में अधिक रजिस्ट्रियां मिल रही हैं।

**स्वप्नेश शर्मा**
**वरिष्ठ जिला पंजीयक**

### डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने ग्रहण किया आयोग सदस्य का पदभार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को सदस्य का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोग के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी), उप सचिव, पुलिस अधीक्षक एवं समस्त वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीऔर मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय, भोपाल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी द्वारा सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह का आयोग कार्यालय में पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## जीएमसी ई-आफिस सॉफ्टवेयर लागू करने वाला मध्य प्रदेश का पहला संस्थान बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर लागू करने वाला मध्यप्रदेश का पहला संस्थान बना हैं। ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर के पहले चरण में शुरू करने के लिए अधिष्ठाता कार्यालय, एनएमसी प्रकोष्ठ, स्थापना अनुभाग (राजपत्र), विद्यार्थी शाखा और अस्थि रोग विभाग चुना गया है। जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से फाइलों को हर चरण पर ट्रैक करने की सुविधा के कारण पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी, सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली और कम देरी के कारण दक्षता में सुधार होगा और एक पेपरलेस माहौल काम की लागत को कम करेगा तथा पर्यावरण के अनुकूल होगा। गांधी मेडिकल कॉलेज के सभी अनुभागों, विभागों के लिए सॉफ्टवेयर प्रबंधन पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

इस परियोजना को लागू करने में डॉ. आशीष गोहिया, वैभव जैन और अमृता पटेरिया की टीम का विशेष योगदान रहा। ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर तैयार करने वाली टीम को जीएमसी डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी।

डायनासौर राष्ट्रीय उद्यान का यूनेस्को के दल व लखनऊ के वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण

# डायनासौर के जीवाश्म प्रचुर मात्रा में देखकर आश्चर्य में पड़े विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार/भोपाल

यूनेस्को के वैश्विक जिओपार्क के कार्यकारी वैज्ञानिक डॉ. अलीरेजा (ईरान) एवं लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ. सतीश त्रिपाठी और खोजेमा नजमी (भू-गर्भशास्त्र विशेषज्ञ) ने बाग स्थित डायनासौर राष्ट्रीय उद्यान का निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय उद्यान में संरक्षित किए गए डायनासौर के जीवाश्म, विभिन्न प्रकार की चट्टानों, समुद्री जीवों के जीवाश्म और वानस्पतिक जीवाश्मों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। डॉ. अलीरेजा ने जीवाश्म की प्रचुर मात्रा को देख आश्चर्य व्यक्त किया एवं वनमंडल धार द्वारा जीवाश्म संरक्षण के किए गए प्रयासों को सराहा गया।

डॉ.अलीरेजा ने डायनासौर राष्ट्रीय उद्यान को वैश्विक जिओपार्क की मान्यता के लिए प्रस्तावित करने की अनुशंसा की बात कही एवं बाग गुफाओं का सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक स्तर पर अध्ययन करने पर विशेष जोर दिया। डॉ. सतीश त्रिपाठी ने सभी जीवाश्मों की विशेषता बताई एवं शोध व संरक्षण की भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

## टीम ने वन मंडल धार के जीवाश्म संरक्षण के प्रयासों को सराहा

### समस्त जीवाश्मों का किया जाएगा डिजिटल डॉक्युमेंटेशन



वनमंडलाधिकारी धार विजयनंथम टीआर ने बताया कि डायनासौर राष्ट्रीय उद्यान को आधुनिक जिओपार्क बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। समस्त जीवाश्मों का डिजिटल डॉक्युमेंटेशन भी किया जाएगा, जो इसे वैश्विक पहचान देगा। उपवनमंडलाधिकारी संतोष कुमार रनशोरे ने बाग के आसपास स्थित समस्त जीवाश्म स्थलों एवं बाग की गुफाओं की जानकारी दी। वैज्ञानिकों के दल के साथ वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सोलंकी एवं सुनील बघेल व वेस्ता मण्डलोई उपस्थित रहे। दल को सम्पूर्ण डायनासौर राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कराया गया एवं अब तक किए गए प्रयासों के बारें में जानकारी दी गई।

70 आरोपी हिरासत से एक साल में फरार नंबर-2 पर एमपी

# मप्र में आरोपियों के फरार होने के मामले में सिर्फ 6 प्रतिशत पुलिसकर्मियों को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में पुलिस की हिरासत से सबसे ज्यादा आरोपी भाग जाते हैं। लापरवाही सामने आने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में भी अफसरों ने अपने ही महकमे का साथ दिया। दोषी पुलिसकर्मियों को सजा मिलने का 6 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की हाल ही में आई वर्ष 2023 की रिपोर्ट में सामने आया है।

प्रदेश में इस वर्ष 69 आरोपी पुलिस हिरासत से भागे। इनमें से दो पुलिस के लॉकअप में से भाग गए, जबकि 68 लॉकअप के बाहर से भागे। इस तरह इस वर्ष 70 अरोपियों के भागने का रिकॉर्ड सामने आया, लेकिन किसी पर भी केस रजिस्टर्ड नहीं किया गया है। नतीजे में यह संख्या 69 हो गई। हालांकि पुलिस ने 56 आरोपियों को फिर से पकड़ने में सफलता पाई, लेकिन 14 आरोपी फरार होने के अपने मंसूबे में कामयाब रहे।

### न किसी का दोष, न किसी पर केस



इतनी बड़ी संख्या में आरोपियों के पुलिस कस्टडी से फरार होने के बाद भी लापरवाही के लिए किसी पुलिसकर्मी या अफसर के खिलाफ केस रजिस्टर नहीं किया गया है। हालांकि इस वर्ष चार पुलिसकर्मी इस तरह की लापरवाही के लिए दोषी भी करार दिए गए थे। पुलिस कस्टडी से भागने में मध्य प्रदेश देश में नंबर दो पर है। राजस्थान नंबर एक पर है, यहां पर इस वर्ष 72 आरोपी पुलिस हिरासत से भागे थे।

### 17 पुलिस कर्मियों की हुई मौत

इस रिपोर्ट में बताया गया कि मप्र में 17 पुलिसकर्मियों और अफसरों की इस वर्ष मौत हुई। इसमें 14 की मौत हादसे में हुई, जबकि चार पुलिसकर्मियों की मौत स्वयं का हथियार साफ करने के दौरान हुई। वहीं 38 पुलिसकर्मी और अफसर दंगो में घायल हुए। बदमाशों के हमले से चार पुलिसकर्मी घायल हुए। 15 पुलिसकर्मी दुर्घटना में घायल हुए। केस रजिस्टर्ड नहीं किया गया। न कोई पुलिसकर्मी इस लापरवाही पर अरेस्ट हुआ और ना ही किसी के खिलाफ चार्जशीट पेश की गई।

### 2021-2022 की तुलना में आंकड़ा कम

प्रदेश पुलिस के लिए राहत यह है कि वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में कम आरोपी पुलिस हिरासत से भागे। वर्ष 2022 में कुल 108 मामले हिरासत से भागने के सामने आए थे, जिसमें 10 पुलिस लॉकअप से भागे थे, जबकि 98 लॉकअप के बाहर से भागे थे। इनमें से 67 को पुलिस फिर से पकड़ने में सफल रही थी, जबकि 41 फरार हो गए थे। आरोपियों के भागने पर लापरवाही के चलते चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ चार्जशीट प्रस्तुत की गई, जबकि इसमें दो पुलिसकर्मी दोषी पाए गए। वर्ष 2021 में पुलिस अभिरक्षा से फरार होने वाले अपराधियों से संख्या 91 थी।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर जा रहे युवकों से 32 हजार की नगदी छीनी

### जीआरपी भोपाल थाना क्षेत्र स्थित पश्चिमी कॉलोनी स्थित पुल पर हुई वारदात

- *बीना से भोपाल पातालकोट एक्सप्रेस से पहुंचे थे दोनों दोस्त*
- *अंधेरा होने के कारण वह आरोपियों को देख नहीं सके*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के भोपाल रेलवे स्टेशन से उतरकर शिव नगर कॉलोनी जा रहे दो युवकों से अज्ञात बदमाशों ने 32 हजार रुपए की नगदी छीन ली। घटना जीआरपी भोपाल थाना क्षेत्र स्थित पश्चिमी कॉलोनी पुल की बताई




जा रही है। गुरुवार रात हुई घटना की शिकायत लेकर युवक जीआरपी थाना भोपाल पहुंचे थे। जीआरपी ने लूट का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार भगवत कुशवाहा पिता शिवराज कुशवाहा (32) अटवारा मोहल्ला, थाना बाला बेहट, जिला ललितपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसने गुरुवार रात जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अपनी दोस्त निखिल व्यास के साथ बीना से भोपाल पातालकोट एक्सप्रेस से पहुंचा था। दोनों मुख्य रेलवे स्टेशन पर उतरे। इसके बाद शिवनगर कालोनी जाने के लिए पश्चिमी कॉलोनी के पुल पर जा रहे थे, तभी पुल के ऊपर कुछ अज्ञात बदमाश अचानक उनके पास पहुंचे और धमकाते हुए भगवत की जेब से 30 हजार रुपए की नगदी छीन ली। बदमाशों ने निखिल के पास रखे दो हजार रुपए भी छीन लिए थे। अंधेरा होने के कारण वह आरोपियों को देख नहीं सके।

## खबर संक्षेप



### संत सिंगाजी महाराज का निशान यात्रा निकाली

**औबेदुल्लागंज।** नंदवंशी गवली यादव समाज ग्राम बिनेका के युवा साथी पंकज नंदवंशी एवं उनकी पूरी टीम ने संत सिंगाजी महाराज का निशान लेकर पदयात्रा प्रारंभ की। बिनेका से निशान यात्रा का जीतू नंदवशी ने स्वागत किया। संत सिंगाजी महाराज की यात्रा को सफल बनाने की कामना की।

### गांधी जयंती पर सफाई मित्रों को बांटी किट



**औबेदुल्लागंज।** गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन हुआ। इस अवसर पर सफाई मित्रों के साथ स्वच्छता संवाद किया गया। साथ ही सफाई मित्रों को किट वितरित कर उनके योगदान के लिए सम्मान पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर सार्थक चर्चा की।

### दुष्कर्म के आरोपी की पत्नी की जमानत खारिज

**भोपाल।** युवती के साथ धोखाधड़ी कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी का सहयोग करने वाली आरोपी पत्नी चंद्रिका प्रजापति के अग्रिम जमानत आवेदन को विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी एक्ट) राजर्षि श्रीवास्तव ने अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया है। न्यायालय में आरोपी महिला के अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत आवेदन प्रस्तुत कर उसे पुलिस द्वारा षड्यंत्र पूर्वक प्रकरण में झूठा फंसाया जाना और छोटे-छोटे बच्चे होने का हवाला देते अग्रिम जमानत आवेदन को स्वीकार करने का अनुरोध किया था। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक पुनीत नारायण तिवारी द्वारा महिला के अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए उसके अग्रिम जमानत आवेदन को निरस्त करने का अनुरोध किया गया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9427 | | |
| दिन: | 134 | 80 | 145 |
| रात: | 890 | 78 | 477 |

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित झागरिया रोड पर हुआ हादसा

# सेंट्रल पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर की कार को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, 5 घायल

- *बम्होरी से परिवार के साथ कार से आ रहे थे भोपाल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बायपास के पास झागरिया रोड पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर की कार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसा शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आसपास का है। कार में साइड से टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त हुई है, जबकि कार में बैठा उनका परिवार घायल हो गया। घायलों में बच्चे भी शामिल है। सभी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार आशू कुमार साहू पिता राम गोपाल साहू (33) न्यू बस स्टैंड मेघ नगर कस्बा बम्होरी जिला रायसेन के रहने वाले हैं और सेंट्रल पीडब्ल्यूडी में इंजीनियर हैं। वे भोपाल में वरुण नगर कोलार रोड राजहर्ष कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह परिवार के साथ बम्होरी गए थे। वहां से अपनी कार से शुक्रवार सुबह भोपाल लौट रहे थे। वे बायपास से झागरिया रोड पर पहुंचे। झागरिया रोड पर कार टर्न कर रोड पर आ गए थे, तभी सामने से आ रही तेजर रफ्तार कार ने उनकी कार में साइड से टक्कर मार दी। टक्कर उनकी कार के पिछले हिस्से में लगी थी, जिससे कार में बैठी उनकी पत्नी नीलम साहू, छोटी बहू राधा साहू और बच्चे आस्वित साहू, अथर्व साहू सहित अद्विका साहू को चोटें आई है। हादसे के बाद वह परिवार को लेकर नर्मदापुरम सड़क स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उनका इलाज चल रहा है।

### अनियंत्रित एसयूवी डिवाइड तोड़कर पार्किंग में घुसी, चार घायल

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित कजलीखेड़ा में तेज रफ्तार एसयूवी डिवाइडर तोड़कर पार्किंग में घुस गई। इस हादसे में चार लोगों को गंभीर चोट आई है। सभी का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना दशहरा की रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास की है। घायलों का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार बसना भील पिता दीता भील (30) गांव कालापानी बोदा खो, कोलार रोड ने बताया कि वह मजदूरी करता है। गुरुवार रात वह बंजारी में रावण दहन कार्यक्रम देखने गए थे। उन्होंने कजलीखेड़ा में पार्किंग में बाइक खड़ी की और रावण दहन का कार्यक्रम देखने चले गए। वहां से लौटकर बाइक के पास पहुंचे। बाइक के पास बसना, शिवानी, लक्ष्मन, अजय खड़े थे। इसी बीच रात करीब साढ़े दस बजे गोल गांव की तरफ से एक तेज रफ्तार महिंद्रा एसयूवी आई। एसयूवी के चालक ने तेजी और लापरवाही से चलाते हुए डिवाडर में टक्कर मार दी। रफ्तार इतनी अधिक थी कि एसयूवी ने डिवाइडर तोड़ दिया और गलत दिशा में पहुंच गई। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही एसयूवी ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बसना भील को हाथ, दाहिने पैर व सिर में गंभीर चोट आई है। उसका दांत भी टूट गया, जबकि उसकी बच्ची शिवानी को माथे, आंख दाहिने हाथ में चोट आई है। बसना के भाई लक्ष्मन भील को दाई आंख, सिर, दाहिने हाथ, दाहिना पैर, में चोट आई है, जबकि उनके भतीजे अजय को माथे पर चोट आई और दाहिना पैर टूट गया। एसयूवी कोई मंथन मीना नाम का युवक चला रहा था।

### निगरानी बदमाश से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद

**भोपाल।** अशोका गार्डन पुलिस ने निगरानी बदमाश रोहित वर्मा उर्फ रोहित कबाड़ी को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर शराब के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी इलाके का निगरानी बदमाश उसके खिलाफ हबीबगंज, बागसेवनिया, मंगलवारा, तलैया सहित अशोका गार्डन में दर्ज है 43 अपराध दर्ज है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि गौतम नगर झुग्गी अशोका गार्डन में एक संदिग्ध प्लास्टिक की पन्नी में कुछ ले जा रहा है संभवतः वह कच्ची शराब हो सकती है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही को दबोचने का प्रयास किया। इस दौरान संदेही पुलिस को देखकर भागने लगा। हालांकि पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोहित कबाड़ी पिता स्व. योगेन्द्र सिंह वर्मा (34) मकान नंबर 939, ए अशोका गार्डन बताया। पुलिस ने उसके पास पन्नी में रखी शराब जब्त कर ली। गिरफ्तार आरोपी रोहित कबाड़ी अशोका गार्डन का निगरानी बदमाश है।

> हबीबगंज, बागसेवनिया, मंगलवारा, तलैया सहित अशोका गार्डन में दर्ज है 43 अपराध

साइलेंट अटैक आने का अनुमान

# चलती बाइक पर आया हार्ट अटैक विधानसभा के कर्मचारी की मौत

### रिश्तेदारी में जाते समय सड़क पर अचानक गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास भैंसाखेड़ी गल्ला मंडी के सामने बाइक सवार विधानसभा के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वह बाइक पर बैठे-बैठे हिलने लगे और एकाएक नीचे गिर गए। अनुमान है कि उन्हें साइलेंट अटैक आया है। पुलिस का कहना है कि उन्हें शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं है। केवल कान से खून आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार राजेश मालवीय पिता टेकचंद मालवीय (55) मकान नंबर 23 पीरगेट कुम्हारपुरा, कोतवाली में रहते थे और विधानसभा (सचिवालय) में नौकरी करते हैं। उनके रिश्तेदार भौंरी में रहते हैं।

गुरुवार सुबह वह अपनी बाइक से रिश्तेदार के घर भौंरी जाने के लिए निकले थे। सुबह करीब साढ़े 5 बजे वह खजूरी सड़क स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास भैंसाखेड़ी गल्ला मंडी के सामने पहुंचे। इसके बाद बाइक से गिर गए। कुछ लोगों ने देखा तो वे बाइक पर बैठे-बैठे हिल रहे थे। इसके बाद बाइक सहित नीचे गिर गए।

### सीढ़ियों से गिरकर घायल हुई 2 साल की बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवारा इलाके में सीढ़ियों से गिरकर घायल हुई 2 साल की बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि छह साल की बड़ी बहन का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार माहिन नूर (2) मेढ़ों की बगिया, इतवारा इलाके में परिवार के साथ रहती थी। उसके पिता मनिहारी का काम करते हैं। माहिन से बड़ी बहन छह साल की है। गुरुवार की शाम को बड़ी बहन माहिन को लेकर मकान की छत पर खेलने गई थी। वापस लौटते समय वह उसे गोद में उठाकर नीचे लेकर आ रही थी। इसी दौरान पैर फिसलने से दोनों बहनें सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गई। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां देर रात डॉक्टरों ने माहिन को मृत घोषित कर दिया। बड़ी बच्ची का इलाज चल रहा है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

नजीराबाद सर्कल में चलाया नशा मुक्ति अभियान

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद




मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत जन चौपाल समाज कल्याण समिति भोपाल द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के नजीराबाद सर्कल में नुक्कड़ नाटक, गीत, गजल, नृत्य आदि के माध्यम से नशा मुक्ति का अभियान चलाकर लोगों को नशे दे दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में भी ग्रामीण जनों को विस्तार से समझाया।

समिति के मुख्य कलाकार आरएस नरवरिया ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त संचालक रामविलास सेमल द्वारा इस दल को नशा मुक्ति अभियान चलाने के लिए भेजा है। इस दौरान नुक्कड़ नाटक में बैरसिया जनपद पंचायत के पंचायत समन्वय अधिकारी कमलेश शर्मा ने स्वयं ढोलक बजाकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की। साथ ही साथ ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि नर्मदा प्रसाद अहिरवार ने मंजीरा , सचिव उधम सिंह मेहर, सहायक सचिव कमल सिंह अहिरवार ने झांझर बजाया। मुख्य कलाकार आरएस नरवरिया, गायक रामचरण परिहार, देव सिंह अहिरवार, मांगीलाल वंशकार, ज्योति राजसे ने प्रस्तुति दी।

# दशहरा पर्व पर बुराई के प्रतीक रावण के अंत के साथ गूंजी बाल विवाह मुक्त भारत की आवाज

### 25 हजार लोगों ने हाथ उठाकर सामाजिक बुराई को खत्म करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप




विजयदशमी का पर्व इस बार केवल रावण दहन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज से बाल विवाह जैसी बुराई को खत्म करने का संकल्प भी लिया। नगर के 17 एकड़ में फैले विशाल दशहरा मैदान में करीब 25 हजार लोगों ने एक स्वर में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को हमेशा के लिए खत्म करने का संकल्प लिया।

दशहरा पर्व पर नगर से निकली भव्य चल-समारोह की शोभायात्रा जब देर रात 11 बजे दशहरा मैदान पहुंची, तो हिंदू उत्सव समिति और वरिष्ठजनों ने श्रीराम और रामायण मंडली के कलाकारों का स्वागत किया। इसके बाद मंच से सामाजिक बदलाव का संदेश दिया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा जैसे हर युग में रावण जैसी आसुरी बुराइयां खत्म होती हैं, उसी प्रकार भारत से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को खत्म करना है। यह बच्चों का भविष्य बिगाड़ता है। हमें मिलकर इसे जड़ से मिटाना होगा। नपा अध्यक्ष की अपील पर मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने हाथ उठाकर भारत को बाल विवाह से मुक्त करने का संकल्प लिया।

विजयदशमी का मनाने लोग मैदान पर रात 1 बजे तक डटे रहे। इसके बाद रावण दहन हुआ, इसके बाद मनमोहक आतिशी हुई। आतिशबाजी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामाजिक संदेश के संगम ने इस बार का दशहरा शहरवासियों के लिए यादगार बना दिया। इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष अजीत सिंह चौहान, सचिव अशोक भार्गव कोषाध्यक्ष केके चौबे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ऊषा विपिन भार्गव, पूर्णिमा जैन, बद्री सिंह चौहान, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीओपी शीला सुराणा, दोनों थाने के थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नपा ने कृत्रिम कुंड बनाकर प्रतिमाओं का किया विसर्जन

**मंडीदीप।** औद्योगिक शहर मंडीदीप में नवरात्रि के पावन पर्व के समापन पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। नगर पालिका मंडीदीप ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वार्ड 01 स्थित झिरिया घाट पर कृत्रिम कुंड की व्यवस्था की है, जहां क्रेन की मदद से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। शहर में इस वर्ष करीब 70 दुर्गा पंडाल सजाए गए थे। खबर लिखे जाने तक 50 से अधिक समितियों ने अपनी प्रतिमाओं का विसर्जन किया था।





श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति ने धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व

# औबेदुल्लागंज में झांकियों और चोला धारकों का किया सम्मान, भगवान राम की आरती उतार कर की पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक एवं समिति के पदाधिकारी द्वारा झांकियों एवं महावीर चोला धारकों को शील्ड देकर सम्मानित किया। कमल नरेश मालवीय, बाला सैनी, जीतू नेमा, भूपेंद्र नागर, विक्रम धाड़ी, सोनू अग्रवाल, उत्तम यादव, कैलाश डब्बू नागर, संजय चौरसिया, कैलाश साहू, संयम तिवारी, कमलेश लोधी, राजकुमार राजपूत, रमेश विश्वकर्मा, राजेश खटीक आदि शामिल थे।

भाजपा मंडल के सदस्य एवं मंडल अध्यक्ष ने दशहरे पर्व पर हनुमान जी का चोला धारक की आरती की एवं नृत्य किया। मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने श्री राम की आरती की। इस अवसर पर माधव यादव, कोमल चौहान, कांता पटेल आदि लोग शामिल थे।





### स्व. कोठारी की स्मृति में बांटा प्रसाद



औबेदुल्लागंज के दशहरा चल समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. विजय कोठारी की स्मृति में भक्तों को प्रसाद वितरण किया किया। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, पार्षद भारती नरेश सेठी, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पुरुषोत्तम शर्मा, रामकिशोर चौहान, तामोट के राजू भाई पटेल, व्यापार संघ एवं व्यापार महासंघ के सदस्य शामिल थे। इस दौरान मां दुर्गा एवं स्व. विजय कोठारी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

चल समारोह में झांकियों के साथ श्री हनुमान जी का चोला रहा आकर्षण का केंद्र

## 51 फीट ऊंचे रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का किया दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज एवं तामोट में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया। कुंभकरण मेघनाद और रावण के पुतलों का दहन किया। दशहरे मैदान में गुरुवार रात चल समारोह में झांकियों के साथ श्री हनुमान जी का चोला, श्री राम बजरंग अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं माता के भक्तों को स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण किया। व्यापार महासंघ, यादव, अहीर समाज, शुभम ज्वेलर्स, संजय अग्रवाल, विद्या अग्रवाल जैन, बहावलपुरी समाज, सिख समाज, बागिश अग्रवाल, कलचुरी कलार समाज एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं ने प्रसाद वितरण किया। चल समारोह मुख्य बाजार से होते



हुए दशहरे मैदान पहुंचा। दशहरे मैदान में श्री राम-रावण का युद्ध हुआ। इसके बाद भगवान 51 फीट ऊंचे रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया।

कार्यक्रम में व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव, अशोक जायसवाल, प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, राजेंद्र गुड्डू साहू, सुदामा तिवारी, बल्लू अरोरा, नीरज चावला, विकास श्रीवास्तव, सुधीर कमल, मनोज चौरसिया, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, अमित राय, राहुल प्रजापति, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, इंग्लिश यादव, आरती यादव, माया राय, भारती नरेश सेठी, दीपू परमार, पवन खालसा, सोनू राय, माधव यादव, कांता पटेल, पंकज नागरानी, रमेश वासवानी, रतन मेघानी, देवेंद्र सिंह राजू, मनजीत सिंह, जीते भैया, सुरेंद्र सिंह, थानेदार मनोज बसवानी, नंदू शर्मा आदि ने दशहरे पर्व की बधाई दी

**हिंदू समाज को संगठित, चरित्रवान, चिंतनशील, स्वदेशी एवं स्वाभिमानी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा संघ**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाएं वास्तव में व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी



**श्रीकांत बुधोलिया**
प्रांत संयोजक
स्वदेशी जागरण मंच
मध्यभारत प्रांत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई थी, वह बीज आज शताब्दी पूर्ण होने पर एक विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हो चुका है। जिसकी यात्रा उपहास, उपेक्षा, विरोध, सहयोग और सहभागिता से होकर गुजरी है। डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार और गुरुजी की तपस्या तथा लाखों-करोड़ों स्वयंसेवकों के त्याग, समर्पण और सत्यनिष्ठा ने इस साधना को सिद्धि तक पहुंचाया। साधना से सिद्धि, सिद्धि से शक्ति और शक्ति से समाज निर्माण का यह पथ बना।

आज संघ का कार्य हिन्दू समाज को संगठित, चरित्रवान, चिंतनशील, स्वदेशी एवं स्वाभिमानी बनाने की ओर प्रवृत्त है। संघ की शाखा न केवल स्वयंसेवकों के संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारने का स्थान है, बल्कि अहम से वयमं की यात्रा भी यहीं से प्रारंभ होती है। संघ की शाखाएं वास्तव में व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। आज संघ चारों दिशाओं में एक साथ बढ़ रहा है। इसका अर्थ चारों दिशाओं में समाज का संगठित होना है। संघ अपने सौ वर्ष पूरे कर रहा है। संघ से प्रेरित अनेक संगठन विद्यार्थी परिषद, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, स्वदेशी जागरण मंच, विश्व हिन्दू परिषद, मजदूर संघ आदि आज समाज के विविध वर्गों में कार्यरत हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को अपने लिए कुछ भी नहीं चाहिए। भारत माता की जय हो, इसी संकल्प के साथ वह आगे बढ़ रहा है और समाज से आग्रह कर रहा है कि आईए, एक साथ मिलकर हम अपनी सभी चुनौतियों का समाधान करें। भारत को भारत बनाए, विश्व गुरु भारत बनाए, क्योंकि भारत को ही विश्व का दिशा दर्शन करना है, तब ही दुनिया शांति के साथ रह सकेगी। भारत की दुनिया को देखने की दृष्टि न तो शासक की है न बाजार की हमारी दृष्टि विश्व बंधुत्व की है, वसुधैव कुटुम्बकम की है। मैं स्वयं को गौरवान्वित और भाग्यशाली मानता हूं कि इस जन्म में मुझे संघ रूपी ईश्वरीय कार्य में योगदान करने का अवसर प्राप्त हुआ।




**श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिगत होंगे निर्माण कार्य, समन्वय से कार्य करेंगे सभी विभाग**

# श्रीराम पथ गमन, परिक्रमा पथ और श्रीराम राजा लोक का निर्माण भव्यता के साथ करें पूर्णः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटकों और श्रद्धालुओं का सारा फोकस चित्रकूट पर है। श्रीराम पथ गमन और श्रीराम राजा लोक के निर्माण कार्य भव्यता के साथ किए जाएं। साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को प्राथमिकता में रखें। सभी विभाग आपसी समन्वय और तालमेल के साथ प्रभावी कार्रवाई करें।

समयबद्ध योजना के अनुसार आवंटित राशि का समुचित उपयोग करें और प्रबंधन कर सभी निर्माणाधीन कार्य समय-सीमा में पूरे करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में श्रीराम पथ गमन कार्य योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में धार्मिक के साथ मेडिकल पर्यटन की भी सभी संभावनाएं विकसित करने के लिए ठोस कार्यवाही की जाए। चित्रकूट में उच्च कोटि का हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाया जाए। इससे चित्रकूट आने वाले पर्यटकों को सामान्य सहित आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने निवाड़ी जिले के ओरछा में भगवान श्री रामराजा लोक निर्माण की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ल, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखवीर सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक सक्सेना, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

» *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की श्रीराम पथ गमन और ओरछा में श्री रामराजा लोक निर्माण की समीक्षा*

» *कहा- समयबद्ध योजना के अनुसार आवंटित राशि का समुचित उपयोग करें*



**चित्रकूट में परिक्रमा पथ जल्द तैयार करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट के समग्र विकास के लिए सेवा के कामों से जुड़ी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को भी जोड़ा जाए। बड़ी कम्पनियों के सीएसआर फंड से भी चित्रकूट में सेवा गतिविधियां विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में परिक्रमा पथ जल्द से जल्द तैयार किया जाए। यहां सोमवती अमावस्या पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भारी तादाद के चलते भीड़ प्रबंधन की माइक्रो प्लानिंग की जाए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास को निर्देश दिए कि चित्रकूट नगर परिषद हैं, इसलिए वहां नगरीय विकास से जुड़े सभी काम प्राथमिकता से किए जाएं। चित्रकूट नगर का सौन्दर्यीकरण इस तरह से हो कि वह और भी अधिक सुंदर, नियोजित और व्यवस्थित हो जाए।

**ओरछा में 239.87 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्य प्रगति पर**

अपर मुख्य सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शुक्ल ने बताया कि चित्रकूट में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत 27.21 करोड़ रुपए, कामदगिरि परिक्रमा पथ के विकास के लिए 36.84 करोड़ रुपए और स्मारक यज्ञ देवी सहित अन्य विकास कार्यों के लिए 72 लाख रूपए के निर्माण कार्य वर्तमान में संचालित हैं। ओरछा में श्रीराम राजा लोक निर्माण दोनों चरण सहित 7 विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं पर कुल 239.87 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि श्रीराम पथ गमन न्यास में 33 सदस्य हैं, जिसमें 28 पदेन न्यासी एवं 5 अशासकीय न्यासी सदस्य की नियुक्ति 3 वर्ष के लिए की गई है।

# कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस 7 और 8 को, प्रत्येक क्षेत्र में बताई जाएंगी सरकार की प्राथमिकताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 7 एवं 8 अक्टूबर 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाली कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विषय संयोजक को प्रस्तुति के लिए अधिकतम 20 मिनट मिलेंगे। प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बताई जाएंगी। राज्य सरकार के विजन के अनुरूप केन्द्र और राज्य सरकार की क्षेत्रीय प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ 5 और कमजोर 5 जिलों की समीक्षा की जाएगी।

कांन्फ्रेंस में कलेक्टरों के सुझावों पर ध्यान केंद्रित कर आने वाली विशिष्ट समस्याएं और मुद्दे तथा जिला स्तर पर उस क्षेत्र के साथ अन्य किसी क्षेत्र में उनके किए गए नवाचार पर चर्चा की जाएगी। मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय और योजना विभाग चुनिंदा कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और नवाचार तथा जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर सार्वजनिक संवाद (जन संवाद) वीसी के माध्यम से इच्छित परिणाम प्राप्ति पर चर्चा होगी। जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन, लोगों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच और पहलों के बारे में जागरूकता पर चर्चा होगी।

**सभी 8 सेक्टरों के लिए 75 मिनट का सत्र समय रखा**

कांफ्रेंस का उद्घाटन सत्र 7 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक होगा। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से परिचय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के संबोधन से होगा। सत्र में संयोजक कृषि उत्पादन आयुक्त, सदस्य कृषि, बागवानी, पशु चिकित्सा, सहकारी की ओर से कलेक्टर्स के बीच कृषि एवं संबद्ध विषयों पर चर्चा की जाएगी। दूसरे सत्र में प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य सदस्य सचिव डब्ल्यूपीसी, निदेशक एनएचएम कलेक्टर्स के बीच स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा केन्द्रित होगी। तीसरे सत्र में प्रमुख सचिव उद्योग, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, वित्त विभाग की ओर से कलेक्टर्स के बीच रोजगार, उद्योग और निवेश चर्चा पर रहेगा। चौथे सत्र में संयोजक अपर मुख्य सचिव-शहरी की ओर से शहरी विषयों पर चर्चा होगी और पांचवे सत्र के दौरान संयोजक अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, अपर मुख्य सचिव वित्त, प्रमुख सचिव राजस्व, विधि की ओर से सुशासन पर चर्चा होगी।

**8 अक्टूबर को यह होगी गतिविधियां**

कॉन्फ्रेंस में 8 अक्टूबर की गतिविधियों के अंतर्गत सुबह 9.30 से 10.15 बजे तक मुख्य सचिव अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, आयुक्त जनसंपर्क की ओर से अपेक्षाओं के साथ विविध चर्चाएं की जाएंगी। कॉन्फ्रेंस के छठवें सत्र में संयोजक प्रमुख सचिव-स्कूल शिक्षा, प्रमुख सचिव जनजाति कार्य चर्चा करेंगे। सातवें सत्र में प्रमुख सचिव पीएचई, प्रमुख सचिव जनजाति कलेक्टर्स के बीच रिसर्च और विकास एवं जनजातीय गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। आठवें सत्र में नियम और कानून पर चर्चा होगी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने खंडवा के ग्राम जामली और उज्जैन के समीप इंगोरिया थाना क्षेत्र में दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए हादसे में कई लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

Government of India
Ministry of Road Transport and Highways




संबंधित व्यक्ति विवरण परिवहन वेबसाइट https://parivahan.gov.in/ पर देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें - आईडी: helpdesk-vahan[at]gov[dot]in and helpdesk-sarathi[at]gov[dot]in

CBC 37101/13/0011/2526

# पेज 1 का शेष

## 13 जिलों के किसानों को...

बाढ़ और सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से हुए फसल नुकसान के लिए 13 प्रभावित जिलों के 8 लाख 84 हजार 772 किसानों को 653.34 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसमें अतिवृष्टि, बाढ़ से हुई फसल क्षति से प्रभावित 3 लाख 90 हजार 167 किसानों को 331.34 करोड़ रुपए एवं पीला मोजेक, कीट व्याधि से हुई फसल क्षति से प्रभावित 4 लाख 94 हजार 605 किसानों को 322 करोड़ रुपए की राहत राशि शामिल है।

**केला उत्पादक और सोयाबीन फसल के लिए दी राहत राशि:** मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में अब तक विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को विभिन्न मदों में कुल 229 करोड़ 45 लाख रुपए की सहायता राशि दी जा चुकी है। पिछले महीने 6 सितंबर को ही फसल क्षति के लिए 11 जिलों के 17 हजार से अधिक किसानों को 20 करोड़ रुपए से अधिक की राहत राशि दी थी। मप्र के इतिहास में पहली बार राज्य सरकार की ओर से सोयाबीन में पीले मोजेक रोग से फसल प्रभावित किसानों को राहत राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुरहानपुर जिले के केला उत्पादक अतिवृष्टि प्रभावित किसानों को 3.39 करोड़ रूपए मुआवजा राशि दी गई है। शहडोल के सोयाबीन उत्पादक पीला मोजेक प्रभावित 8935 किसानों को 6.36 करोड़ रुपए मुआवजा राशि मिली है। किसान राजेन्द्र द्विवेदी और सुरेंद्र सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## खोई मुस्कान ...

*किसानों का कोई नुकसान नहीं होने देंगे। सोयाबीन बिकी तो भावांतर का लाभ मिलेगा: मुख्यमंत्री ने कहा कि सोयाबीन मंडी में बेचें, यदि एमएसपी से कम राशि में फसल बिकती है, तो बेची गई फसल की कीमत और एमएसपी के अंतर की राशि यानि भावांतर की राशि अगले 15 दिनों में सीधे किसानों के बैंक खाते में भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए किसानों को इस साल सोयाबीन का अत्यधिक भाव मिलेगा। इस बार सोयाबीन की एमएसपी 500 रुपए से अधिक बढ़कर 5328 रुपए हो गई है। केंद्र सरकार ने गेहूं की फसल के लिए फिर से एमएसपी बढ़ाई है।*

## भारत कभी ट्रंप के आगे...

है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी ऐसा कोई फैसला नहीं लेते हैं जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसंबर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं।

**रूस को कागजी शेर कहने वाले पर पलटवार:** पुतिन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर पलटवार किया है जिसके तहत ट्रंप ने पुतिन को कागजी शेर कहा था। रूसी राष्ट्रपति ने जवाब देते हुए कहा कि अगर रूस कागजी शेर है और फिर भी नाटो से लगातार लड़ाई में डटा हुआ है, तो फिर नाटो की हैसियत क्या है?

**यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें दीं तो...:** अगर यूक्रेन को लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइलें दी गईं, तो अमेरिका-रूस के संबंध खराब हो जाएंगे। इन मिसाइलों से भी रूस की सेहत पर असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि जल्द ही रूसी एयर डिफेंस सिस्टम उसकी काट निकाल लेगा। अगर अमेरिका या दूसरे देश नए परीक्षण करते हैं तो रूस भी पीछे नहीं रहेगा। रूस को अपने परमाणु हथियारों पर पूरा भरोसा है और वह जानता है कि भविष्य में किस तरह आगे बढ़ना है।

## कुछ भी खतरनाक...

हैं जो किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचाने के लिए जाने जाते हैं। मध्य प्रदेश राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एसएफडीए) ने भी तीन सैंपल का परीक्षण किया और डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल की अनुपस्थिति की पुष्टि की।

## बच्चों को कफ सिरप...

स्वास्थ्य संस्थान और क्लीनिक केवल गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस के तहत बनी और सुरक्षित फार्मास्यूटिकल ग्रेड सामग्री से तैयार दवाओं का ही उपयोग करें। डॉक्टरों और फार्मासिस्टों को संवेदनशील और जागरूक करने की जरूत है, ताकि मानकों का पालन हो सके।

**एक्सपर्ट्स की टीम जांच कर रही:** हालांकि, एनआईवी पुणे में की गई जांच में एक मामले में लेप्टोस्पायरोसिस पॉजिटिव पाया गया है। साथ ही पानी, मच्छर वाहकों और श्वसन संक्रमण से जुड़े सैंपलों की जांच अभी जारी है। एनसीडीसी, एनआईवी, आईसीएमआर, एम्स नागपुर और राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों के विशेषज्ञों की टीम रिपोर्ट किए गए मामलों के सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय का बयान:** राजस्थान में दूषित कफ सिरप पीने से बच्चों की हुई मौतों की रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि राजस्थान में बच्चों की मौत के मामले में जिस कफ सिरप का जिक्र है, उसमें भी प्रोपाइलीन ग्लाइकोल नहीं पाया गया। इसके साथ ही बताया गया कि यह उत्पाद डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन आधारित फार्मूलेशन है, जिसे बच्चों के लिए (बाल चिकित्सा उपयोग) अनुशंसित नहीं किया जाता।

## एआरओ और बिल...

भगार व्यापारी का गोदाम निगम द्वारा सील कर दिया गया था। व्यापारी जब गोदाम खुलवाने गया तो अधिकारियों ने उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। आरोप है कि अफसरों ने धमकी दी थी कि पैसे न देने पर गोदाम सील ही रहेगा और उस पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। व्यापारी को मजबूरन पैसे देने का दबाव बनाया जा रहा था। व्यापारी संतोष सिलावट निवासी गीता नगर ने 1 अक्टूबर को एसपी ईओडब्ल्यू को शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि के बाद जाल बिछाया गया। शुक्रवार को व्यापारी ने आरोपियों को पहली किस्त के रूप में 40 हजार रुपए दिए। उसी समय टीम ने छापा मारकर दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

**सिंगरौली में डॉक्टर 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार:** सिंगरौली में लोकायुक्त रीवा की टीम ने कार्रवाई करते हुए चितरंगी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह और सुपरवाइजर राजकुमार वैश्य को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत पीएम रिपोर्ट में सर्पदंश लिखने के एवज में मांगी गई थी।

## सीएम ने मृतकों के...

दिलाया। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि के स्वीकृति आदेश भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना के रेस्क्यू ऑपरेशन में सराहनीय योगदान देने वाले युवाओं करण, आकाश, मुकेश, राजा, ग्यारसा, दीपक और अशोक से चर्चा की और उन्हें गणतंत्र दिवस पर 51-51 हजार रुपए की सम्मान राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता को दुर्घटना स्थल पर घाट निर्माण के आदेश दिए और गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे, पंधाना विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, संभाग आयुक्त इंदौर डॉ. सुदाम खाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## कान्हा टाइगर रिजर्व...

में और दूसरा प्रकरण हुआ मुक्की जोन में दो नर बाघ आपस में भिड़ गए। जैसा कि भिड़ंत में होता है तो एक न बाघ ने दूसरे को हाताहत कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**बाघिन के सामने बाघ ने दो शावकों को मार डाला:** हाथी गश्ती दल ने इस लड़ाई को प्रत्यक्ष रूप से देखा एक टाइगर ने दूसरे टाइगर पर हमला किया। दूसरा प्रकरण कान्हा रेंज का है। फिर से हाथी गश्ती दल ने देखा कि दो बाघों की लड़ाई हो रही है। जब नजदीक जाकर देखा गया तो पता चला कि नर बाघ गुर्राते हुए खड़ा है। नजदीक ही मादा बाघिन खड़ी हुई थी। वहीं पर दो नन्हें शावक मृत अवस्था मे पड़े हुए थे, जिनको नर बाघ ने मारा था। दोनों ही मामले में गश्ती दल और डॉग स्कॉड ने निरीक्षण किया गया। प्रोटोकॉल के तहत तीनों बाघों का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया।

**कान्हा में 2025 में 6-7 मौतें:** कान्हा टाइगर रिजर्व, जो 940 वर्ग किमी में फैला है, मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। यहां बरासिंघा और बाघों की आबादी पर गर्व किया जाता है, लेकिन 2025 में मौतों का सिलसिला चिंताजनक है। जनवरी से अब तक 6-7 बाघ मारे गए, ज्यादातर प्राकृतिक कारणों से - जैसे क्षेत्रीय लड़ाई, बीमारी या शावकों पर हमला। 2022 की गणना में राज्य में 785 बाघ थे, लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि घनी आबादी से संघर्ष बढ़ रहा है।

मेंस सिंगल और डबल्स मुकाबले आज

# रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस बैडमिंटन की महिला वर्ग में बनीं चैम्पियन उदिता

*भोपाल। उदिता वर्मा ने फाइनल मुकाबले में लतिका को 21-15, 21-16 से हराकर 30वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला वर्ग का सिंगल खिताब जीत लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में उदिता ने दीपका को 21-10, 21-6 से हराया। जबकि लतिका ने खुशबू को 21-10, 21-15 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई थी। टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट में शहर के 150 से ज्यादा मीडिया से जुड़े प्लेयर्स भागीदारी कर रहे हैं। टूर्नामेंट में शनिवार को सुबह 10.00 बजे से मेंस कैटेगरी के सिंगल और डबल्स मुकाबलों के अलावा वुमंस कैटेगरी के डबल्स मैच होंगे। रविवार को टूर्नामेंट का समापन व पुरस्कार वितरण होगा।*



## खेलमंत्री सारंग ने कोर्ट नंबर-2 बैडमिंटन खेलकर किया उद्घाटन

इससे पहले टूर्नामेंट का उदघाटन खेलमंत्री विश्वास सारंग, खेल संचालक राकेश गुप्ता, रिलायंस के अनुपम गुप्ता, विनय तोमर और टूर्नामेंट संरक्षक मृगेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर खेल बालू सिंह यादव, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्डी हमीदुल्ला खान मामू, मप्र एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सुरेश प्रजापति, राजीव सक्सेना, डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, अभय चतुर्वेदी, वाणी साहू और रवींद्र ठाकुर उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ कामेंटेटर दामोदर प्रसाद आर्य ने किया।




**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 2174/न.पा.नि./लोनिवि/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 03/10/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 269.40 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 176811) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान**
वाल्मी हिल्स, कलियासोत बाँध, कोलार रोड, भोपाल
दूरभाष : 0755-2710302, E-mail : mpwalmi@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

संस्थान के निम्न कार्यों हेतु निविदा पोर्टल https://mptenders.gov.in पर विख्यात फर्मों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. | कार्य का नाम एवं टेंडर ID | अनुमानित लागत | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्य (2025_WALMI_455599_1) | रु. 5.00 लाख | 28.10.2025 |
| 2 | विद्युत सामग्री का प्रदाय (2025_WALMI_455600_1) | रु. 5.00 लाख | 28.10.2025 |
| 3 | प्लम्बिंग एवं सेनिटरी सामग्री का प्रदाय (2025_WALMI_455601_1) | रु. 5.00 लाख | 28.10.2025 |

निविदा का विस्तृत विवरण निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। शुद्धि पत्र एवं संशोधन निविदा पोर्टल पर ही प्रकाशित होंगे समाचार पत्र में नहीं।

म.प्र. माध्यम/122407/2025 संचालक

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्रं 04 (यांत्रिक विभाग)**

क्रमांक 45/यां.वि./2025 भोपाल, दिनांक - 03/10/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पद्धति के म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा क्रय करने की अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1 | 2025_UAD_455533_1 | CONSTRUCTION OF NALAH FROM JAIPAL HOUSE TO SANJU SAHU HOUSE NEAR SULABH COMPLEX SHAKTI NAGAR WARD -18, ZONE- 04 | 4.59 | 17-Oct-2025 | 17.30 PM |
| 2 | 2025_UAD_455527_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AND DRAIN FROM SANJAY SAHU HOUSE TO JAGDISH SAHU HOUSE AT SHAKTI NAGAR WARD- 18, ZONE- 04 | 8.00 | 17-Oct-2025 | 17.30 PM |
| 3 | 2025_UAD_455540_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD NEAR MASJID AT EKTA NAGAR WARD- 18, ZONE- 04 | 3.62 | 17-Oct-2025 | 17.30 PM |

नियम व शर्तें :- 1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं 04
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. : 2525/025/026





















नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें:-8335914373

R-24 to 29-09-2025, 03Oct to11-10-2025





R- 23/09/25 to 15/10/25

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 6008



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6007 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6018

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6017 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# रिलायंस ज्वेल्स ने किया नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ

### रवीना टंडन और राशा थडानी ने किया अपना पहला संयुक्त ब्रांड डेब्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

इस दीवाली, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक रिलायंस ज्वेल्स ने अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ किया है, जो भारत के सबसे बड़े पर्व की जीवंत भावना को समर्पित एक चमकदार प्रस्तुति है।

यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि ब्रांड पहली बार बॉलीवुड आइकन रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी का स्वागत अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में कर रहा है।

### मां-बेटी की यह जोड़ी विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है



मां-बेटी की यह जोड़ी विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है, जो दर्शाती है कि भारतीय अपने आभूषणों से कैसे बदलते रिश्ते साझा करते हैं। रिलायंस ज्वेल्स के साथ उनका यह जुड़ाव इस तथ्य का उत्सव है कि आभूषण पीढ़ियों से परे जाते हैं परिवार की धरोहरों को दिल से जोड़े रखते हुए साथ ही आज की जीवनशैली के लिए समकालीन डिजाइनों को अपनाते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप सीएमओ गायत्री यादव ने कहाकि हम भारतीयों का सोने के साथ हमेशा से एक गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है यह हमारी परंपराओं, उपलब्धियों और पहचान का प्रतीक है। लेकिन समय के साथ शैलियाँ बदलती हैं और कई बार पुराने डिज़ाइन हमारी अभिव्यक्ति से मेल नहीं खाते। हमारा नया दिवाली कलेक्शन इस बदलाव का उत्सव है जहां कालातीत परंपराओं और आधुनिक पसंद का खूबसूरत संगम है। रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा के इस अभियान के चेहरे के रूप में, हम उपभोक्ताओं की दो पीढ़ियों से जुड़ते हैं, परिवारों को अपने आभूषणों से नए डिज़ाइनों में नया रूप देने के लिए प्रेरित करते हैं जो विरासत का सम्मान करते हुए आधुनिक शैली को अपनाते हैं। नया फेस्टिव कलेक्शन दिवाली से जुड़ी प्रेरणाओं से तैयार किया गया है। इसमें लक्ष्मी-प्रेरित आकृतियां, रंगोली, लालटेन, दिये, गेंदा, कमल के फूल और मोर शामिल हैं, जिन्हें सोने और हीरों से खूबसूरती से तैयार किया गया है। इस कलेक्शन में शानदार इयररिंग्स, चोकर, लॉन्ग नेकलेस, चूड़ियां और रिंग्स शामिल हैं, जिन्हें दिवाली, धनतेरस, शादियों और उत्सव के अवसरों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### रिलायंस ज्वेल्स के साथ नई यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं: रवीना

रवीना टंडन ने कहाकि मैं रिलायंस ज्वेल्स के साथ अपनी इस नई यात्रा को शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हूँ। त्योहार खुशी और एकता का प्रतीक होते हैं, और यह कलेक्शन उस भावना को खूबसूरती से दर्शाता है—जहां परंपरा और आधुनिकता का बेहतरीन मेल है।' अपने अनुभव साझा करते हुए राशा थडानी ने कहा,"मेरा मानना है कि आभूषण हर अवसर पर आपकी पहचान को दर्शाने चाहिए। यह कलेक्शन मुझे अपनी व्यक्तिगतता व्यक्त करने का अवसर देता है और साथ ही त्यौहार की भावना को अपनाता है। हर एक पीस मुझे अपने आप का हिस्सा लगता है,जो व्यक्तित्व, स्टाइल और फेस्टिव चार्म का खूबसूरत उत्सव है।

### आभूषणों की मेकिंग चार्ज पर 45 फीसदी और हीरे के मूल्य व मेकिंग चार्ज पर 35 फीसदी तक की छूट

*इस दिवाली, रिलायंस ज्वेल्स ग्राहकों को 100 प्रतिशत ओल्ड गोल्ड एक्सचेंज वैल्यू की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिससे वे अपने पुराने आभूषणों की पूरी कीमत पाकर नए डिज़ाइनों के साथ अपनी ज्वेलरी कलेक्शन को अपग्रेड कर सकते हैं। ग्राहक विशेष फेस्टिव ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते है सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 45 प्रतिशत तक की छूट और हीरे के मूल्य व मेकिंग चार्ज पर 35 प्रतिशत तक की छूट, जो 2 नवम्बर 2025 तक मान्य है। नया फेस्टिव कलेक्शन अब देशभर में स्थित 140 से अधिक रिलायंस ज्वेल्स शोरूम्स पर उपलब्ध है।*

## अमित शाह ने किया डिजिट इंश्योरेंस को 'बेस्ट फिनटेक इंश्योरेंस अवॉर्ड' से सम्मानित



एजेंसी ▶▶ मुंबई

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस (डिजिट इंश्योरेंस), को प्रतिष्ठित एफई बेस्ट बैंक अवॉर्ड्र्स 2025 में बेस्ट फिनटेक इंश्योरेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह अवॉर्ड डिजिट इंश्योरेंस की एमडी एवं सीईओ जसलीन कोहली को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उपस्थित रहे। इस मौके पर जसलीन कोहली, एमडी एवं सीईओ, डिजिट इंश्योरेंस ने कहा कि यह सम्मान हमारे लगातार टेक-ड्रिवन नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने का प्रमाण है। डिजिट इंश्योरेंस में, हम लगातार वर्तमान ढांचे को चुनौती देते हैं और बीमा पारिस्थितिकी तंत्र को पारदर्शिता, गति और भरोसा प्रदान करने के लिए फिर से कल्पना करते हैं। यह अवार्ड हमें ग्राहकों और भागीदारों को सशक्त बनाने और उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करने वाले समाधान बनाने के लिए प्रेरित करता है।

## वित्त आयोग के अध्यक्ष बोले भारत में खुल रहे निवेश के नए अवसर

**नई दिल्ली।** भारत का बड़ा और अब तक अप्रयुक्त घरेलू बाजार देश में निवेश के लिए अपार संभावनाएं प्रस्तुत करता है। प्रति व्यक्ति आय में सालाना पांच से छह प्रतिशत की दर से हो रही वृद्धि से निजी निवेश, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, बाहरी निजी निवेश और आंतरिक संसाधन जुटाने के लिए अनुकूल अवसर बन रहे हैं। यह बात 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने कही। उन्होंने कहाकि हम एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर हैं, जहां कई सकारात्मक चक्र एक साथ काम कर रहे हैं, जो हमें आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनाएंगे उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से सरकार को राजकोषीय मोर्चे पर अधिक लचीलापन मिला है, आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, कारोबार करने में आसानी में सुधार हुआ है और आम जनता को राहत मिली है।

## बीएसएनएल ने शुरू की ई-सिम सर्विस अब बिना सिम कार्ड के होगा कॉल-इंटरनेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने भारतीय दूरसंचार बाजार में निजी कंपनियों को कड़ी टक्कर देने की तैयारी शुरू कर दी है। अब तक रिलायंस जियो और एयरटेल सहित वोडाफोन आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां ही ई-सिम (एम्बेडेड सिम) की सुविधा दे रही थीं, लेकिन अब बीएसएनएल ने भी अपने ग्राहकों के लिए ई-सिम सर्विस लांच कर दी है। इसका सीधा मतलब है कि अब बीएसएनएल यूजर्स भी फिजिकल सिम कार्ड लगाए बिना ही कॉल और इंटरनेट





चला पाएंगे। कंपनी का यह कदम 4जी सर्विस के बाद यूजर्स को बेहतर डिजिटल एक्सपीरियंस देने और प्राइवेट कंपनियों से मुकाबला करने की उसकी तैयारियों को साफ दर्शाता है। बीएसएनएल अब तेजी से अपनी सेवाओं को अपग्रेड करने और नई टेक्नोलॉजी लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### बीएसएनएल ने टाटा कम्युनिकेशंस से हाथ मिलाया

*बीएसएनएल ने अपनी इस नई ई-सिम सर्विस के लिए टाटा कम्युनिकेशंस के साथ साझेदारी की है। ई-सिम सब्सक्रिप्शन मैनेजमेंट के लिए टाटा कम्युनिकेशन के मूव प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म कंपनी को बड़े पैमाने पर लाखों यूजर्स को ई-सिम उपलब्ध कराने में मदद करेगा। बीएसएनएल का लक्ष्य है कि इस बड़े कदम के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी एक्सपीरियंस प्रदान किया जा सके।*

### ई-सिम सुविधा तीनों नेटवर्क पर काम करने में सक्षम

बीएसएनएल ई-सिम की सुविधा 2जी, 3जी और 4जी तीनों नेटवर्क पर काम करने में सक्षम है। जिन यूजर्स का फोन ई-सिम को सपोर्ट करता है, वे इस नई सर्विस का फायदा उठा सकते हैं। बीएसएनएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन ए. रॉबर्ट रवि ने बताया कि पूरे देश में ई-सिम सर्विस शुरू करने से दूरसंचार क्षमताओं को एक नए स्तर पर ले जाने में मदद मिलेगी। कंपनी की भविष्य की योजनाएँ भी काफी आक्रामक हैं। बीएसएनएल ने हाल ही में 98,000 टावरों की मदद से अपनी 4जी सर्विस शुरू की है। अब कंपनी का अगला बड़ा फोकस 5जी पर है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीएसएनएल 2025 के अंत तक 5जी सर्विस शुरू कर सकती है, और उम्मीद है कि साल के अंत तक दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

## सुमित्रा श्रीवास्तव ने संभाला आईओसी के निदेशक (मार्केटिंग) का कार्यभार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन ऑयल में निदेशक (मार्केटिंग) का कार्यभार सुमित्रा पी श्रीवास्तव ने ग्रहण किया है। उनके साथ इंडियन ऑयल में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव जुड़ा है।



श्रीवास्तव ने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि आईआईटी रुड़की से प्राप्त की है और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एग्जिक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर की शुरुआत उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में चार वर्ष की सेवाओं से की और उसके बाद सेल्स फंक्शन के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए व्यवसाय के प्रमुख क्षेत्रों को दिशा दी। वह डाउनस्ट्रीम ऑपरेशंस, मार्केटिंग और स्ट्रैटेजी में गहन अनुभव रखने वाले कुशल कार्यकारी हैं। उनका नेतृत्व सहयोगात्मक एवं परिणामोन्मुखी शैली के लिए जाना जाता है। व्यवसाय वृद्धि, लाभप्रदता में वृद्धि और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने में उनकी सफलता का निरंतर रिकॉर्ड रहा है।

### टेक्नोलॉजी और डिजिटलाइजेशन के कई पहलों को आगे बढ़ाया

*उन्होंने नॉन-फ्यूल कंवीनियंस स्टोर्स और रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट सहित कई प्रमुख परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। साथ ही उन्होंने टेक्नोलॉजी और डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने वाली कई पहलों को आगे बढ़ाया। उन्होंने रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन ग्रुप के प्रमुख और उत्तर एवं पूर्व भारत के रिटेल बिजनेस हेड के रूप में कार्य किया। साथ ही नई दिल्ली और मुंबई स्थित डिविजनल कार्यालयों का सफल नेतृत्व किया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के सेल्स प्रमुख के रूप में अपनी दक्षता प्रदर्शित की।*

### राष्ट्रीय मार्केटिंग नेटवर्क की रणनीतिक दिशा तय

नए पद पर श्रीवास्तव इंडियन ऑयल के व्यापक राष्ट्रीय मार्केटिंग नेटवर्क की रणनीतिक दिशा तय करेंगे। उनका दृष्टिकोण एक अधिक चुस्त, कुशल, तकनीकी रूप से सशक्त एवं विविधीकृत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर केंद्रित है, जो ग्राहक-केन्द्रितता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता हो और देश को सतत एवं भविष्य-उन्मुख ईंधनों की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

## बिजनेस न्यूज

### आईईएस स्कूल को एजूकेशन वर्ल्ड द्वारा देश में 194 रैंक



**भोपाल।** साल दर साल से आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रो का आकडेमिक्स, स्पोर्ट्स एवं कल्चरल एक्टिविटी में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया एवं इंटर नेशनल, नेशनल एवं स्टेट लेवेल पर ख्याति प्राप्त की। इनही आधार पर हाल ही में आईईएस पब्लिक स्कूल देश के कई प्रतिष्ठित स्कूलो के बीच एडुकेशन वर्ल्ड द्वारा देश में 194 रैंक हस्सिल की। आईईएस पब्लिक स्कूल को पूर्व में भी लीडिंग सीबीएसई स्कूल फॉर ओवरऑल डेव्लपमेंट ऑफ स्टूडेंट्स न्यू यॉर्क (यूएसए) में आयोजित स्टीवर्सशिप पुरस्कार में ग्लोबल ग्रीन स्कूल के अवार्ड से नवाजा गया। आईईएस पब्लिक स्कूल में छात्रो के 360 डिग्री परफॉरमेंस पर फोकस किया जाता है। स्कूल द्वारा छात्रो को अकड़ेमिक्स एवं स्पोर्ट्स के लिए स्पेशल ट्रेनिंग देता है वही छात्रो के सम्पूर्ण विकास के लिए नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवेल के एक्सपर्ट्स द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रोफ (श्रीमति) मनीषा कथ्थेकर, ग्रुप डाइरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल ने इस उपलब्धि पर समस्त स्टाफ को बधाई दी एवं बताया के आईईएस पब्लिक स्कूल, इस बात की गवाही देता है कि लगातार कड़ी मेहनत के साथ समर्पण सफलता के मार्ग की प्रशंसा करता है।

### बीएसएनएल के रजत जयंती पर अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां



**भोपाल।** बीएसएनएल के रजत जयंती के अवसर पर शुक्रवार को रविंद्र भवन में दूरसंचार महिला कल्याण संगठन के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ । इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीएसएनएल के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दीं गई। जिसमें गीत, नृत्य. नाटक और मिमिक्री जैसे अत्यंत मनमोहक और आकर्षक कार्यक्रम थे । इस अवसर पर मिथिलेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक बीएसएनएल मप्र ने कहा कि यह बीएसएनएल के लिए बहुत गर्व का दिन है, दूरसंचार विभाग की गौरवशाली और जनसेवा की भावनाओं की ऐतिहासिक परम्पराओं को निभाते हुए बीएसएनएल मे सफलताओं और उपलब्धियों से भरे 25 वर्ष पूर्ण किए हैं । अब बीएसएनएल पूर्ण रुप से स्वदेशी तकनीक पर आधारित 4जी सेवाएं आरंभ कर चुका है और शीघ्र ही देशभर में बीएसएनएल की 5जी सेवाओं का लोकार्पण भी होगा । उन्होंने कहाकि हमारे परिवार के सदस्यों नें जो कड़ी मेहनत की है इसके परिणाम स्वरूप ही बीएसएनएल लगातार लाभ की ओर अग्रसर है और पूर्ण विश्वास है कि बीएसएनएल देश के दूरदराज क्षेत्रों में बिना किसी लाभ की अपेक्षा के हर नागरिक को विश्वस्तरीय आधुनिक संचार सेवाएं देते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियाँ निभाते हुए लाभ के साथ अग्रसर रहेगा । कार्यक्रम के अंत में श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अध्यक्ष, दूरसंचार महिला संगठन द्वारा सफल कार्यक्रम के लिए सभी संबंधित कलाकारों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए । उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित हुए बीएसएनएल परिवार के सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया ।

### मानसरोवर यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. पांडेय होंगे अमृतसर में सम्मानित



**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो- चांसलर डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय को अमृतसर में 15 अक्टूबर को आयोजित किए जा रहे सम्मान समारोह में सरदार जसवंत सिंह राय अवार्ड से नवाजा जाएगा। देश भर के वनस्पतिविदों में से चयनित डॉ. पाण्डेय को यह पुरस्कार टैक्सोनॉमी और बायोडायवर्सिटी के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जा रहा है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर से प्राप्त सूचना के अनुसार, सरदार जसवंत सिंह मेमोरियल ट्रस्ट जालंधर द्वारा प्रत्येक वर्ष यह अवार्ड प्रदान किया जाता है। इस वर्ष यह सम्मान समारोह गुरूनानक देव यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ बॉटनिकल एंड एनवायरमेंटल साइंस विभाग में आयोजित किया जा रहा है। सम्मान समारोह के दौरान डॉ पाण्डेय उपस्थित विषय विषेशज्ञों के समक्ष टैक्सोनॉमी एंड बायोडायवर्सिटीः द नीड फॉर रीएलाइनिंग प्रायोरिटीज विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

### नीलबड़ में एसबीआई की नवीन शाखा का शुभारंभ



**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक ने नीलबड़ में ग्राहकों को और बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर शर्मा ने नवीन परिसर नीलबड़ शाखा का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रभाष कुमार सुबुद्धि, मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल वृत्त), कुंदन ज्योति, महाप्रबंधक-1, भोपाल, साईं कृष्ण श्रीधरा उप महाप्रबंधक, प्रशासनिक कार्यालय भोपाल एवं सुनील राजवैद्य -क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्र 2, भोपाल। शाखा उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के प्रतिष्ठित ग्राहक एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से संतोष कुमार राउत – रिटायर्ड डीजीपी, ओम प्रकाश शुक्ला- रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष बहुगुणा - कंट्रोलर, एनएलआईयू आदि मौजूद रहे हैं। इस दौरान चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि एसबीआई अपने विस्तृत नेटवर्क और अत्याधुनिक सेवाओं के माध्यम से देश के हर वर्ग तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। नीलबड़ क्षेत्र में नई शाखा की शुरुआत से अब स्थानीय निवासियों को आधुनिक और विश्वसनीय बैंकिंग सुविधाएं अपने निकट ही उपलब्ध होंगी।

### एलजी ने पेश की इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश की है। इसके प्रति ईक्विटी शेयर का मूल्य 1,080 रुपए से 1,140 रुपए होगा। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग डेट 6 अक्टूबर तय की गई है। इस बिड/ऑफर की सदस्यता 7 अक्टूबर शुरू होगी और 9 अक्टूबर को समाप्त होगी। निवेशक कम से कम 13 ईक्विटी शेयर के लिए, और उसके बाद 13 ईक्विटी शेयर के गुणांक में बोली लगा सकेंगे। एम्प्लॉई रिज़र्वेशन पोर्शन के अंतर्गत बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति ईक्विटी शेयर 108 रुपए का डिस्काउंट दिया जाएगा। संपूर्ण विवरण के लिए दिनांक 30 सितंबर को प्रकाशित प्राईस बैंड का एडवरटाईज़मेंट देखें, जो अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। इस ऑफर में प्रमोटर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक. द्वारा 10 रुपये प्रति शेयर की फेस वैल्यू के 101,815,859 ईक्विटी शेयर्स तक की बिक्री शामिल है।

### सिट्रोएन ने लांच नई एयरक्रॉस एक्स, शुरुआती कीमत 8.29 लाख



**नई दिल्ली।** सिट्रोएन इंडिया ने अपने एक्स-सीरीज़ पोर्टफोलियो में नई सिट्रोएन एयरक्रॉस एक्स पेश की है। नई सिट्रोएन एयरक्रॉस एक्स की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 8.29 लाख रुपए रखी गई है। इसमें कई इंजन और ट्रांसमिशन ऑप्शन के साथ लेकर आया गया है, जिसमें आईसीई और जीएनजी वर्जन शामिल हैं। नई एयरक्रॉस एक्स की बुकिंग सभी सिट्रोएन डीलरशिप और कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट पर शुरू हो चुकी है। यह ब्रांड की सिट्रोएन 2.0 - 'शिफ्ट इन टू द न्यू'' की रणनीति के अंतर्गत विकसित की गई है। नई एयरक्रॉस एक्स को आधुनिक भारतीय परिवारों के लिए बनाया गया है, जो स्टाईल के साथ कम्फर्ट और इनोवेशन भी चाहते हैं। स्टेलैंटिस इंडिया में बिज़नेस हेड एवं डायरेक्टर-ऑटोमोटिव ब्रांड्स, कुमार प्रियेश ने कहा कि नई एयरक्रॉस एक्स को भारतीय परिवारों की जरूरतों के अनुरूप डिजाईन किया गया है।

### क्यूपिड ने की 32वीं एजीएम में विकास की दिशा तय

**नाशिक।** क्यूपिड लिमिटेड की 32वीं वार्षिक आम बैठक में चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आदित्य कुमार हलवासिया ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कंपनी के मजबूत वित्तवर्ष 25 प्रदर्शन पर प्रकाश डाला और वित्तवर्ष 26 के लिए साहसिक रोडमैप प्रस्तुत किया। हलवासिया ने बताया कि वित्तवर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में क्यूपिड लिमिटेड के इतिहास का सबसे बेहतरीन तिमाही बनने की दिशा में है, जिसे नए प्रोडक्ट लॉन्च, एफएमसीजी वर्टिकल में तेज़ रफ्तार और मजबूत संस्थागत ऑर्डर्स की पाइपलाइन से बल मिल रहा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने बताया कि कंपनी की कुल आय 203.18 करोड़ रुपए रही, जबकि शुद्ध लाभ 40.89 करोड़ रुपए। क्यूपिड अब केवल एक गर्भनिरोधक निर्माता कंपनी नहीं रह गई है, बल्कि उपभोक्ता वेलनेस और हेल्थ-टेक सेक्टर में अग्रणी बनने की दिशा में तेज़ी से रूपांतरित हो रही है।

### सैमसंग ने त्योहारों के दौरान 4 घंटे की इंस्टॉलेशन एवं डेमो सर्विस शुरू की



**नई दिल्ली।** सैमसंग ने अपनी 4 घंटे की सुपरफास्ट इंस्टॉलेशन और डेमो सर्विस शुरू की है। इस सर्विस को ग्राहकों को बिना किसी परेशानी और चिंता के त्योहारों के दौरान खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पहल के साथ, उपभोक्ता अपने नए सैमसंग उत्पादों (रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव ओवन, टेलीविजन) को रिक्वेस्ट करने के 4 घंटे के भीतर (नगरपालिका सीमा के भीतर) लगवा सकते हैं। इसका मतलब है अब ग्राहकों को कोई इंतज़ार नहीं करना होगा और ना ही उन्हें अपने प्रोडक्ट्स लगवाने में कोई देरी होगी और वे बस आराम से बैठकर त्योहारों का पूरा मजा उठा सकते हैं।

### नेटफ्लिक्स ने किया 'कुरुक्षेत्र' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की भव्य एनिमेटेड सीरीज कुरुक्षेत्र का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस सीरीज में महाभारत की अमर कहानी 18 योद्धाओं की दृष्टि से दिखाई गई है, जो नैतिक द्वंद, निर्णयों की कशमकश और नियमित चक्र में फंसे हैं, जिसने इतिहास की दिशा बदल दी। यह महाकाव्य भगवान कृष्ण के इन शब्दों पर आधारित है कि, ''इस युद्ध में ना कोई मित्र है, ना कोई शत्रु। 10 अक्टूबर को पहला सीजन शुरू होने जा रहा है। इसका निर्माण टिपिंग पॉइंट ने आलोक जैन, अनु सिक्का और अजीत अंधारे के मार्गदर्शन में किया है।

### ग्रीन गोल्ड और ईबीजी ग्रुप के साथ की साझेदारी

**हैदराबाद।** ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने हैदराबाद में भारत का पहला छोटा भीम थीम वाला कैफे लांच करने के लिए ईबीजी ग्रुप के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग एक अनूठी पहल है जिसमें मनोरंजन, उत्तम भोजन और रिटेल व्यापार का एक संपूर्ण पारिवारिक अनुभव मिलता है। ग्रीन गोल्ड एनिमेशन का मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है, और यहीं वजह है कि यह कैफे यहाँ पर लांच किया जा रहा है।

### सस्ते रिचार्ज और आसान यूपीआई लेन-देन

## दिवाली का उत्सव जियो भारत के साथ सिर्फ 699 रुपए से उपलब्ध

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

रिलायंस जियो ने 2जी मुक्त भारत अभियान के तहत मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के ग्राहकों को 2जी से 4जी पर अपग्रेड करने का बड़ा कदम उठाया है। इस दिवाली, जियो भारत मोबाइल फोन बेहद किफायती दामों में उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत केवल 699 रुपए से शुरू होती है।

कंपनी का लक्ष्य दोनों राज्यों के एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचना है, जो अभी भी 2जी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। जियो केवल नवीनतम तकनीक पर काम करता है और डिजिटल इंडिया के रोडमैप को आगे बढ़ा रहा है।मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में जियो भारत वी4 मॉडल को तेजी से पसंद किया जा रहा है क्योंकि इसका मासिक रिचार्ज सबसे सस्ता है। ग्राहकों को 28 दिन की वैधता वाले प्लान के लिए केवल 123 रुपये चुकाने होंगे। इस प्लान में 14 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग शामिल है। दूसरी ओर अन्य टेलीकॉम कंपनियों के प्लान की





शुरुआत 199 रुपए से होती है, जिसमें सिर्फ 2 जीबी डेटा मिलता है। इस तरह जियो भारत का रिचार्ज लगभग 38 प्रतिशत सस्ता है। जियो भारत का वार्षिक प्लान भी उपलब्ध है, जिसके लिए ग्राहकों को केवल 1234 रुपए चुकाने होंगे। जियो भारत फोन न केवल सस्ते इंटरनेट की सुविधा देता है, बल्कि मनोरंजन और रोज़मर्रा की ज़रूरतों का भी पूरा ध्यान रखता है। उपभोक्ताओं को जियो हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन, जियो सावन पर आठ करोड़ से अधिक गानों का एक्सेस और जियो टीवी पर 600 से ज्यादा चैनल देखने की सुविधा मिलती है। इसके साथ ही जियो पे के ज़रिए ग्राहक यूपीआई पर लेन-देन कर सकते हैं। कारोबारियों और दुकानदारों को जियो की ओर से निशुल्क पे साउंड बॉक्स भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### निसान ने 10,500 यूनिट्स की कंसोलिडेटेड बिक्री दर्ज की



**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सितंबर 2025 में 10,500 यूनिट्स की कंसोलिडेटेड बिक्री दर्ज की है। सितंबर 2024 की तुलना में सालाना आधार पर यह 9.3 प्रतिशत की वृद्धि है। सितंबर 2025 में घरेलू होलसेल का आंकड़ा 1,652 यूनिट्स का और निर्यात का आंकड़ा 8,872 यूनिट्स का रहा, जिसमें से दक्षिण एशिया में अकेले 1,120 यूनिट्स की बिक्री हुई। यह इस क्षेत्र में किसी एक महीने में निसान की सर्वाधिक बिक्री है। भारत सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में संशोधन से बिक्री में उल्लेखनीय योगदान मिला है। निसान मोटर इंडिया ने जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को पहुंचाया है। कंपनी ने नई मैग्नाइट की कीमतों में 1 लाख रुपये तक की कटौती की है। जीएसटी दरों में कटौती और नवरात्रि के अवसर ने साथ मिलकर पूरी इंडस्ट्री में कारों की बिक्री को तेज करने का काम किया। निसान ने नई निसान मैग्नाइट के लिए अपनी तरह की पहली 10 साल की एक्सटेंडेड वारंटी भी शुरू की है। इससे भी सितंबर में बिक्री को ताकत मिली।


**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम — नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या: 2025/आईआरसीटीसी/सीओ/एसईआर/रेडहैट सॉफ्टवेयर — आईआरसीटीसी के एनजीईटी सिस्टम के लिए सॉफ्टवेयर लाइसेंस की खरीद हेतु। बोली—पूर्व बैठक (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग): 08.10.2025 को 12:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 17.10.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों हेतु www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

स.म.प्र. (सेवाएं) आईआरसीटीसी लिमिटेड, तीसरा तल, टॉवर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029



Summon under sub-section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of Rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules,1993

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR**
At 2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan Building, Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur482001 (M.P.)
**CASE NO. OA No. 565/2025**
**SUMMONS THROUGH PUBLICATION**

**Canara Bank**
**Versus**
**1.L.T. Traders, Proprietor Shri Lokesh Gupta, S/o Shri Narayan Gupta,**
H.No. 55/56-A, Mayur Vihar Colony, Ashoka Garden, Bhopal (M.P) 462023
**2. Smt. Rekha Gupta, W/o Shri Lokesh Gupta,**
R/o Airport Road, Near Reliance Office, Sunid Vihar, Gandhi Nagar, Huzur, Bhopal (M.P) 462023

Whereas, **O.A. No. 565/2025** was listed before Hon'ble Presiding Officer on **24/06/2025**
Whereas this Hon'ble Tribunal please to issue summons/notice on the said application under section 1.9(4) of the act, (O.A) filed against you for recovery of debts of Rs **30,52,464.02/-** with expenses and future interests (application along with copies of documents etc annexed)
In accordance with sub section (4) of section 19 of the act, you, the defendants are directed as under:-
(i) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the Original Application;
(iii) You are restrained from dealing with of disposing of secured assets or such others assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **27/11/2025 at 10:30 AM** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and seal of the tribunal on this the **8th day of Sep. 2025**
By Order of the Tribunal

Seal

REGISTRAR
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा**

Office Email ID- eeresharda@mp.gov.in, Office Phone No. 07577-222519
क्र. 1738 / व.ले.लि / ग्रा.यां.से./2025-26 हरदा, दिनांक-01/10/2025

:: संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 12/2025-26 ::

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाये आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

- ऑनलाईन दो कवर पद्धति -

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य का विवरण | निविदा की अनुमानित लागत (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 2025_RES_454921 | शासकीय प्राथमिक शाला बारानाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य । | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य । | 363756/- |
| | | योग | | 363756/- |

उक्त निविदाओं को वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक 06.10.2025 को समय 14.00 बजे तथा निविदा प्रपत्र ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 13.10.2025 समय 17:30 बजे तक निर्धारित है। निविदा में होने वाले विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संसोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जायेगा।

G-19560/25 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग हरदा

## चिंतन

# पुतिन ने ट्रंप के जख्मों पर नमक छिड़क दिया

अमेरिका लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों में जुटा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद ऐसे फैसले ले रहे हैं, जिससे भारत के हितों को सीधा नुकसान हो। पहले अमेरिका जाने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद एचबी-1 वीजा नियमों को दुश्वर कर सीधे-सीधे भारत को प्रभावित करने का ही प्रयास था। इसके अलावा दवाओं पर टैरिफ और फिल्मों पर टैक्स लगाने के पीछे भी भारत को नुकसान पहुंचाने का ही इरादा नजर आता है, लेकिन भारत ने ट्रंप प्रशासन के हर कदम पर संतुलित टिप्पणी की। अमेरिका लगातार दबाव बना रहा है कि जब तक भारत रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा तब तक भारत पर लगे टैरिफ वापस नहीं होंगे। अब ट्रंप के इन कदमों का जवाब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दिया है। उन्होंने साफ कर दिया कि भारत झुकने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो। उन्होंने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन केवल यही तक नहीं रुके, उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि रूस भारत और चीन जैसे देशों का आभारी है जिन्होंने ब्रिक्स की स्थापना की। ये ऐसे देश हैं जो किसी का पक्ष नहीं लेते और सच में ऐसी दुनिया बनाने की कोशिश करते हैं, जहां सबको न्याय मिले। पुतिन का यह कथन भारत का समर्थन करने वाला तो है, साथ ही अमेरिका और ट्रंप प्रशासन को खीजाने वाला भी है। डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर शांति का नोबेल पुरस्कार पाना चाहते हैं। ट्रंप के पिछले कई बयानों से साफ नजर आ रहा है कि वह नोबेल प्राइज पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। रूस और यूक्रेन की जंग भी पुतिन इसलिए शांत कराना चाहते हैं कि इसका क्रेडिट लेकर वह नोबेल पुरस्कार के लिए अपनी दावेदारी को और मजबूत कर सकें, लेकिन पुतिन ट्रंप की किसी भी शर्त को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। यूक्रेन से जंग पुतिन अपनी शर्तों पर खत्म करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की इसके लिए राजी नहीं है। उधर इजराइल-फिलीस्तीन जंग रुकवाने पर हमास भी उनकी शर्तें मानने को तैयार होता नजर नहीं आ रहा। यहां भी उन्हें जोर का झटका लगता नजर आ रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने तो उनका नाम नोबेल के लिए प्रस्तावित किया है, ये दोनों युद्ध उनके सपने को चूर-चूर करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में पुतिन के कड़वे कथन जले पर नमक छिड़कने जैसे हैं। इससे ट्रंप कुछ और कदम उठा सकते हैं, जैसे यूरोपीय देशों पर इस बात के लिए दबाव बना सकते हैं कि वे भी भारत पर टैरिफ लगाएं। इसके पीछे ट्रंप ये वजह बता सकते हैं कि रूस अब खुलकर भारत का समर्थन कर रहा है। पहले ही नाटो चीफ भारत के खिलाफ बयानबाजी कर चुके हैं। वैसे भी वो यूरोपियन देशों को पत्र लिखकर रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का आग्राह कर चुके हैं। अब भारत को भी वो साथ लपेट सकते हैं। हां, पुतिन ने एक बात बिलकुल सही कही कि अमेरिका भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। अमेरिका ने इसका जवाब ही नहीं दिया। अब जबकि पुतिन ने कहा है तो पूरी दुनिया में संदेश जाएगा कि अमेरिका हर काम केवल और केवल अपने स्वार्थ के लिए करता है। इसके अलावा कुछ नहीं।



आर्थिकी
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी 'शटडाउन'

> अमेरिका शटडाउन से गुजर रहा है, जिससे विश्वभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आमतौर पर शटडाउन राजनीतिक गतिरोध या बजट विवाद के कारण होता है और इसका प्रभाव न केवल देश की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है, बल्कि आम जनता और व्यापार पर भी देखने को मिलता है। शटडाउन की स्थिति अमेरिका में बार-बार आती है, क्योंकि वहां का संघीय बजट पूरी तरह से कांग्रेस के अनुमोदन पर निर्भर करता है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अमेरिका का शटडाउन केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है।

अमेरिका शटडाउन से गुजर रहा है, जिससे विश्वभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दरअसल, शटडाउन वह स्थिति है जब सरकार अपने खर्चों के लिए आवश्यक बजट पास नहीं कर पाती और उसके कई विभाग तथा सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी जाती हैं। इस दौरान केवल जरूरी सेवाएं जैसे सुरक्षा, आपातकालीन अस्पताल, और सेना चालू रहती हैं, जबकि गैर-जरूरी सरकारी कार्यालय और योजनाएं बंद हो जाती हैं। सरकारी कर्मचारी बिना वेतन के छुट्टी पर चले जाते हैं और जनता को भी कई सरकारी सुविधाओं और सेवाओं का लाभ नहीं मिलता। आमतौर पर शटडाउन राजनीतिक गतिरोध या बजट विवाद के कारण होता है और इसका प्रभाव न केवल देश की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है, बल्कि आम जनता और व्यापार पर भी देखने को मिलता है। दुनिया में ऐसा अमेरिका के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी हुआ है। ये अलग बात है कि शटडाउन की स्थिति अमेरिका में बार-बार आती है, क्योंकि वहां का संघीय बजट पूरी तरह से कांग्रेस के अनुमोदन पर निर्भर करता है। अन्य देशों में ऐसी स्थिति कम होती है या इसे वित्तीय गतिरोध का नाम दिया जाता है।

अमेरिका में शटडाउन का इतिहास काफी लंबा है। पहली बार 1980 में यह स्थिति बनी थी और उसके बाद से कई बार सरकारें बंद होने के कगार पर पहुंची या वास्तविक रूप से ठप हुई हैं। वर्ष 1995-96 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और रिपब्लिकन पार्टी के बीच टकराव इतना गहरा गया कि 21 दिनों तक सरकारी कामकाज प्रभावित रहा। यह उस समय तक का सबसे लंबा शटडाउन था, जिसने अमेरिकी जनता को झकझोर दिया। इसके बाद 2013 में बराक ओबामा के कार्यकाल में स्वास्थ्य बीमा योजना 'ओबामाकेयर' को लेकर विवाद हुआ और 16 दिनों तक सरकारी तालेबंदी चली। फिर 2018-19 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विपक्ष के बीच मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण के लिए फंडिंग को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि सरकार 35 दिनों तक बंद रही। यह अब तक का सबसे लंबा और सबसे महंगा शटडाउन साबित हुआ, जिससे न केवल अमेरिकी कर्मचारियों की जेब खाली हुई, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था भी हिल गई थी। शटडाउन केवल बजट का संकट नहीं है, बल्कि अमेरिकी राजनीति की खींचतान और समझौते की विफलता का प्रतीक है। 2018-19 के शटडाउन में आठ लाख से अधिक कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ा था। इस बार अमेरिका में संघीय सरकार का शटडाउन 1 अक्टूबर, 2025 को सुबह 12:01 बजे शुरू हुआ। यह शटडाउन कांग्रेस में बजट को लेकर रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स के बीच जारी गतिरोध के कारण हुआ। रिपब्लिकन ने स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी में कटौती और विदेशी सहायता में कमी की योजना बनाई थी, जबकि डेमोक्रेट्स ने इन प्रस्तावों का विरोध किया। इस राजनीतिक असहमति के कारण सरकार का बजट पास नहीं हो सका, जिससे शटडाउन की स्थिति उत्पन्न हुई। इसके परिणामस्वरूप लगभग 800,000 संघीय कर्मचारी अस्थायी रूप से छुट्टी पर भेजे गए, जबकि 700,000 से अधिक कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, यह शटडाउन अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्रति सप्ताह \$7 से \$15 बिलियन का



नुकसान पहुंचा सकता है, जिसमें जीडीपी में 0.1% की गिरावट और 43,000 अतिरिक्त बेरोजगार शामिल हैं। यदि यह शटडाउन लंबा चलता है, तो यह उपभोक्ता खर्च, निवेशक विश्वास और नीति निर्माण पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है। इस तरह के शटडाउन का असर केवल अमेरिकी समाज तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। सबसे पहले तो वहां के कर्मचारी और आम लोग प्रभावित होते हैं, जहां लाखों परिवारों का मासिक बजट डगमगा जाता है। कई छोटे व्यवसाय, जो सरकारी अनुबंधों पर निर्भर हैं, दिवालिया होने की स्थिति में पहुंच जाते हैं और नागरिक सुविधाएं ठप हो जाती हैं। शिक्षा और अनुसंधान जैसे क्षेत्र बुरी तरह बाधित होते हैं, नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के मिशन स्थगित हो जाते हैं तथा पासपोर्ट और वीज़ा सेवाएं रुकने से विदेश यात्रा पर असर पड़ता है। जैसे-जैसे शटडाउन लंबा चलता है, अमेरिका की जीडीपी पर नकारात्मक असर बढ़ने लगता है। अमेरिकी कांग्रेस की बजट ऑफिस के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के शटडाउन में ही देश को लगभग 11 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ था। विदेशी निवेशक असमंजस में रहते हैं और वॉल स्ट्रीट में गिरावट या उतार-चढ़ाव बढ़ जाता है। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर शटडाउन तीन सप्ताह से अधिक चलता है, तो यह तिमाही जीडीपी वृद्धि दर को आधा प्रतिशत तक घटा सकता है, लेकिन यह प्रभाव केवल अमेरिकी अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहता। अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आयात-निर्यात का प्रमुख केंद्र है। वहां का संकट वैश्विक बाजार को झकझोर देता है। जब अमेरिकी शेयर बाजार नीचे जाता है, तो उसकी गूंज यूरोप और एशिया तक सुनाई देती है। डॉलर की अस्थिरता अन्य मुद्राओं को भी प्रभावित करती है। तेल के दामों पर असर पड़ता है, क्योंकि अमेरिका सबसे बड़ा उपभोक्ता है। विकासशील देशों में आईटी, निर्यात और सेवा क्षेत्र अमेरिका पर निर्भर रहते हैं। भारत की आईटी कंपनियां, जो अमेरिकी अनुबंधों पर आधारित हैं, भुगतान और परियोजनाओं में देरी से प्रभावित होती हैं। इसके अलावा, वीज़ा और इमिग्रेशन सेवाओं के ठप होने से छात्रों और पेशेवरों को परेशानी झेलनी पड़ती है। विदेशी निवेश की रफ्तार भी धीमी हो जाती है। भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि यहां का बड़ा आईटी उद्योग अमेरिकी कंपनियों से जुड़ा हुआ है। जब अमेरिका में शटडाउन होता है, तो सरकारी अनुबंधों पर काम करने वाली भारतीय कंपनियों को भुगतान मिलने में देर होती है। यही कारण है कि भारत की अर्थव्यवस्था भी परोक्ष रूप से इस संकट से प्रभावित होती है। जब अमेरिका आंतरिक संकट में उलझता है, तो उसकी वैश्विक सक्रियता घट जाती है। शटडाउन से बचने के उपायों पर लगातार चर्चा होती रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिका को अपनी बजट प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए और अस्थायी फंडिंग के बेहतर इंतजाम करने चाहिए, ताकि गैर-जरूरी सेवाएं भी रुकें नहीं। इस पूरे परिदृश्य से यही संदेश मिलता है कि शटडाउन अमेरिकी लोकतंत्र का वह चेहरा है, जहां राजनीति और प्रशासन आमने-सामने आ जाते हैं और जनता के हित पीछे छूट जाते हैं। अस्थायी समझौते निकल भी जाएं, लेकिन समस्या की जड़ तब तक बनी रहती है, जब तक कि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत नहीं होगी। अमेरिका वैश्विक नेतृत्व करता है, इसलिए वहां का संकट दुनिया की अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों को प्रभावित करता है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अमेरिका का शटडाउन केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सतर्कता
डॉ. मोनिका शर्मा



# मैट्रिमोनियल साइट्स पर सजगता आवश्यक

हाल ही में बिलासपुर में एक उनतीस वर्षीय इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना वैवाहिक रिश्ते जोड़ने वाली साइट्स पर सतर्कता बरतने की चेतावनी देती है। आत्महत्या करने वाले युवा के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि उसे प्यार में धोखा मिला। झूठे दुष्कर्म के मामले ने उसके जीवन को बिखेर दिया। ध्यातव्य है कि मैट्रिमोनियल साइट शादी डॉट कॉम के जरिए दिल्ली की एक युवती से पहचान के बाद दोनों में करीबी रिश्ता बना था। नजदीकियां बढ़ने के बाद अचानक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर केस दर्ज करा दिया था। दुष्कर्म के मामले में युवक को जेल जाना पड़ा। जमानत पर छूटने के बाद से ही वह गहरे तनाव में था। परिचितों के अनुसार जमानत के बाद से ही मिलनसार और सहज व्यक्तित्व वाले इस युवा को मानसिक रूप से बेहद परेशान, उदास और अकेलेपन के घेरे में देखा।


ऐसे में सम्बन्धों के जुड़ने या टूटने के दौर में मानसिक उलझनों के घेरे से लेकर झूठे आरोपों के जाल तक, यह मामला सतर्क रहने की बात लिए है। वस्तुतः, मैट्रिमोनियल साइट्स पर धोखाधड़ी, शोषण और झूठी पहचान के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी ठगी का शिकार बनती हैं। बीते दिनों पुणे में पच्चीस वर्षीय महिला डॉक्टर ने भी शादी का झूठा वादा करने वाले व्यक्ति के झांसे में आकर आत्महत्या की थी। ज्ञात हो कि पहले से शादीशुदा आरोपी ने जीवनसाथी डॉट कॉम पर खुद को अविवाहित बताकर अपनी प्रोफाइल बनाई और महिला के साथ संबंध बनाए। साथ ही झूठे झांसे में लेकर उससे 10 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। मैट्रिमोनियल साइट्स पर युवतियों के साथ झूठी पहचान बताकर शोषण और पुरुषों के साथ ठगी एवं झूठे मामले दर्ज करवाने के वाकये इन साइट्स पर होने वाली जालसाजी को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। कई लोग तो छल-कपट कर शादी तक कर लेते हैं। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि मैट्रिमोनियल साइट पर जानबूझकर वैवाहिक स्थिति को गलत तरीके से पेश करना शादी को रद्द करने का एक वैध आधार है। इस मामले में एक महिला की याचिका में कहा गया था कि पति ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर 'कभी विवाहित नहीं' बताकर न केवल अपने पहले विवाह की बात छिपाई बल्कि अपनी कमाई भी बढ़ा-चढ़ाकर बताकर धोखाधड़ी की। विवाह को रद्द करते हुए न्यायालय ने कहा कि किसी की मैरिटल हिस्ट्री को जानबूझकर गलत तरीके से प्रस्तुत करना कोई मामूली चूक नहीं है, बल्कि विवाह की जड़ तक पहुंचने वाले तथ्यों को स्पष्ट रूप से छिपाना है।' बीते कुछ वर्षों में बिखरती सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग मैट्रिमोनियल साइट्स के माध्यम से जीवनसाथी की तलाश करने लगे हैं। परिचित सगे-संबंधियों से अलग ऑनलाइन वेबसाइट या ऐप रूपी वैवाहिक साइट्स पर अनजाने चेहरों के लिए सच छिपाना आसान होता है। इसी के चलते वर्चुअल संसार में झूठी घोषणाएं कर ख़ूब जालसाजी की जाती हैं। इतना ही नहीं, बहुत से मैट्रिमोनियल साइट्स डेटिंग एप्स भर बनकर रह गए हैं।

कई युवक-युवतियां इरादतन दूसरों को गुमराह करने के लिए ही अपनी प्रोफाइल बनाते हैं। विवाह जैसे संवेदनशील मामले में भावनात्मक मोर्चे पर भी लोगों के साथ खूब फरेब किया जाता है। कुछ समय पहले पुणे की एक उच्च शिक्षित युवती से शादी के नाम पर 3.16 करोड़ रुपये की ठगी की गई। मैट्रिमोनियल साइट पर पहचान होने के बाद आरोपी ने खुद को विदेश की नामी कंपनी का सीईओ बताया और व्हाट्सएप कॉल्स के माध्यम से नजदीकियां बढ़ाईं। युवती द्वारा शादी का फैसला किए जाने के बाद भरोसे का फायदा उठाकर बीमारी और कर्ज चुकाने के नाम पर रुपए ऐंठने की यह जालसाजी की। असल में वैवाहिक संबंध जोड़ने वाले हर प्लेटफॉर्म पर जीवनसाथी ढूंढते हुए सजग रहना बेहद आवश्यक है।

इन वर्चुअल मंचों पर मौजूद हर प्रोफाइल विश्वसनीय नहीं होती। आरोप-प्रत्यारोप के खेल से बचने के युवक-युवतियां अपने परिजनों को भी मैट्रिमोनियल साइट्स पर किसी के साथ हो रही बातचीत की जानकरी दें। इतना ही नहीं, बात आगे बढ़ने पर व्यक्तिगत रूप मिलने के दौरान भी अपनों का साथ आवश्यक है। वैवाहिक संबंधों के मामले में स्वजनों का साथ न केवल सुरक्षा, संबल और सही सलाह के लिए बल्कि किसी तरह की जालसाजी से बचने के लिए भी जरूरी है।

(लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती।

# मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## सटाका





## आज की पाती

### महात्मा गांधी जी के आदर्श

राजनेताओं और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से गांधी जयंती मनाई और दूसरों को नसीहत देते हुए कहा कि हमें गांधी की शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में अपनाना चाहिए। लेकिन इनमें से ही कई राजनेता और अन्य लोग गांधी जी की राह पर नहीं चलते होंगे। महात्मा गांधी सभी पंथों का सम्मान करते थे, तभी तो कहते थे कि 'ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान।' उन्होंने हर धर्म, जाति को आपस में जोडने का काम किया था। लेकिन फिर भी महात्मा गांधी ने राष्ट्रवाद पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रवादी होना गर्व की बात है। उनके अनुसार राष्ट्रवादी हमेशा जात, धर्म और नस्ली भेदभाव से ऊपर की सोच रखता है। हमारे देश में बुराइयों की मुख्य वजह हमारा स्वार्थ भी है। - **प्रकाश पटेल**, धमतरी

## करंट अफेयर

# लंदन में गांधीजी की विरूपित प्रतिमा फिर से हुई पूर्व जैसी



लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के चबूतरे को कुछ दिन पहले नुकसान पहुंचाये जाने के बाद, गुरुवार को गांधी जयंती पर वार्षिक समारोह के आयोजन से ठीक पहले फिर से पूर्व जैसा कर दिया गया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि प्रतिमा को विरूपित करने के बाद स्थानीय समुदाय का एकजुट होना, अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के समय एक प्रेरणादायक संदेश का प्रतीक है। इस घटना की सूचना रविवार शाम मेट्रोपोलिटन पुलिस को दी गई थी। दोरईस्वामी के साथ, 50 वर्ष पहले इस प्रतिमा की स्थापना में सहयोग करने वाले 'इंडिया लीग' के सदस्य तथा स्थानीय कैमडेन काउंसिल के मेयर भी थे जो इस स्मारक की देखभाल करते हैं। दोरईस्वामी ने कहा, 'यह कार्यक्रम आज होना खास तौर पर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस है, जो गांधी जयंती भी है। साथ ही, कुछ दिन पहले प्रतिमा और उसके चबूतरे के साथ जो कुछ किया गया, वह भी इसका कारण है। यह विशेष रूप से दुखद है, क्योंकि यह प्रतिमा इस स्थान पर 50 वर्षों से अधिक समय से है और यह भारत-ब्रिटेन मैत्री का हिस्सा रही है।'

## ऑफ बीट

# हमें युवाओं को एआई युग में देखना-सिखाना होगा



बच्चे शब्दों को दृश्यों के साथ जोड़ना, अमूर्त अवधारणाओं को व्यक्त करना, और यह पहचानना सीखते हैं कि विभिन्न स्थितियों में चित्र, प्रतीक और डिज़ाइन कैसे अर्थ रखते हैं। लेकिन जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एक ऐसा सॉफ्टवेयर है जो उपयोगकर्ता के संकेतों के आधार पर सामग्री बनाता है। जेनरेटिव एआई अब इन मूलभूत कौशलों को नया रूप दे रहा है। एआई लोगों के टेक्स्ट और चित्र दोनों को बनाने, संपादित करने और प्रस्तुत करने के तरीके को बदल रहा है। दूसरे शब्दों में, यह हमारे देखने के तरीके को बदलता है – और यह भी कि हम कैसे तय करते हैं कि क्या वास्तविक है। उदाहरण के लिए, तस्वीरों को पहले वास्तविकता का "दर्पण" माना जाता था। अब अधिक से अधिक लोग इन्हें एक "निर्मित" यथार्थ के रूप में देख रहे हैं। इसी तरह, जनरेटिव एआई ने छवियों की प्रामाणिकता को लेकर लंबे समय से चली आ रही धारणाओं को चुनौती दी है। ऐसी एआई निर्मित तस्वीरें फोटोरियलिस्टिक लग सकती हैं, लेकिन वे घटनाएँ या वस्तुएँ वास्तव में अस्तित्व में नहीं होतीं। जर्नल ऑफ विज़ुअल लिटरेसी में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने एआई आधारित छवि निर्माण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में आवश्यक प्रमुख साक्षरताओं की पहचान की है — एआई टूल के चयन से लेकर सामग्री निर्माण और परिष्करण तक।


## ट्रेंड

### स्वदेशी तकनीक



तेजस लड़ाकू विमान हो, आकाश मिसाइल हो, अर्जुन टैंक हो या प्रचंड हेलीकॉप्टर- हमारी सेनाओं की ताकत स्वदेशी तकनीक से निरंतर बढ़ रही है। भारत अब रक्षा निर्यात में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज भारत विश्व का उभरता हुआ हथियार सप्लायर बन रहा है।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### मेरी संवेदनाएं



भोपाल, मध्यप्रदेश में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटनाओं में कई लोगों की मृत्यु, जिनमें अधिकतर बच्चे हैं, अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### दिल्ली को कूड़े से आज़ादी



'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान ने हमें यह सिखाया है कि स्वच्छता सिर्फ कचरा हटाने का काम नहीं, बल्कि हमारी सोच, हमारी संस्कृति और जिम्मेदारी का हिस्सा है। दिल्ली की यह जागृति ही आगे विकसित भारत का मार्ग बनेगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### भाजपा सरकार नाकाम



आगरा में मूर्ति विसर्जन जैसे पावन अवसर पर एक बार फिर से सरकारी व्यवस्था की कमी की वजह से कई लोगों को अपनी जान गँवानी पड़ी है। बड़े आयोजनों से इंतज़ाम करने में भाजपा सरकार हमेशा नाकाम क्यों रहती है।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# प्रकृति के अविरल प्रवाह के साथ मानव और वन्य जीवों के सहयोग व संगठन पर आधारित चित्र

## जनजातीय संग्रहालय में शलाका चित्र प्रदर्शनी में गौंड कलाकार दिनेश श्याम के चित्रों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में प्रति माह आयोजित होने वाली शलाका चित्र प्रदर्शनी में शुक्रवार से गौंड कलाकार दिनेश श्याम के चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। दिनेश श्याम पारम्परिक गोंड चित्रकला की वर्तमान पीढ़ी के उदीयमान चित्रकार हैं। जो पूरोगां गांव, जिला डिंडौरी के रहने वाले हैं। दिनेश के चित्रों में पशु-पक्षी का कलरव, प्रकृति का आनंद, उल्लास के साथ ही जनजातीय समाज की प्रकृति से घनिष्ठता को बड़े ही उम्दा ढंग से चित्रित किया है। दिनेश के चित्रों में प्रकृति का अविरल प्रवाह को मानव और वन्य जीवों के सहगामी प्रभाव के रूप में उकेरा गया है।



### आनंद सिंह श्याम से ली चित्रकारी की शिक्षा

दिनेश के पिता किसानी करते हैं। जंगल-पहाड़ों के बीच पले-बढ़े दिनेश ने नजदीकी कस्बे से 10वीं तक की औपचारिक शिक्षा हासिल की। पढ़ाई के साथ-साथ खड़िया मिट्टी से घर की दीवारों पर भी चित्रकला करते करते दिनेश को चित्रकार बनने का ख्याल आया और यहीं से चित्रकार बनने की उनकी यात्रा शुरू हुई। 2003 में गौंड चित्रकार आनंद सिंह श्याम से चित्रकारी की शिक्षा ली, जिससे आपके चित्रकर्म में गोण्ड चित्रकला की बारीकियों दिखने लगी।






### देश के विभिन्न शहरों की चित्रकला प्रदर्शनी में लिया भाग

दिनेश ने दिल्ली, चेन्नई, मुम्बई, हैदराबाद, भुवनेश्वर सहित देश-प्रदेश के कुछ प्रसिद्ध कला-संस्थानों पर एकल एवं संयुक्त चित्रकला प्रदर्शनियों में भाग लिया है। दिनेश अपनी सफलता का श्रेय अपने चाचा एवं कलागुरु आनंद सिंह श्याम को देते हैं, जिनकी सतत प्रेरणा ने ही आपकी चित्रकला को सुघड़ बनाया। आपके चित्रों में पशु-पक्षी और जंगल-पहाड़ों का जीवन प्रमुखता से देखने को मिलता है।

---

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'बहुला चौथ त्यौहार' का मंचन



# प्रकृति के प्रतीक 'बाघ' से जोड़ती 'बहुला' गाय की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत कोपल सांस्कृतिक एवं सेवा समिति द्वारा रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में बघेली नाटक 'बहुला चौथ त्यौहार' का मंचन शुक्रवार शाम किया गया। बघेली बोली और बघेली संस्कृति पर आधारित इस नाटक में संगीत परिकल्पना माधव सिंह, प्रियंवदा सिन्हा की रही, लेखन योगेश त्रिपाठी का और नाटक में निर्देशन सतीश व्याम ने किया। नाटक में प्रकृति के प्रतीक 'बाघ' से जोड़ती 'बहुला' गाय की कहानी को बेहद की उम्दा ढंग से दर्शाया गया।



### कथासार

भारत के अधिकांश क्षेत्रों में मनाए जाने वाले बहुला चौथ त्यौहार की नाटकीय कथा बहुत ही रोचक और समसामयिक है। कथा में जंगल का राजा बाघ, गाय 'बहुला' का शिकार करना चाहता है, लेकिन बहुला कहती है कि वह एक आखिरी बार अपने बछड़े को दूध पिलाना चाहती है। उसके बाद वह स्वयं बाघ का भोजन बनने के लिए उपस्थित हो जायेगी। नाटकीय घटनाक्रम में बाघ गाय को अपनी बहन बना लेता है और गाय उसको भाई मानते हुए बाघ के दीर्घायु होने के लिए व्रत रखती है। मनुष्य बाघ को अपना दुश्मन मानता है और गाय को अपनी मां। मनुष्य और बाघ के बीच गाय एक सेतु का काम करती है। दूसरे शब्दों में कहें तो गाय हमें प्रकृति के प्रतीक बाघ से जोड़ती है। यह नाटक इसी लोककथा का विस्तार है।

---





# हथेली पर उकेरी शेर, चीता, तेंदुआ, और गिद्धों की प्रजाति...

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय 'वन्यजीव सप्ताह 2025' में तितली अवलोकन, मेंहदी एवं पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पॉम पर बने हुए वन्य जीव, शेर, चीते, तेंदुए और उनके साथ लिखे वन्य जीवों को सुरक्षित रखने के स्लोगन... वहीं मेहंदी रचे हाथों पर भी सेव वाइल्ड लाइफ के साथ तितली अवलोकन शिविर का आयोजन शुक्रवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2025 में देखने को मिला, जिसमें सुबह के सत्र में तितली अवलोकन शिविर का आयोजन किया गया तो वहीं दोपहर के सत्र में पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

### रेड पिरोट, कॉमन क्रो स्ट्राइपड टाईगर का किया अवलोकन

तितली अवलोकन शिविर में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स सहित कुल 70 प्रतिभागियों ने तितलियों की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन किया, जिनमें प्रमुख है रेड पिरोट, कॉमन क्रो, स्ट्राइपड टाईगर, प्लेन टाईगर, कॉमन सरूलीन, ब्लू टाईगर, कॉमन ग्रास एलो, लेमन पैन्सी आदि को देखकर प्रतिभागियों द्वारा उनके बारे में विषय विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त कर अपना ज्ञानबर्धन किया। स्त्रोत व्यक्ति के रूप में से.नि. उप वन संरक्षक डॉ. सुदेश वाघमारे,, डॉ. संगीता राजगीर एवं मो. खालिक तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।





### स्तनपायी जीव जंतुओं से सम्बंधित क्लू के आधार पर की खजाने की खोज

वहीं, दूसरी प्रस्तुति खजाने की खोज की रही, जिसमें टीमें बनाकर प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार की तितलियों, पक्षियों, गिद्धों, स्तनपायी जीव जंतुओं से सम्बंधित सुराग (क्लू) के आधार पर प्रश्नोत्तरी टेस्ट दिया। प्रतिभागियों के लिये नीडम एवं बटरफ्लाई पार्क में विभिन्न क्लू को छुपाया गया, जिन्हे उनके द्वारा सफलतापूर्वक हासिल कर लिया गया।

### मेहंदी एवं पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता में बनाई विभिन्न वन्यप्राणियों की पेंटिंग

वहीं अंतिम प्रतियोगिता वन्यजीव विषय पर मेंहदी एवं पॉम पेंटिंग की रही। जिसमें जहां मेंहदी प्रतियोगिता में 32 एवं पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता में 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मेहंदी एवं पॉम पेंटिंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों विभिन्न वन्यप्राणियों की पेंटिंग बनाई और उन्हें वन्यजीव संरक्षण से जोड़ा गया।

---

# आस्तीन से झांकता हो फन तो कोई क्या करें दोस्त ही बन जाए दुश्मन तो कोई क्या करे...

## दुष्यंत कुमार संग्रहालय में कवि डॉ.कुमार आशीष के सम्मान में विशिष्ट काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आस्तीन से झांकता हो कोई फन तो क्या करें, दोस्त ही बन जाए दुश्मन तो कोई क्या करें...। जैसे ही यह पंक्तियां दिल्ली से आए वरिष्ठ कवि साहित्यकार रेल अधिकारी डॉ. कुमार आशीष ने पढ़ी तो दुष्यंत कुमार संग्रहालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अवसर था कवि डॉ.कुमार आशीष के सम्मान में आयोजित विशेष गोष्ठी का। गोष्ठी में करुणा राजुरकर ने मिलकर हम लोग जतन कुछ ऐसा करें, जोड़ दे जो दिलों को मिटा दे फासले... बोलों से सजे एक सुमधुर गीत का प्रस्तुत किया।



### सदा सत्य के साथ जो उसका नाम कबीर....

इसके बाद कवि कुमार सुरेश ने नई कविता के माध्यम से कृष्ण चरित्र का सुंदर चित्रण करते हुए कहा उसने देखा प्यार से जिसकी तरफ वो उसका हो गया, उसने राधा से गोपियों ग्वालों से पांडवों, सुदामा से कुब्जा से प्रेम किया....., वरिष्ठ गजलकार दिनेश मालवीय अश्क की पंक्तियां थी सबने कहा आपने प्यारी गजल पढ़ी, एक शख्स ने कहा आपने हमारी गजल पढ़ी...., इस क्रम को आगे बढ़ाया गोष्ठी का संचालन कर रहे घनश्याम मैथिल अमृत ने उन्होंने दोहे पढ़ते हुए कहा काशी में प्रकट भया, मगहर तजा शरीर, सदा सत्य के साथ जो उसका नाम कबीर....। युवा कवि नीतिराज चौरे ने घर के हर कोने में बिखरा बेटियो का प्यार हैं, घर की खुशियां सजी है इनसे, हरा भरा संसार है.... सुनाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया।

---

# मूल शब्दों से गूढ़ व्याख्यानों तक का सफर करवाएगा 'शब्द उत्सव 2025'

**भोपाल।** मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रतिष्ठित साहित्यिक व सांस्कृतिक, 'शब्द उत्सव 2025' कार्यक्रम का आयोजन 4 और 5 अक्टूबर को सुबह 10.30 से मायाराम सुरजन भवन में होगा। उत्सव में विभिन्न सत्रों में मीडिया की भाषा, दूरदर्शन और आकाशवाणी का हिन्दी साहित्य संसार, भारत और उसकी ज्ञान परंपरा, श्रीलाल शुक्ल एवं उनका कृतित्व जैसे बहुआयामी विषयों पर 40 से अधिक समृद्ध वक्ता चर्चा करेंगे। अलंकरण सत्र में वागीश्वरी पुरस्कार 2024, वागीश्वरी पुरस्कार 2025, सप्तपर्णी सम्मान, मंडीदीप सृजन सम्मान व पुनर्नवा पुरस्कार से विभिन्न साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता ख्यात कवि नरेश सक्सेना करेंगे।

- आयोजन 4 और 5 अक्टूबर को मायाराम सुरजन भवन में होगा

### देशभर से आएंगे साहित्यकार, कवि...

इस दो दिवसीय उत्सव में देश व प्रदेशभर के सुप्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि, इतिहासकार, पत्रकार, विचारक व अन्य सांस्कृतिक रसिक भाग लेंगे। प्रथम दिवस, छत्तीसगढ़ प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का उद्घाटन होगा। दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक राजशेखर व्यास के मुख्य आतिथ्य तथा मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष महेश कटारे के कुशल सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

---

**विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में श्रीलंका के सैकड़ों विद्यार्थियों ने की रचनात्मक भागीदारी**

# फिर मिलेंगे... वादे के संग विश्व रंग श्रीलंका का हुआ भव्य समापन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व रंग 2025 श्रीलंका के समापन समारोह को संबोधित करते हुए संतोष चौबे, निदेशक, विश्व रंग एवं कुलाधिपति रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि ने कहा कि विश्व रंग के वैश्विक संस्करण विश्व रंग श्रीलंका-2025 में दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में साझा संस्कृति, साझा चेतना, हिंदी और भारतीय भाषाओं में साहित्यिक आदान-प्रदान, शोध और रोजगार की संभावनाओं पर हुए गहन विचार विमर्श ने नई संभावानाओं का फलक बुना है। वैश्विक स्तर पर हिंदी शिक्षण के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का निर्माण टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र द्वारा किया गया है। यह सभी के लिए ऑनलाइन माध्यम पर शिक्षण के लिए उपलब्ध हैं। विश्व रंग श्रीलंका में आयोजित विभिन्न वैचारिक सत्रों में आए विचारों का विश्व रंग में शीघ्र ही दस्तावेजीकरण कर शोध और अध्ययन का वृहद कार्य प्रारंभ किया जाएगा।



### वैश्विक स्तर पर हिंदी शिक्षण के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का निर्माण टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र द्वारा किया गया







### अंतरराष्ट्रीय कविता पाठ

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कविता पाठ का आयोजन संतोष चौबे की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें बलराम गुमास्ता, वरिष्ठ कवि ने सत्य कभी हारता नहीं और सूचना कविता का मार्मिक पाठ किया। वहीं नीलेश रघुवंशी, वरिष्ठ कवि उपन्यासकार ने महिला अधिकारों पर केन्द्रित कविता बेखटके का बेहतरीन पाठ कर सभी को उद्वेलित कर दिया। प्रो. उपुल रंजीत हेवावितानगमने, श्रीलंका ने यात्रा पर केंद्रित रचना प्रस्तुत की। प्रो. संगीत रत्नायक प्रेम कविता की संगीतमय प्रस्तुति दी। डॉ. वजीरा गुणसेन, श्रीलंका ने अपनी कविता में सामाजिक सरोकारों को प्रस्तुत किया।

---

**राष्ट्रीय सिंधी नाटक समारोह आज से भारत भवन में**

# पहले दिन मनवानी के नाटक 'समधी का टिफिन' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत भवन में दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी नाटक समारोह का शुभारंभ शनिवार से हो रहा है। पहले दिन अशोक मनवानी (भोपाल) के लिखे और जयपुर की नंदिनी पंजवानी द्वारा निर्देशित हास्य व्यंग्य प्रधान नाटक 'समधी का टिफिन' का मंचन होगा।



नाटक के कथानक के बारे में अशोक मनवानी ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर किसी रिश्तेदार से टिफिन की अपेक्षा करना एक ऐसी सामाजिक कुरीति है, जो हमें दिखाई नहीं देती। अब तो फूड प्लाजा पैंट्री कार सब तरह की सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं। ऑनलाइन भी ऑर्डर कर खाना मंगवाया जा सकता है। हां यदि, कोई बुजुर्ग यात्री है या बीमार है तो बात समझ में आती है घर का खाना बुलवाने की। लेकिन सिर्फ लड़की वालों को परेशान करने के लिए 20-30 किलोमीटर दूर रहने वाले रिश्तेदार से उम्मीद करना गलत है। व्यस्तता भरे जीवन में और ट्रैफिक की दिक्कतों के बीच समय निकालना परिवारों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे समाधियों से भगवान बचाए। समधी से अपने लिए टिफिन बुलवाकर बार-बार परेशान करने वाले सेठ जी कैसे मुश्किल में फंसे,यह सब नाटक समधी का टिफिन में बताया गया है।

# युवाओं को डिजिटल लर्निंग सिस्टम, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स, प्रोडक्शन यूनिट्स की सुविधा मिलेगी

## विज्ञान भवन में युवाओं के लिए 62,000 करोड़ की योजनाओं का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में युवाओं के लिए 62,000 करोड़ से अधिक की योजनाओं की शुरुआत करेंगे। इस दौरान कौशल दीक्षांत समारोह का चौथा संस्करण भी आयोजन होगा, जहां 46 आईटीआई टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री इस मौके पर पीएम-सेतु (प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआईज) योजना लॉन्च करेंगे। इस योजना में देशभर की 1,000 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा। इनमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल होंगी। प्रत्येक हब 4 स्पोक से जुड़ा होगा। इन क्लस्टर्स में डिजिटल लर्निंग सिस्टम, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स, प्रोडक्शन यूनिट्स और प्लेसमेंट सर्विसेज होंगी।

**प्रधानमंत्री का बिहार पर विशेष जोर**



**1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी लोकार्पण करेंगे**

प्रधानमंत्री 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालय और 200 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में स्थापित 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इनमें आईटी, ऑटोमोबाइल, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे 12 प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण मिलेगा। 1,200 व्यावसायिक शिक्षक भी प्रशिक्षित किए जाएंगे।

### यह आईटीआई मॉडल सरकारी स्वामित्व में होगा

खास बात यह है कि यह आईटीआई मॉडल सरकारी स्वामित्व में होगा लेकिन इसका प्रबंधन उद्योग साझेदारों द्वारा किया जाएगा। इस योजना को विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक का सहयोग मिलेगा। पहले चरण में पटना और दरभंगा के आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### 1,000 रुपए और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण मिलेगा साथ ही 4 लाख रुपए ब्याजमुक्त ऋण भी

बिहार पर खास जोर देते हुए प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री निश्चय स्वसहायता भत्ता योजना का नया संस्करण लॉन्च करेंगे। इसके तहत हर साल लगभग 5 लाख स्नातक युवाओं को दो साल तक हर महीने 1,000 रुपए और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। बिहार छात्र क्रेडिट कार्ड योजना का नया संस्करण भी शुरू किया जाएगा, जिसमें छात्रों को 4 लाख रुपए तक का पूरी तरह ब्याजमुक्त शिक्षा ऋण मिलेगा। अब तक 3.92 लाख छात्रों को 7,880 करोड़ से अधिक के ऋण दिए जा चुके हैं। बिहार युवा आयोग का भी उद्घाटन करेंगे, जो युवाओं के लिए वैधानिक आयोग होगा।

### कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का लोकार्पण करेंगे

पीएम जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विवि का उद्घाटन करेंगे। यह व उद्योग-उन्मुख कोर्स और व्यावसायिक शिक्षा देगा। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत बिहार की पटना यूनिवर्सिटी, भूपेंद्र नारायण मंडल यूनिवर्सिटी (मधेपुरा), जय प्रकाश यूनिवर्सिटी (छपरा) और नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी (पटना) में 160 करोड़ रुपये की लागत से नए शैक्षणिक और शोध भवन बनाए जाएंगे।

### 450 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति भी वितरित करेंगे

प्रधानमंत्री एनआईटी पटना के बिहटा परिसर को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस परिसर में 6,500 छात्रों के लिए जगह है और इसमें 5जी यूज केस लैब, इसरो के सहयोग से बना रीजनल एकेडमिक सेंटर फॉर स्पेस और इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर है, जिसने अब तक 9 स्टार्टअप्स को समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री बिहार सरकार में नए नियुक्त 4,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे और मुख्यमंत्री बालक/बालिका छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 9 और 10 के 25 लाख छात्रों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए 450 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति भी वितरित करेंगे। इन योजनाओं से युवाओं को शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के बड़े अवसर मिलेंगे। बिहार को कुशल मानव संसाधन का केंद्र बनाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा और इससे राज्य व देश दोनों के विकास को नई गति मिलेगी।

---


## खबर संक्षेप

### तिरुपति में आतंकवादी हमले की धमकी



**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में शुक्रवार को आतंकी हमले की धमकी के बाद हड़कंप मच गया है। पूरे जिले में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और कई जगहों पर जांच की गई है। कोई संदिग्ध चीज बरामद नहीं की गई है। अज्ञात लोगों ने धमकी भरे ईमेल भेजकर दावा किया है कि आतंकी साजिश कर रहे हैं।

### जगदीश बने गुजरात भाजपा के नए अध्यक्ष



**अहमदाबाद।** गुजरात भाजपा ने संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए जगदीश विश्वकर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। सियासी विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा के इस फैसले से कांग्रेस के संगठन पर भी असर पड़ सकता है। उनके विरोध में कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं हुआ। इस कारण उनको निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया बाबा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च में 17 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपीस्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। उसे यूपी के होटल फर्स्ट ताजगं से गिरफ्तार किया गया था।वह 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### 3 बच्चों का गला घोंटा पिता ने की खुदकुशी



**फरीदाबाद।** धौज थाना इलाके के नेकपुर गांव में 3 बच्चों का कर्मवीर ने गला घोंट दिया। उन्हें मरा समझकर खुद भी फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह 5 बजे परिवार के अन्य लोगों ने देखा तो 8 साल के निशांत व 6 साल की सृष्टि की सांसें चल रही थीं। एक बेटे और बेटी की मौत हो गई।

---

### करूर हादसे पर एक्टर विजय को हाईकोर्ट ने फटकारा

# घटनास्थल से भागे क्यों? यह आपकी मानसिकता को दर्शा रहा, हाइवे के पास नहीं होगी रैली



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

अदालत ने कहा कि पार्टी प्रमुख विजय घटनास्थल से भाग गए और पार्टी ने खेद भी नहीं जताया। यह विजय की मानसिक स्थिति को दर्शाता है।

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने करूर भगदड़ के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) नेताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख विजय घटनास्थल से भाग गए और पार्टी ने खेद भी नहीं जताया। यह विजय की मानसिक स्थिति को दर्शाता है। न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार ने टिप्पणी की कि भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई और इसका गलत तरीके से प्रबंधन किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य विजय के प्रति नरमी दिखा रहा है, जबकि सभी ने वीडियो-तस्वीरें देखी हैं। अदालत ने आयोजकों और पुलिस, दोनों से जवाब मांगा कि जिम्मेदारी किसकी है? न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया कि एक इवेंट आयोजक होने के नाते क्या आपकी कोई जिम्मेदारी नहीं है? अदालत ने इस पर गहरी नाराजगी जताई कि राज्य विजय के प्रति नरमी बरत रहा है और टिप्पणी की कि घटना के वक्त विजय भगदड़ स्थल से भाग गए। कोर्ट ने कहा कि टीवीके ने पछतावा तक नहीं जताया।

### एसआईटी करेगी मामले की जांच, पार्टी से जवाब भी मांगा

*कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी टीवीके ने हादसे के बाद शोक तक नहीं जताया, यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण*

### पार्टी बोली- नुकसान पहुंचाने का नहीं था इरादा



वरिष्ठ अधिवक्ता वी. राघवाचारी, जो आनंद और निर्मल कुमार ने कहा, याचिकाकर्ताओं का अपने ही कार्यकर्ताओं को नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था और इस घटना को गैर-इरादतन हत्या के रूप में नहीं देखा जा सकता।उन्होंने पुलिस पर पर्याप्त सुरक्षा न देने का आरोप लगाया और कहा कि स्थल याचिकाकर्ताओं ने नहीं चुना था। उन्होंने कहा कि अगर वेलुसामिपुरम आपत्तिजनक था, तो पुलिस को याचिकाकर्ताओं का अनुरोध खारिज कर देना चाहिए था।

**एसआईटी के गठन का दिया आदेश**

पीठ ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी ) के गठन का आदेश दिया, जो इस घटना की जांच करेगा। साथ ही, अदालत ने टीवीके नेताओं बुसी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई कर रही है, जिसमें गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को व्यापक दिशा-निर्देश या मानक संचालन प्रक्रिया तैयार होने तक रोड शो की अनुमति न देने का अनुरोध किया गया है।

### टीवीके ने भीड़ को गुमराह किया अतिरिक्त महाधिवक्ता

अतिरिक्त महाधिवक्ता जे. रविंद्रन ने इसका विरोध करते हुए कहा कि टीवीके ने भीड़ को गुमराह किया। पार्टी ने ट्वीट कर कहा था कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होगा, जबकि पुलिस ने अनुमति दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक के लिए दी थी.उन्होंने यह भी बताया किटीवीके रैली के लिए 559 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, जबकि कुछ दिन पहले उसी स्थल पर एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के अभियान के लिए केवल 137 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

### लाठीचार्ज की जरूरत क्यों पड़ी?

अधिवक्ता राघवाचारी ने दावा किया कि भीड़ केवल लाठीचार्ज के बाद बेकाबू हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे हालात में लाठीचार्ज की जरूरत ही क्यों पड़ी? याचिकाकर्ताओं ने सभी नियमों का पालन किया और अनुमति केवल कार्यक्रम से एक दिन पहले ही दी गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने की पूरी जिम्मेदारी राज्य की थी। रैली पूरी तरह से व्यवस्थित थी ।। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भीड़ पर रसायन फेंके गए, जिससे लोग बेहोश हो गए। वकील ने इस बात पर जोर दिया कि आधिकारिक आयोजक मथियाझगन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### बड़ी रैलियों पर अदालत ने लगाया प्रतिबंध

मद्रास हाई कोर्ट ने रैलियों और जनसभाओं को लेकर सख्ती दिखाई है। अदालत ने कहा है कि अब हाईवे के पास बड़ी जनसभाएं नहीं होंगी। अदालत ने यह भी कहा है कि जहां भी रैलियां आयोजित की जाएं, वहां पीने का पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं हर हाल में होनी चाहिए।अदालत ने यह आदेश हाल ही में टीवीके के प्रमुख विजय की रैली में हुई भगदड़ से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। मदुरै बेंच के जज एम. धंडापानी और एम. ज्योति रमण ने यह अंतरिम आदेश शुक्रवार को सुनाया।

### विजय अहंकारी और पैसों के भूखे: स्टालिन



करूर भगदड़ मामले पर आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। अब डीएमके पार्टी ने टीवीके नेता और फिल्म अभिनेता विजय पर तीखा हमला बोला है। डीएमके ने अपने मुखपत्र मुरासोली में प्रकाशित एक लेख में विजय पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विजय ने जो वीडियो जारी की है, वह उनके अहंकार, पैसे-प्रचार की भूख और सत्ता पाने की चाह को दिखाती है।

---

### शाह ने साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया

# सहकारिता से डेयरी क्षेत्र में 11 वर्ष में 70%की वृद्धि रही

**यह देश का सबसे बड़ा प्लांट होगा**



एजेंसी ▶▶ रोहतक

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के रोहतक में साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। यह देश का सबसे बड़ा प्लांट है जो दही, छाछ और योगर्ट का उत्पादन करेगा। लगभग 350 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट से दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास के राज्यों में डेयरी उत्पादों की आपूर्ति होगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की दशकों पुरानी मांग पूरी करते हुए सहकारिता मंत्रालय बनाया। पिछले 4 वर्षों में सहकारिता क्षेत्र की नींव मजबूत हुई है। उन्होंने भरोसा जताया कि 2029 तक हर पंचायत में एक सहकारी समिति होगी। पिछले 11 सालों में भारत का दूध उत्पादन 146 मिलियन टन से बढ़कर 239 मिलियन टन हो गया है। देशी गायों का दूध उत्पादन भी 29 मिलियन टन से बढ़कर 50 मिलियन टन तक पहुंच गया है।

### दूध उपलब्धता में हरियाणा हमेशा आगे रहा

शाह ने कहा कि राज्य प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता में हमेशा पहले से तीसरे स्थान के बीच रहा है। उन्होंने घोषणा की कि श्वेत क्रांति 2.0 के तहत देशभर में 75,000 से अधिक नई डेयरी समितियां बनाई जाएंगी और 46,000 मौजूदा समितियों को और मजबूत किया जाएगा। मौजूदा 660 लाख लीटर प्रतिदिन दूध प्रोसेसिंग क्षमता को 2028-29 तक बढ़ाकर 100 मिलियन लीटर प्रतिदिन किया जाएगा।

### अंगरक्षकों के खाने में निकला कांच का टुकड़ा

शाह के अंगरक्षकों समेत अन्य सरकारी कर्मचारियों को परोसे गए भोजन में गुलाब जामुन से कांच का टुकड़ा मिलने का सनसनीखेज मामला आया है। मौके पर मौजूद खाने-पीने के सात सेंपल भर कर जांच के लिए भेजे हैं। इससे खुफिया व फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में हड़कंप मच गया।

### अन्य राज्यों के किसानों को लाभ होगा

शाह ने बताया कि यहां रोजाना 150 मीट्रिक टन दही, 10 मीट्रिक टन योगर्ट, 3 लाख लीटर छाछ और 10,000 किलो मिठाई का उत्पादन होगा। इस प्लांट से राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार के किसान भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने गुजरात की डेयरी सहकारी समितियों की मिसाल देते हुए कहा कि वहां 35 लाख महिलाएं हर साल 85,000 करोड़ का कारोबार करती हैं।

---

### बम से उड़ाने की धमकी दी

# सीएम स्टालिन, राज्यपाल और भाजपा दफ्तर को हम उड़ा देंगे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु में हाई प्रोफाइल हस्तियों और भवनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। शुक्रवार को मिली धमकी की वजह से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राज्यपाल और भाजपा दफ्तर को एक अज्ञात हैंडल से धमकी भरे मेल भेजे गए हैं। इसमें दावा किया गया है कि यहां धमाके कर पूरे प्रदेश में दहशत फैलाई जाएगी। चेन्नई पुलिस ने संदिग्ध मेल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाई

पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। चेन्नई में सीएम आवास, राजभवन और भाजपा दफ्तर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फिलहाल बम निरोधक दस्ता और साइबर सेल जांच में जुटे हैं। शुरुआती जांच में इसे शरारती तत्वों की हरकत माना जा रहा है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से ले रही हैं।

---

### मूर्ति विसर्जन में हादसा, सेना बुलाई

# उटंगन नदी में डूबे 13 युवक एक के बाद एक निकले 5 शव

एजेंसी ▶▶ आगरा



यहां के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। 2 अन्य युवकों की लाशें भी बाहर निकाल ली गईं। 8 लापता हैं।

### एसडीआरफ को भी बुलाया

खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने रातभर ऑपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही। अब तक 4 के शव बरामद कर लिए गए हैं।

---

### विकसित भारत का लक्ष्य तय, मूकदर्शक बना नहीं रह सकता भारत

**टैरिफ पर सरकार का बड़ा बयान**

# टैरिफ चुनौतियों से निपटने को तैयार भारत: वित्त मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय निर्यात पर जब से अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है तब से अर्थव्यवस्था पर इसके असर को लेकर अलग-अलग आकलन सामने आ रहे हैं। अब इस मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल का भारत की जीडीपी वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ सकता है। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच टैरिफ, वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार दे रहे हैं, जबकि भारत 8% जीडीपी ग्रोथ का लक्ष्य रखता है। टैरिफ जैसी कार्रवाइयों के चलते ग्लोबल सप्लाई चेन में जो बदलाव आ रहे हैं, उनके बीच भारत मूकदर्शक बना नहीं रह सकता है। 'विकसित भारत' के लक्ष्यों को प्राप्त करने भारत को 8 प्रतिशत की दर से विकास करना होगा। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के चौथे संस्करण में वित्त मंत्री ने भारत के दो अहम लक्ष्यों को लेकर कहा कि राष्ट्र का लक्ष्य 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा और आत्मनिर्भरता बढ़ाना है।

### उभरती अर्थव्यवस्थाओं से की अपील

*संबोधन के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दुनिया की तमाम उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के अपील की कि वे अपने ऊपर पड़ने वाले निर्णयों को आकार देने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुनिया में जहां किसी दूसरे के फैसले हमारी नियति का निर्धारण करते हैं, हमें सक्रिय भागीदार के रूप में सामने आना होगा। जहां संभव हो परिणामों को आकार देना होगा और जहां जरूरी हो, स्वायत्तता बनाए रखनी होगी।*

---

### 2 राज्यों में रहस्यमयी नजारा, लोग डरे-सहमे और रोष भी दिखा

**खोडियार माता के मंदिर में अनोखी घटना**

# मंदिर में हवन के दौरान बैठे रहे 3 शेर, यज्ञ खत्म होते ही वे लौट गए

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

विजयादशमी पर खोडियार माता के मंदिर में एक अनोखी और चौंकाने वाली घटना सामने आई। गिरनार पर्वत के जंगल के नजदीक पादरिया गांव के भोलेनाथ गौशाला के पास खोडियार माता का मंदिर है। यहां यज्ञ चल रहा था। साधु-संत मंत्रोच्चार कर रहे थे, 3 शेर अचानक यज्ञ कुंड के पास आकर बैठ गए। शेर यज्ञ कुंड से कुछ दूरी पर शांत होकर बैठे और पूरे यज्ञ के दौरान वहीं रहे। साधु-संतों ने मंत्रोच्चार जारी रखा। इसके बाद शेर वहां से चले गए।

### *घर में 6 दिनों से भड़क रही आग अचानक जलने लगता है सामान*

**कांगड़ा** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के लंबागांव क्षेत्र की धुपक्यारा पंचायत के संसार चंद जरियाल के घर में पिछले छह दिन से रहस्यमयी तरीके से आग लग रही है। हालांकि, बिजली बोर्ड ने अपनी ओर से घर बिजली काट दी है लेकिन घर में आग लगने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। पुलिस व अग्निशमन विभाग भी मौके का मुआयना कर चुका है। लेकिन इस आग के रहस्य से पर्दा अभी तक नहीं उठ पाया है। जिला प्रशासन की ओर से अभी तक इस आग के रहस्य पर किसी प्रकार की कोई जांच करने के लिए कोई नहीं आया है, जिससे परिवार में रोष है।



---

### सुधांशु ने कोलंबिया में नेता प्रतिपक्ष की प्रतिभा पर उठाए सवाल

# राहुल खराब कर रहे देश की छवि, कौन सा 'ज्ञान' दे रहे?

### उनमें कौन सी बड़ी खूबी विदेश के विवि बुला रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया। त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। सुधांशु ने कहा कि सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता।

### भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें कर रहे



त्रिवेदी ने कहा कि देश की 140 साल पुरानी पार्टी के नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। सवाल यह उठता है कि गांधी जब विदेश जाते हैं तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन परकेस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष 4देशों में शामिल है क्यों नहीं दिखाई देता है? उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं।

### कोलंबिया में बिक रहीं भारतीय बाइक्स की राहुल ने की तारीफ

राहुल ने भारतीय दोपहिया वाहन कंपनियों बजाज, हीरो और टीवीएस की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों की सफलता दिखाती है कि भारतीय कंपनियां इनोवेशन (नवाचार) के दम पर जीत सकती हैं, न कि भाई-भतीजावाद से।

### राहुल ने बताया-बाइक से भारी क्यों होती है कार? भाजपा का तंज



कोलंबिया में राहुल ने वहां पर मौजूद लोगों से कुछ सवाल किए, इस सवाल पर भाजपा ने तंज कसा है। राहुल ने कोलंबिया में कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि एक बाइक का वजन 100 किलो क्यों होता है जबकि एक कार का वजन 3,000 किलो होता है? उन्होंने इसके पीछे का लॉजिक भी समझाया। राहुल के इस बयान को भाजपा ने बकवास करार दिया है।

### कार का इंजन टक्कर लगने पर ले लेता है जान

राहुल ने छात्रों के साथ बातचीत करते हुए एक उदाहरण दिया। उन्होंने पूछा कि एक कार आमतौर पर भारी क्यों होती है। उसे 3,000 किलो धातु की आवश्यकता क्यों होती है जबकि एक बाइक तुलनात्मक रूप से हल्की होती है।

वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह बोले

# पाक के भारतीय जेट गिराने के दावे मनोहर कहानियां, अगर सबूत है तो दिखाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ने शुक्रवार नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को निशाना बनाया और उनके रडार्स, कमांड सेंटर, हैंगर आदि को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान कहता है कि उसने 15 जेट मार गिराए हैं, तो क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है।

## पाकिस्तान में 300 किलोमीटर भीतर हमला किया, दुनिया हमसे सीखे

*हमला रोकने और संघर्षविराम के लिए पाक गिड़गिड़ाया था*

*एस-400 की तरह भारत का भी होगा एयर डिफेंस सिस्टम*



### हमारी मिसाइलों ने पाक विमानों को उनके ही क्षेत्र में उड़ने नहीं दिया

एपी सिंह ने कहा कि हमारी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों को उनके ही क्षेत्र में भी उड़ने नहीं दिया था। ये इतिहास में दर्ज होगा कि हमने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर भीतर तक हमला किया। इसके चलते पाकिस्तान कोई हिमाकत नहीं कर सका। हमने पाकिस्तान को उस स्थिति में पहुंचा दिया, जहां वह संघर्षविराम के लिए गिड़गिड़ाए और हमले रोकने की मांग करे। हमने एक राष्ट्र के तौर पर फैसला करते हुए हमले रोके क्योंकि हम जो चाहते थे, हम वो कर चुके थे। मुझे लगता है कि ये कुछ ऐसा है, जो दुनिया को हमसे सीखना चाहिए।

### पाक के 4 से 5 विमान तबाह हुए

*वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जहां तक ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान की बात है, हमने उनके कई एयरफील्ड और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारे हमलों के चलते उनके कम से कम चार रडार्स, दो कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगहों पर रनवे, तीन अलग-अलग जगहों पर स्थित उनके हैंगर्स को नुकसान पहुंचाया। हमारे पास सबूत हैं कि उनका एक सी-130 श्रेणी का विमान, कम से कम चार से पांच लड़ाकू विमान, जिनमें एफ-16 शामिल हैं, इनके साथ ही एक एसएएम सिस्टम को भी तबाह किया गया। हमारे पास इसके पुख्ता सबूत हैं और हमारे सिस्टम से ये जानकारी मिली है।*

### एस-400 अच्छी हथियार प्रणाली साबित हुई

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि रूस से खरीदे गए एस-400 सिस्टम ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। भारत के पास एस-400 की तीन यूनिट रूस से आ चुकी हैं। जबकि हमने 2018 में इसकी 5 यूनिटों की खरीद के लिए करीब 5.5 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। बाकी दो यूनिटें 2026-27 तक मिल सकती हैं। भारत की तीनों सेनाएं मिलकर स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र विकसित करने में जुटी हैं।

### एमएमसीए इसी दशक में उड़ान भरेगा

उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के बारे में एपी सिंह ने कहा कि जहां तक मैं समझता हूं, यह इसी दशक में उड़ान भरेगा। करीब 2028 में इसकी पहली उड़ान की योजना है और 2035 तक, इसे भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाना है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि अगर हम वास्तव में चाहें, तो इसे समय-सीमा से पहले हासिल किया जा सकता है। यह संभव है। और जहां तक तकनीक का सवाल है, एएमसीए तकनीक हमारे दिमाग में बिल्कुल स्पष्ट है कि हमें क्या चाहिए और क्या जरूरी है और यह कहां और कैसे उपलब्ध है।


### एलसीए मार्क2 वायुसेना की योजना में बहुत अहम

वायु सेना प्रमुख ने कहा कि एलसीए एमके2, एमके1ए का ही विस्तार है। दोनों एक ही श्रेणी के विमान हैं, लेकिन एमके2 ज्यादा हथियार ले जाने में सक्षम होगा। यह रेंज और सहनशक्ति के मामले में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएगा। यह बड़े हथियार ले जाने में सक्षम होगा। इसलिए यह हमारी योजना में बहुत महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप


### भारतीय फिल्म वाले थिएटर में लगाई आग

**ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो के ओकविले में एक फिल्म थिएटर में आगजनी करने की घटना सामने आई है। वहीं एक अन्य घटना में फिल्म थिएटर के दरवाजे पर गोलियां चलाई गईं। गनीमत रही कि दोनों हादसों में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। जिन थिएटर पर हमले किए गए, उनमें भारतीय फिल्मों ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' और पवन कल्याण की 'ओजी' स्क्रीनिंग हो रही थी। ऐसे में आशंका है कि कनाडा में भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग को प्रभावित करने के लिए हमले किए जा रहे हैं।




### टैक्स कलेक्शन में जैन समाज का 24% योगदान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में जैन समुदाय की आबादी महज 0.5 फीसदी है, लेकिन कुल टैक्स कलेक्शन में उनका योगदान 24 फीसदी के बराबर है। उन्होंने यहां तीन दिवसीय कार्यक्रम 'जीतो (जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन) कनेक्ट 2025' के उद्घाटन सत्र में कहा कि जैन समुदाय को दुनिया में एक मेहनती और समृद्ध समाज माना जाता है। उनका दर्शन भारतीय संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है।



पीओके में पाकिस्तान सेना की बर्बरता पर विदेश मंत्रालय का आरोप

# मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए ठहराया जाए जवाबदेह, निर्दोषों को निशाना बनाया, 12 मरे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान पर पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में मासूम लोगों पर हमले करने का आरोप लगाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तानी सेना निर्दोष लोगों पर बर्बरता कर रही है। जायसवाल ने बताया हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं। यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की लूट का नतीजा है।

पीओके पर उसका जबरन और अवैध कब्जे है। पाकिस्तान को उसके मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। दरअसल, पीओके में पिछले 5 दिनों से बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई नियंत्रित न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। इन प्रदर्शनों में अब तक 12 लोगों की मौत हुई है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के आरोप झूठे और निराधार

भारत-कनाडा सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करेंगे

### बांग्लादेश की सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम



जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। दरअसल, बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने पिछले हफ्ते खगराछारी में हुई हिंसा के लिए भारत पर आरोप लगाए थे। इन आरोपों पर जायसवाल ने कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार को किसी और पर दोष मढ़ने की आदत है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चटगांव के पहाड़ी इलाकों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले कट्टरपंथियों की जांच करें।

### अफगानिस्तान के विदेश मंत्री जल्द आएंगे भारत

जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से भारत के दौरे के लिए प्रतिबंधों में छूट दी है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन में डायरेक्ट फ्लाइट दोनों देशों के संबंधों के सामान्य होने की प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर 2000 को हमने भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी की स्थापना की थी। आज हम इस विशेष साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हम इन संबंधों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

### अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध चिंता का विषय

कनाडा में बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने पर उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध दोनों देशों के लिए एक विशेष चिंता का विषय है। सभी देशों को इस समस्या से लड़ने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 सितंबर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली ड्रूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी।

### पाकिस्तानी पुलिस ने प्रेस क्लब में घुसकर पत्रकारों को पीटा, गृह राज्य मंत्री ने माफी मांगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर गुरुवार को पुलिस ने पत्रकारों और लोगों पर हमला किया। यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया।

#### कैमरे और मोबाइल तोड़े

पुलिस का कहना है कि कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए।

#### पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करेंगे

पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। उन्होंने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय सेना की पाक को दो टूक

# भूगोल में रहना है तो आतंकवाद रोकें, भारत 'संयम' नहीं रखेगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान के बीकानेर सैन्य क्षेत्रों के दौरे में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के सबूत दिए। यदि भारत ने ये सबूत उजागर नहीं किए होते, तो पाकिस्तान इन तथ्यों को छिपा लेता। इस ऑपरेशन में सात लक्ष्य सेना ने और दो वायुसेना ने नष्ट किए।

### भविष्य के लिए तैयार रहें सैनिक

सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे। मैं यहां ऑपरेशन 2.0 की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि सीमा के पास रहने वाले आम नागरिकों को वे सैनिकों के रूप में देखते हैं। वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने 1965 और 1971 के युद्धों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि वे आगे भी हमारे साथ खड़े रहें।

### जनता का उत्साह बढ़ाता है सैनिकों का मनोबल

सेना प्रमुख ने सीमा पर रहने वाली जनता के उत्साह की सराहना की और कहा कि उनका जोश सैनिकों का मनोबल बढ़ाता है। हम भविष्य में भी सभी के साथ जुड़ना चाहेंगे। मैं उनकी भावना के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। जनरल द्विवेदी ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने भारत का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, क्योंकि पाकिस्तान द्वारा आतंकियों को प्रायोजित किया जा रहा था।

सिंगापुर के पीएम वोंग से मिले मंत्री पीयूष गोयल

# एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर हुई बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ने के लिए एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर बातचीत की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, साथ ही भविष्य में विकास की गति को बढ़ाने पर चर्चा की गई है। वोंग ने जवाब देते हुए कहा कि इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने से लेकर एआई जैसी उभरती तकनीक तक हमारी आर्थिक साझेदारी को गहरा करने पर अच्छी चर्चा हुई।

### विमानन क्षेत्र में करेंगे सहयोग

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी (एसआईएईसी) के सीईओ चिन याउ सेंग से भी मुलाकात की और विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र में भारत-सिंगापुर सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इस बैठक में भारत के बढ़ते एयरोस्पेस इकोसिस्टम को



बढ़ावा देने और वैश्विक संपर्क बढ़ाने के लिए इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और इन्वेस्टमेंट में साझेदारी के नए रास्ते तलाशे गए।

### वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटर क्षेत्र में देंगे ध्यान

केंद्रीय मंत्री ने कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट के ग्रुप सीईओ ली ची कून और वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक मनोहर खियातानी से भी मुलाकात की। चर्चा भारत में सतत शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार (विशेष रूप से लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटरों के क्षेत्र में) को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी। उन्होंने बताया कि रणनीतिक सहयोग के माध्यम से भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने के नए अवसरों की भी खोज की गई।

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला

# सिंगापुर ने भारत को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट दी संगीतकार शेखर-सिंगर अमृतप्रभा अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में सिंगापुर पुलिस ने भारतीय हाई कमीशन को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सौंपी है। भारत की तरफ से इसकी मांग की गई थी। इसके अलावा सिंगापुर पुलिस ने जनता को सलाह दी कि वे गायक के सम्मान में, उनकी मृत्यु की परिस्थितियों से संबंधित कोई भी वीडियो या चित्र साझा न करें। 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान जुबीन की मौत हो गई थी। असम पुलिस ने सिंगर जुबीन गर्ग की मौत से जुड़े मामले में गुरुवार को संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी और सिंगर अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है।



गोस्वामी और अमृतप्रभा, जुबीन की म्यूजिक टीम का हिस्सा थे। घटना के वक्त दोनों सिंगापुर में थे और मौके पर मौजूद थे। गोस्वामी और अमृतप्रभा को पूछताछ के लिए बुलाया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। मामले में अब तक 4 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं, असम पुलिस ने मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय एसआईटी बनाई है। डीजीपी गुप्ता ने कहा कि टीम सिंगापुर जाएगी और सबूत इकट्ठा करेगी।

## कश्मीर घाटी में मौसम की पहली बर्फबारी



**श्रीनगर।** बर्फबारी के साथ धरती की जन्नत कश्मीर में सर्दी ने दस्तक दे दी है। मौसम की पहली बर्फबारी ने कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों अनंतनाग के सिंथन टॉप और गुलमर्ग की प्रतिष्ठित अफ़रवत चोटी को रातोंरात ढक दिया, जिससे उत्तरी कश्मीर का यह प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एक शांत शीतकालीन वंडरलैंड में बदल गया। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में और बर्फबारी होने की संभावना है। श्रीनगर और उसके आसपास के इलाकों सहित मैदानी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अनंतनाग-पहलगाम, कुलगाम, सिंथन पास, शोपियां, पीर की गली, सोनमर्ग-जोजिला, बांदीपोरा-रजदान पास, गुलमर्ग और कुपवाड़ा-साधना पास में मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है।

अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर बोले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस

# विश्व में बढ़ते तनाव के बीच गांधी के मार्ग का अनुसरण जरूरी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि विश्व में बढ़ते तनाव के बीच गांधीजी का शांति का संदेश नए सिरे से प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने वैश्विक समुदाय से मतभेदों को दूर करने और कूटनीति को आगे बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी के मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने यह संदेश गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा दो अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष स्मृति समारोह के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर हम महात्मा गांधी के जीवन और विरासत और सभी के लिए शांति, सत्य और सम्मान के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। गांधी ने न केवल इन आदर्शों की बात की, बल्कि उन्हें जीया भी। बढ़ते तनाव और गहराते विभाजन के इस समय में उनका संदेश नए सिरे से जरूरी है।

गांधी ने आदर्शों की सिर्फ बात नहीं की बल्कि जिया भी

नागरिक संघर्ष का खामियाजा भुगत रहे, संवाद की जगह हिंसा ने ली

### शांति की नींव खतरे में



उन्होंने कहा कि हिंसा संवाद की जगह ले रही है, नागरिक संघर्ष का खामियाजा भुगत रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया जा रहा है, मानवाधिकारों को कुचला जा रहा है और शांति की नींव खतरे में है।

### गेट्स फाउंडेशन ने मनाई गांधी जयंती

### गेट्स बोले- महात्मा गांधी के आदर्श हमारे कार्य का आधार

अमेरिका के सिएटल में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में गांधी जयंती मनाई। कार्यक्रम में गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स के साथ-साथ वाशिंगटन राज्य और सिएटल शहर की सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान बिल गेट्स ने कहा कि यह बहुत ही सुखद है कि हम महात्मा गांधी की जयंती पर एक साथ आ रहे हैं। उनके आदर्श, हर व्यक्ति की समानता और गरिमा, हमारे काम का आधार हैं। आज, भारत नवाचार में एक वैश्विक नेता के रूप में खड़ा है और ग्लोबल साउथ में लाखों लोगों के जीवन को बचाने और बेहतर बनाने की क्षमता वाले समाधानों का जिम्मा उठा रहा है। हम विकसित भारत 2047 की ओर भारत की यात्रा में उसके साथ साझेदारी जारी रखने के लिए तत्पर हैं।



पीएम मोदी को लिखा था पत्र

# सिख जत्था पाक जाएगा, सरकार ने दी मंजूरी, एसजीपीसी ने कहा थैंक्स

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारत सरकार ने सिख जत्थे को पाकिस्तान जाने की मंजूरी दे दी है। जत्था नवंबर में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व में हिस्सा लेने वाला है। इस फैसले का स्वागत शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने किया है और अब उन्होंने सरकार से अपील की है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी खोल दिया जाए। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि हम भारत सरकार के आभारी हैं कि उन्होंने अनुमति दी। सिख हमेशा पाकिस्तान जाकर तीर्थयात्रा करना चाहते हैं और गुरु नानक देव जी का जन्मदिवस मनाना चाहते हैं। पहले



जब अनुमति नहीं मिली थी तो हम निराश थे लेकिन अब राहत मिली है। धामी ने बताया कि एसजीपीसी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पहले ही पत्र लिखकर जत्थे को अनुमति देने का अनुरोध किया था। अब उन्होंने सरकार से अपील की है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी खोला जाए जो हाल ही में भारत-पाक सीमा तनाव के कारण बंद था। जत्था अब पाकिस्तान के ननकाना साहिब जा सकेगा।



## 'एक दीवाने की दीवानियत' का नया गाना आउट

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' का नया गाना 'मेरा हुआ' शुक्रवार को रिलीज हो गया है। हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर गाने की एक झलक साझा करते हुए लिखा, "दीवानियत में माना तुझे खुदा, मोहब्बत तू मेरी, तू मेरा हुआ।" यह गाना यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। इस गाने को दर्शकों से खूब प्यार मिल रहा है। 'मेरा हुआ' गाने की खासियत यह है कि इसे गायक अंकर आर. पाठक ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। साथ ही, उन्होंने इस गाने का संगीत भी तैयार किया है। गाने के बोल सचिन उर्मतोश ने लिखे हैं। यह गाना फिल्म की रोमांटिक थीम को और गहराई देता है।

लाइफ Style

# सोनाक्षी

## जटाधारा में बनेगी खलनायिका



सोनाक्षी सिन्हा अपने आगामी द्विभाषी (हिंदी-तेलुगु) प्रोजेक्ट 'जटाधारा' से दर्शकों को चौंकाने वाली हैं क्योंकि ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा की इस बहुप्रतीक्षित पौराणिक स्पेक्टेकल फिल्म से तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रहीं सोनाक्षी सिन्हा बड़े पर्दे पर पहली बार खलनायिका के रूप में नजर आनेवाली हैं। हालांकि 'धन पिशाचिनी' के रूप में उनका यह किरदार सिर्फ नकारात्मक ही नहीं, बल्कि बेहद शक्तिशाली और दमदार भी है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अधिकतर कलाकार अपने सकारात्मक किरदार को लेकर काफी सजग रहते हैं, वहां सोनाक्षी का यह कदम न सिर्फ साहसिक है, बल्कि उन्हें नए मुकाम पर ले जाने की काबिलियत को भी दर्शाता है। विशेष रूप से रहस्यवाद, आध्यात्मिक प्रतीकों और शक्ति के स्त्री रूप को एक रोचक सिनेमाई ताने-बाने में पिरोते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने जिस तरफ अपना कदम बढ़ाया है, वो बॉलीवुड में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। गौरतलब है कि 'जटाधारा' की कहानी काले जादू की रहस्यमयी दुनिया की झांकी पेश करती है, जहाँ तंत्र-मंत्र, गुप्त अनुष्ठान और प्राचीन श्राप आस्था और भय की सीमाओं को दर्शाया गया है। ऐसे में यहां सोनाक्षी का किरदार सिर्फ एक खलनायिका का नहीं, बल्कि तंत्र और तांत्रिक शक्तियों से जन्मी एक भयावह सत्ता की भी है, जो कहानी को गहराई और नया आयाम देती है। हालांकि हाल ही में दुर्गा पूजा पर रिलीज़ हुआ सोनाक्षी का गाना "धना पिशाची" (हिंदी और तेलुगु में) पहले ही फिल्म के रहस्य और रोमांच को और बढ़ा चुका है। इसके अलावा गाने के दृश्यों में प्राचीन अनुष्ठान, भगवान शिव से जुड़े प्रतीक और पौराणिक छवियाँ सोनाक्षी की खलनायिका वाली भयावह छवि को और प्रभावशाली बनाते हैं। फिल्म में उनके अपोज़िट सुधीर बाबू नज़र आएंगे, जो कहानी को भावनात्मक गहराई देते हैं और अच्छाई और बुराई के संघर्ष को निजी और गहन बनाते हैं।

हॉलीवुड मसाला




## निकोल ने दी तलाक के लिए अर्जी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन और कीथ अर्बन, जिनकी शादी 2006 से हुई है, कथित तौर पर लगभग दो दशक बाद अपनी शादी खत्म कर रहे हैं। इस जोड़े की दो बेटियाँ हैं और कथित तौर पर गर्मियों से अलग रह रहे हैं। लंदन में फिल्मांकन के दौरान, किडमैन ने हैम्पस्टेड में एक संपत्ति किराए पर ली थी। रिपोर्टों से पता चलता है कि किडमैन ने तलाक के लिए अर्जी दी है। इस जोड़े के एक करीबी सूत्र ने बताया, "निकोल की बहन एंटोनिया हमेशा उनके साथ खड़ी रहीं और पूरा किडमैन परिवार एक-दूसरे का साथ देने के लिए एकजुट रहा। सूत्र ने आगे कहा, वह ऐसा नहीं चाहती थीं।




## टेलर स्विफ्ट के एलबम के दीवाने हुए दर्शक

**लॉस एंजेलिस।** चर्चित अमेरिकी गायक टेलर स्विफ्ट शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रही हैं। इसकी वजह है उनका नया एल्बम 'द लाइफ ऑफ ए शोगर्ल', जिसमें 12 गाने हैं और ये स्पॉटीफाई पर रिलीज हुआ। इस एल्बम के आने के बाद से ही नेटिजंस इसके सभी गानों के लिरिक्स सर्च कर रहे हैं, जिस कारण ये गूगल, एक्स आदि जगहों पर छाया हुआ है। आलम ये है कि इसके गाने सुनने को लेकर प्रशंसकों में इतना क्रेज है कि स्पॉटीफाई ही क्रैश हो रहा है, जिसकी जानकारी डाउनडिटेक्टर रिपोर्ट्स के मुताबिक मिली। 'द लाइफ ऑफ ए शोगर्ल' एल्बम दर्शकों को दीवाना बना रहा है। एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ यूजर्स ने कहा कि ये अब तक का सबसे अच्छा एल्बम है।



## 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** 'मिर्जापुर' फेम एक्ट्रेस रसिका दुग्गल अभिनीत फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म थ्रिलर-संस्पेंस के शौकीनों को आकर्षित कर रही है। अंशुमन झा के निर्देशन में बनी डेब्यू फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का ट्रेलर आया है, जो 1 मिनट 48 सेकेंड का है। ट्रेलर में फिल्म की एक झलक दिखाई गई है, जहां अर्जुन और उसकी पार्टनर जोहा यूनाइटेड किंगडम के एक घर में रहे हैं। एक शाम उनके घर कुछ मेहमान आते हैं। इसके बाद घर में रसिका और परेश की एंट्री होती है, जिनके इर्द-गिर्द एक रहस्य छिपा है। घर में एक बड़ा लकड़ी का बक्सा है, जिस पर रसिका दुग्गल की नजर पड़ती है। फिर अर्जुन मजाक में कहता है कि उसमें एक लाश है। इस मजाक को लेकर बातचीत जारी रहती है, जो परेश के किरदार को परेशान करती है।



## स्कूलों में अनिवार्य हो 'साइबर पीरियड'

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी बेटी के साइबर अपराध का निशाना बनते-बनते बचने की घटना को उजागर करते हुए एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दा उठाया है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से आग्रह किया है कि सातवीं से दसवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए स्कूलों में 'साइबर पीरियड' अनिवार्य किया जाए, ताकि वे ऑनलाइन खतरों, फिशिंग और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। यह कदम डिजिटल युग में बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। अक्षय कुमार ने बताया कि कुछ महीने पहले उनकी बेटी घर पर एक वीडियो गेम खेल रही थी, जिसे अजनबियों के साथ भी खेला जा सकता है। उन्होंने बताया,'जब आप खेल रहे होते हैं, तो कभी-कभी उधर से एक संदेश आता है। फिर एक संदेश आया, 'क्या आप पुरुष हैं या महिला?' तो मेरी बेटी ने जवाब दिया, 'महिला'।

## आज भी सिंगल हैं श्वेता

### दोनों पतियों ने तोड़ा दिल तो जमाने ने खूब उछाला था कीचड़



**मुंबई।** कई बार सितारे पर्दे पर तो कामयाब हो जाते हैं, लेकिन निजी जिंदगी में उनकी किस्मत उनका साथ नहीं देती। ऐसा ही कुछ एक पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस के साथ हुआ है। इस एक्ट्रेस ने न सिर्फ शो में 2 शादियां कीं, बल्कि असल जिंदगी में भी वो दो बार दुल्हन बन चुकी हैं। हालांकि, रील लाइफ की तरह रियल लाइफ में भी इस हसीना को शादी टूटने का दर्द सहना पड़ा और जिंदगी में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। ये एक्ट्रेस हैं श्वेता तिवारी, जिन्होंने अपनी निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। श्वेता सभी अफवाहों को खारिज करते हुए, खुद को सिंगल बताती हैं।

श्वेता तिवारी ने पॉपुलर टीवी शो 'कसौटी जिंदगी की' से अपनी पहचान बनाई, लेकिन उन्हें क्या पता था कि असल जिंदगी में भी उनके हर रिश्ते की परीक्षा होगी। बता दें, श्वेता तिवारी को बहुत कम उम्र में ही प्यार हो गया था और उन्होंने शादी कर ली। एक्ट्रेस ने 1998 में एक्टर राजा चौधरी के साथ सात फेरे लिए थे। दोनों ने टीवी पर साथ काम किया और उनकी एक बेटी पलक तिवारी भी हुई, लेकिन उनका रिश्ता ज्यादा दिन नहीं चला। श्वेता और राजा का टूटता रिश्ता एक ज़माने में गॉसिप का ज़रिया हुआ करता था।

इसके बाद साल 2013 में श्वेता ने अभिनव कोहली से शादी कर ली और ज़िंदगी में एक बार फिर प्यार पाने की कोशिश की। हालाँकि, यह फैसला उनकी ज़िंदगी की सबसे बड़ी गलती साबित हुआ। इतिहास ने खुद को दोहराया और अभिनव और श्वेता का एक-दूसरे से रिश्ता टूट ही गया। एक बेटा होने के बाद, दोनों अलग हो गए और अभिनव ने श्वेता को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। श्वेता तिवारी ने अपनी निजी ज़िंदगी के बारे में कभी खुलकर कुछ नहीं कहा, लेकिन अपने दोनों बच्चों की हिफ़ाज़त के लिए उन्होंने शेरनी की तरह लड़ाई लड़ी है। बिना किसी सहारे के, वह अपने दोनों बच्चों की परवरिश अकेले ही करने में कामयाब रही हैं। अब श्वेता तिवारी की बेटी 24 साल की हो गई है, फिर भी श्वेता का नाम किसी न किसी अभिनेता के साथ जुड़ता रहता है। हालाँकि, सभी अफवाहों को खारिज करते हुए, श्वेता खुद को सिंगल बताती हैं।

## कंतारा ने बदली मेरी लाइफ



**मुंबई।** कांतारा:चैप्टर 1 दुनियाभर में रिलीज हुई है, एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत ने अपने दिल की बात शेयर की है। एक इमोशनल नोट में उन्होंने बताया कि कैसे ये सफर उन्हें एक कलाकार और इंसान दोनों रूपों में नया बना गया। उन्होंने लिखा एक साल पहले मुझे 'कांतारा: चैप्टर 1' का हिस्सा बनने का मौका मिला। इस फिल्म ने मुझे चुनौती दी, मुझे सिखाया, मेरे हुनर को निखारा और ज़िंदगी को एक नया नज़रिया दिया। ये फिल्म सच में प्यार और जुनून से बनी है। सैकड़ों लोगों की मेहनत से, जिन्होंने दिन-रात एक कर दिया। इस जादुई फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बेहद आभारी हूं। रुक्मिणी ने फिल्म के कप्तान ऋषभ शेट्टी को दिल से शुक्रिया कहा, उन्होंने कहा कि ऋषभ सर इस प्रोजेक्ट की रीढ़ हैं। सर, आपका जुनून, मेहनत और विज़न मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा रहा। मुझ पर भरोसा करने और इस सफर में मेरा साथ देने के लिए दिल से धन्यवाद। उन्होंने होम्बले फिल्म्स की पूरी टीम, विजय किरागंदूर, चालुवे गौड़ा, आदर्श और उन सभी अनसुने हीरोज का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर इस अनुभव को जीवंत बनाया। और सफर अभी शुरू ही हुआ है। कांतारा: चैप्टर 1 के बाद रुक्मिणी अब दो बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी।

## 400 करोड़ के आलीशान घर में रहती है गायत्री

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'स्वदेश' से इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस गायत्री जोशी एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। शाहरुख खान की ये हीरोइन इस बार अपने 400 करोड़ के आलीशान घर की वजह से चर्चा में है। गायत्री जोशी की पहली



फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई और साल 2005 में उन्होंने बिजनेसमैन विकास ओबरॉय से शादी कर ली। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड को टाटा बाय-बाय कह दिया था। लेकिन आज वह एक 400 करोड़ के आलीशान घर में लैविश लाइफ जी रही हैं और उनके पति की नेटवर्थ आपके भी होश उड़ा देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गायत्री जोशी के पति विकास ओबरॉय 42,960 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं। कहा जा रहा है कि यह संपत्ति शाहरुख खान, ऋतिक रोशन और अमिताभ बच्चन की कुल संपत्ति से भी ज्यादा है। बता दें कि इंडिया रिच 2025 की टॉप 100 लिस्ट आ चुकी है। इस लिस्ट में विकास ओबरॉय 58वें नंबर पर हैं। इसी बीच गायत्री जोशी और विकास ओबरॉय के 400 करोड़ के घर की तस्वीरें भी इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं।

## शरवरी ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ ने अपनी अगली बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। इस फिल्म में वेदांग रैना उनके अपोजिट दिखाई देंगे। दशहरे के शुभ अवसर पर अभिनेत्री शरवरी वाघ ने यह खुशखबरी फैंस के साथ साझा की। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि वह पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकीं। इसके बजाय उन्होंने अपने कमरे में फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ एक छोटी सी पूजा की और फिल्म की शुरुआत की। इस तस्वीर में एक नोटबुक भी रखी है, जिस पर उन्होंने कुछ लिखा था और जिसे ताजा गुड़हल के फूलों से सजाया गया था। इसे शेयर करते हुए शरवरी ने लिखा, "आज पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकी, इसलिए मैंने अपने कमरे में स्क्रिप्ट के साथ अपनी छोटी सी पूजा की। दशहरा की शुभकामनाएं। एक बेहद खास निर्देशक और टीम के साथ एक बेहद खास फिल्म की शूटिंग शुरू कर रही हूं।" शरवरी ने 2021 में यशराज की फिल्म 'बंटी और बबली 2' से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में रानी मुखर्जी, सैफ अली खान और सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे कलाकार भी थे। उन्हें पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'मुंज्या' के लिए भी जाना जाता है। वह बहुत जल्द फिल्म 'अल्फा' में अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ दिखाई देंगी।




### 15 साल बड़े निर्देशक के प्यार में हुई थी पागल

## नहीं हुई प्रेम कहानी पूरी, रहीं ताउम्र कुंवारी

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई दिग्गज अभिनेत्रियाँ रही हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और अभिनय से दर्शकों को दीवाना बनाया। कुछ अभिनेत्रियां ऐसी भी हैं, जिनकी प्रोफेशनल लाइफ तो सुपरहिट रही, लेकिन निजी जिंदगी में उन्हें काफी कुछ सहना पड़ा। अभिनेत्री आशा पारेख को अपने से 15 साल बड़े निर्देशक नासिर हुसैन से प्यार हो गया था, लेकिन उनकी प्रेम कहानी पूरी नहीं हो पाई। इसलिए आज भी अभिनेत्री सिंगल हैं। आशा पारखे ने कभी शादी नहीं की और कुंवारी होने के बाद भी वो अपनी जिंदगी खुशी-खुशी जी रही हैं।

### निजी जिंदगी में आए उतार-चढ़ाव देखें

गुजराती परिवार में जन्मीं आशा पारेख 60-70 के दशक की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल थीं। काम के साथ-साथ आशा पारेख अपनी फीस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं। आशा पारेख का नाम बॉलीवुड की सबसे महंगी अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल था। भले ही अभिनेत्री की प्रोफेशनल लाइफ सुपरहिट रही हो, लेकिन निजी जिंदगी में उन्होंने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक समय ऐसा भी था जब अभिनेत्री को अपने से 15 साल बड़े निर्देशक नासिर हुसैन से प्यार हो गया था, लेकिन उनकी प्रेम कहानी पूरी नहीं हो पाई। इसलिए आज भी अभिनेत्री सिंगल हैं।



### शादी क्यों नहीं की?

आशा पारेख ने एक इंटरव्यू में खुद बताया था कि जिस इंसान को वह चाहती थीं, वह उन्हें कभी अपना हमसफर नहीं बना सका। दरअसल, इसके पीछे वजह यह थी कि नासिर हुसैन पहले से ही शादीशुदा थे और अभिनेत्री उनकी शादी नहीं तोड़ना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने नासिर से शादी नहीं की। प्रेम कहानी अधूरी रहने के बाद, अभिनेत्री ने किसी और से शादी नहीं की और ताउमर अकेले रह गए।

### इन फिल्मों से बनाई पहचान

राजेश खन्ना के साथ आशा पारेख की जोड़ी बॉलीवुड में सुपरहिट रही है। दोनों ने 'कटी पतंग', 'आन मिलो सजना', 'धर्म और कानून' और 'बहारों के सपने' जैसी फिल्मों में काम किया है। ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुईं। इसके साथ ही आशा पारेख 'दिल देके देखो', 'जिद्दी', 'मेरे सनम', 'तीसरी मंजिल', 'लव इन टोक्यो', 'आया सावन जूम के' और 'साजन' जैसी हिट फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

## खबर संक्षेप



### जकार्ता इंटरनेशनल दूसरे स्थान पर रहे भुल्लर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर वर्षा से बाधित जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में एक समान पांच अंडर 65 का कार्ड खेल दूसरे स्थान पर रहे। भुल्लर अब थाईलैंड के पावित टांगकमोलप्रासर्ट (64-65) से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं, हालांकि दूसरे दिन का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है। सैंतीस साल के खिलाड़ी ने पहले दौर की शुरुआत ईगल के साथ की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहने दिन का खेल पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने अपने पहले दौर को पूरा किया और फिर दूसरे दौर के बाद अपना कुल स्कोर 10 अंडर कर लिया। भुल्लर के एशियन टूर पर कुल 11 खिताब हैं, जिनमें से पांच जीतें उन्होंने इंडोनेशिया में हासिल की हैं।

### सेंथिलकुमार, चोटरानी क्वार्टर फाइनल से बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी अमेरिका के चार्लोट्सविले में आयोजित 31,250 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'चार्लोट्सविले ओपन' स्क्वैश के अपने-अपने क्वार्टर फाइन मैचों में हार गए। चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को गुरुवार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की। सातवीं वरीयता प्राप्त चोटरानी अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल से 6-11, 11-9, 1-11, 6-11 से हार गए। रविवार से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले 74,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'ओपन स्क्वैश क्लासिक' में भाग लेंगे।

### यूरोपा लीग फुटबॉल लिली ने रोमा को हराया



**रोम।** रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए, जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिए गए लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया। इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है।

# 69 रन पर सिमटी साउथ अफ्रीका की टीम, इंग्लैंड ने 10 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

लिंसे स्मिथ की अगुआई में अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने शुक्रवार को आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराकर अपने अभियान की जबर्दस्त शुरुआत की।

इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर आउट करके ही परिणाम लगभग तय कर दिया था। स्मिथ ने सात रन देकर तीन विकेट लिए। यह दक्षिण अफ्रीका का महिला विश्व कप इतिहास में दूसरा न्यूनतम स्कोर था। जवाब में इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एमी जोंस ने 40 और टैमी ब्यूमोंट ने 21 रन का योगदान दिया।



- महिला विश्व कप के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका का दूसरा न्यूनतम स्कोर
- इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में लक्ष्य किया हासिल
- दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर



### दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर दबाव

तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने सुने लुस का विकेट झटका, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम छह ओवरों में 19 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी और इन झटकों से टीम उबर ही नहीं सकी। मजबूत बल्लेबाजों के लगातार आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर काफी दबाव आ गया था। टीम की बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए। इंग्लैंड की कप्तान साइवर ने क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लार्क को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें और बढ़ा दीं। इससे उसकी वापसी की संभावना भी खत्म हो गई।

### इंग्लैंड की स्मिथ और नेट स्किवर ने झटके 5 रन देकर 2 विकेट

*इससे पहले इंग्लैंड के लिए स्मिथ के अलावा कप्तान नेट स्किवर ब्रंट (पांच रन देकर दो विकेट), सोफी एक्लेस्टोन (19 रन देकर दो विकेट) और चार्ली डीन (14 रन देकर दो विकेट) ने दो-दो विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर हो गई, उसके लिए विकेटकीपर बल्लेबाज सिनाओ जाफ्टा (22 रन) ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। पिच से गेंदबाजों को मदद मिल रही थी और टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने वाली इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में ही स्मिथ को गेंद थमा दी, जिसका फल उसे तुरंत ही मिल गया। स्मिथ ने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर एक आसान रिटर्न कैच लपककर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट को आउट कर दिया। फिर स्मिथ ने चौथे ओवर में टैजमिन ब्रिट्स को और छठे ओवर में अनुभवी मारिजाने काप को बोल्ड कर दिया।*

## भारत ने पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति की मजबूत

# भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा, जुरेल जडेजा और राहुल ने खेली शतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (125), हरफनमौला रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (100) की शतकीय पारियों से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर सिमटी थी। भारत ने पांच विकेट शेष रहते 286 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। पिच पर गेंदबाजों के पैर वाले निशान से स्पिनरों को मिल रहे असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार को टालना भी मुश्किल होगा। दिन का खेल खत्म होते समय जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर (नौ रन) क्रीज पर मौजूद थे।

### जुरेल ने पूरा किया टेस्ट करियर का अपना पहला शतक

चौबीस साल के जुरेल ने भारतीय पारी के 116वें ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज के खिलाफ चौके के साथ 190 गेंद में टेस्ट करियर का अपना पहला शतक पूरा किया तो वहीं शानदार लय में चल रहे जडेजा ने इसके 10 ओवर बाद वारिकन के खिलाफ एक रन चुरा कर 168 गेंद में अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मुकाबले में 140 रन बनाने वाले जुरेल ने 210 गेंद की पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। जडेजा ने थोड़ी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए अब तक 176 गेंद की पारी छह चौके और पांच बड़े छक्के लगा चुके हैं। दोनों ने दिन के दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह से हावी होते हुए पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज के लिए वापसी के रास्ते को लगभग बंद कर दिया। जुरेल ने शतक पूरा करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। वह खारे पियरे की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच देकर आउट हुए। पियरे के टेस्ट करियर का यह पहला विकेट है।

### वेस्टइंडीज पहली पारी में 162 रन पर सिमटी



### जुरेल ने भारतीय सेना को समर्पित किया शतक


*विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक भारतीय सेना को समर्पित करते हुए कहा कि उनके मन में हमेशा 'रणभूमि में उनके योगदान के लिए सम्मान' रहा है। जुरेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 125 रनों की शानदार पारी खेली। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तक पांच विकेट पर 448 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। उनके अनुभवी साथी लोकेश राहुल (100) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) ने भी शतक जड़े। बल्ले से अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा 24 वर्षीय जुरेल ने अर्धशतक और फिर शतक पूरा करने के बाद जश्न मनाने के अपने तरीके से सबका ध्यान खींचा। जुरेल के पिता भारतीय सेना में रहे है और वह कारगिल युद्ध में शामिल थे। उन्होंने अर्धशतक और शतक पूरा करने के बाद सलामी देने की मुद्रा के साथ अपने पिता और भारतीय सेना को सम्मान दिया। जुरेल ने कहा, ' अर्धशतक के बाद का जश्न मेरे पिता के लिए था और शतक के बाद का जश्न सेना के लिए। रणभूमि में वे जो करते हैं, उसके लिए मेरे मन में हमेशा उनके प्रति सम्मान रहा है।'*

### राहुल ने जड़ा अपने कॅरियर का 11वां टेस्ट शतक



इससे पहले कप्तान शुभमन गिल (100 गेंदों पर 50 रन) और लोकेश राहुल (197 गेंदों पर 100 रन) व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने के तुरंत बाद आउट हो गए। राहुल ने घरेलू सरजमीं पर नौ साल के सूखे को खत्म करते हुए अपना दूसरा और करियर का 11वां टेस्ट शतक जड़ा। राहुल ने 197 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े है। घरेलू सरजमीं पर राहुल ने इससे पहले 2016 अपना पहला शतक जड़ा था। उन्होंने तब इंग्लैंड के खिलाफ 199 रन की पारी खेली थी। दूसरे सत्र के शुरुआती ओवर में ही राहुल के आउट होने के बाद जुरेल ने भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। इसके कुछ देर के बाद जडेजा ने जोमेल वारिकन के खिलाफ दो छक्के जड़े अपने तेवर दिखाए।

## प्रणय, लक्ष्य, अश्विनी ने टीम का बढ़ाया मनोबल





एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

एचएस प्रणय ने इसे 'जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर' बताया, लक्ष्य सेन ने खिलाड़ियों से घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाने की सलाह दी जबकि अश्विनी पोनप्पा ने अपने अभ्यास और कौशल पर भरोसा रखने के संदेश के साथ विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले 25 सदस्यीय भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 का आयोजन छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होगा। भारत 17 साल के लंबे अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारत ने इससे पहले 2008 में पुणे में इसकी मेजबानी की थी।

प्रणय ने कहा, 'विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करना शायद जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है।' प्रणय 2010 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन के प्रमुख सितारों में से एक बन गए थे। उन्होंने कहा, 'यह जूनियर खिलाड़ियों के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का एक मौका है। यह पहला कदम है। यहां से आपको पता चल जाएगा कि अगले कुछ वर्षों में क्या उम्मीद करनी है,। अब आप सीनियर स्तर पर पहुंचने के करीब हैं।' भारतीय टीम के ज्यादातर सदस्य अत्याधुनिक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीई) में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### लक्ष्य ने एकाग्रता और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया

लक्ष्य ने एकाग्रता और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। जूनियर और सीनियर दोनों विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, ''यह आपका घरेलू मैदान है। घरेलू समर्थन और परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए यह एक शानदार प्रतियोगिता है।'महिला युगल स्टार अश्विनी ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल का लुत्फ उठाते हुए अपनी तैयारियों पर भरोसा रखें और देश के लिए अधिक से अधिक पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

# साहिल को मिली राहत हटा अस्थायी निलंबन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय वॉलीबॉल खिलाड़ी साहिल कुमार को अस्थायी लेकिन बड़ी राहत देते हुए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने डोप जांच में विफल होने के कारण उन पर लगा अस्थायी निलंबन हटा लिया है।

पैनल ने कहा कि यह उल्लंघन संभवतः डोपिंग पदार्थ से दूषित किसी उत्पाद के सेवन के कारण हुआ है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के एडीडीपी ने 1 अक्टूबर को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार अब साहिल कुमार गुरुवार से शुरू हुई 'प्राइम वॉलीबॉल लीग' के चौथे सत्र में कालीकट हीरोज के खिलाफ हैदराबाद ब्लैक हॉक्स के लिए खेल सकते हैं। साहिल के नमूने इस साल 14 मई को बेंगलुरु में प्रतियोगिता से बाहर लिए गए थे, जिसमें जीडब्ल्यू 1516 (कार्डारिन), सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड ओक्सांड्रोलोन के अलावा अन्य पदार्थ पाए गए, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल पदार्थों में शामिल हैं। साहिल पर 12 जून को अस्थायी निलंबन लगाया गया था। उन्होंने इस मामले में अस्थायी सुनवाई का अनुरोध किया था।

सुनवाई के दौरान साहिल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग में हिस्सा लेने के लिए तत्काल राहत की मांग की। वह अपने वकील पार्थ गोस्वामी के साथ उपस्थित थे।

## चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट ...



**बीजिंग।** चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा बीजिंग में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच में ब्रिटेन की सोने कार्तल को हराने के बाद खुशी जाहिर करती हुई।

# श्रीलंका के सामने मजबूत ऑस्ट्रेलिया की चुनौती



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

- आईसीसी महिला विश्व कप : श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया में मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से

श्रीलंका की टीम आईसीसी महिला विश्व कप के अपने दूसरे मैच में शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का भरपूर लाभ उठाकर बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण की समस्याओं को दूर करने की कोशिश करेगी।

भारत के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका ने अच्छी गेंदबाजी की थी लेकिन लचर क्षेत्ररक्षण और लापरवाही से कुछ विकेट गंवाने का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। टीम नौ बल्लेबाजों के दहाई का आंकड़ा छूने के बावजूद 45.4 ओवर में 211 रन पर ढेर हो गई।कप्तान चमारी अटापट्टू और उनकी टीम को अब गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में शानदार जीत दर्ज की थ

### एश्ले गार्डनर ने बल्लेबाजी में अपनी गहराई को दर्शाया

*ऑस्ट्रेलिया ने 128 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद एश्ले गार्डनर की शतकीय पारी और नौवें नंबर की बल्लेबाज किम गार्थ के उपयोगी योगदान ने 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर अपनी बल्लेबाजी में गहराई को दर्शाया। बेथ मूनी, फोबे लिचफील्ड और कप्तान एलिसा हीली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के पास एक मजबूत और आक्रामक बल्लेबाजी क्रम है, जो उन्हें बेखौफ होकर आक्रामक क्रिकेट खेलने की छूट देता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी गेंदबाजी इकाई ने शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज एनेबेल सदरलैंड ने एक ही ओवर में तीन विकेट लिए। लेग-स्पिनर अलाना किंग और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। मेगन शट, एलिस पेरी, ताहलिया मैक्ग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे अनुभवी गेंदबाज भी लगातार खतरा बने रहते हैं। श्रीलंका के लिए यह मुकाबला बहुत चुनौतीपूर्ण होगा और उसे जीत के लिए बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में अनुशासित और निरंतर प्रदर्शन करना होगा।*

*टीमें: ऑस्ट्रेलिया: एलिसा हीली (कप्तान, विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।*

*श्रीलंका: चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणवीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।*

## दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली बनीं तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर

# मीराबाई चानू ने रचा इतिहास, 199 किग्रा का वजन उठाकर जीता रजत

एजेंसी ▶▶| नार्वे

भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने नार्वे के फोर्डे में जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 199 किग्रा का वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। अब आखिरकार इस प्रतियोगिता में उनका ये तीसरा मेडल है। वह कुंजारानी देवी और कर्णम मल्लेश्वरी के बाद दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर बन गई हैं।

### 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता था सिल्वर

वहीं मीराबाई आखिरी बार टोक्यो ओलंपिक में दिखी थीं, जहां उन्होंने 115 किलोग्राम का भार क्लीन एंड जर्क में उठाया था। वहां भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। उसके बाद पिछले चार सालों में वह लगातार चोट और सर्जरी से गुजर रही हैं। हालांकि, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। वर्ल्ड चैंपियनशिप के मंच पर सिल्वर मेडल जीतने के बाद वह प्लेटफॉर्म से सीधा अपने कोच विजय शर्मा के पास गईं और उनका धन्यवाद किया।

### मानसिक और शारीरिक तकलीफ से उबरी मीरा बाई

बता दें कि, मीराबाई पिछले कुछ सालों में मानसिक और शारीरिक तकलीफ से जूझ रही थीं। पेरिस ओलंपिक और उससे पहले एशियन गेम्स 2023 में चौथे स्थान पर रहते हुए निराशा उनके हाथ लगी थी। 48 किग्रा वर्ग में मीराबाई ने स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किलोग्राम समेत कुल 199 किग्रा का भार उठाते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा किया। वह उत्तर कोरिया कि रि सोंग गुम से पीछे रह गईं और गोल्ड मेडल जीतने से चूक गईं। रि सोंग ने कुल 213 किलो का भार उठाकर गोल्ड अपने नाम किया। जबकि चीन की थान्याथन ने ब्रॉन्जमेडल जीता।



### पोडियम पर जगह पाकर खुश

*चानू ने कहा, 'मैं पोडियम पर जगह पाकर खुश हूं। अगस्त में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मेरे पिछले प्रदर्शन के बाद इससे मुझे आने वाले वर्ष के लिए बहुत आत्मविश्वास मिला है।' उन्होंने कहा, 'अब हर प्रतियोगिता 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की मेरी तैयारी का हिस्सा है। आगामी राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल उस यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव होंगे। मेरा ध्यान कड़ी मेहनत करने, हर प्रतियोगिता से सीखने और देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है।' मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में चानू का पोडियम पर पहुंचना उनकी निरंतरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 'यह उनके करियर के एक बेहद अहम दौर की शुरुआत है क्योंकि अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल लॉस एंजिलिस ओलंपिक से पहले उनके लिए अहम परीक्षा होंगे।*




### मुआवजा राशि मिलने से किसानों का खाद-बीज खरीदना हुआ आसान

# मुख्यमंत्री से किसानों ने कहा, आपने दिवाली से पहले ही दीपावली मनवा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की सेवा ही भगवान की सेवा है। बाढ़ हो, आपदा हो, ओलावृष्टि हो या कीट प्रकोप हो, किसान भाई हर विपदा से लड़ते और जूझते हैं। किसान पर कोई भी विपदा या आपदा आए सरकार संकट की हर घड़ी में साथी बनकर किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसानों के चेहरों की मुस्कान ही हमारी असली दीपावली जैसी है।

किसानों की मेहनत और जज्बा फिर से उनके खेतों को जीवन और समृद्धि से भर देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से किसानों को वर्चुअली संबोधित किए। उन्होंने कहा कि किसानों भाईयों के दुख-दर्द में हम आपके सेवक बनकर खड़े हैं। किसानों के माथे का पसीना बेकार नहीं जाएगा, आपकी मेहनत फिर से हरियाली का रूप लेकर प्रदेश को समृद्ध करेगी, हम सदैव आपके साथ हैं। राज्य सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है और उनके सुख-दुःख में सहभागी है।

- *मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 अक्टूबर को बड़वानी में नशामुक्ति सम्मेलन में होंगे शामिल*
- *मुख्यमंत्री 10 अक्टूबर को रतलाम में भावांतर योजना रैली में करेंगे सहभागिता*



#### शुक्रवार से भावांतर योजना का पंजीयन हुआ शुरू

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राहत राशि मिलने पर सभी किसानों को बधाई देते हुए कहा कि आज से ही सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर योजना के तहत पंजीयन शुरू हो गया है। अब किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। रतलाम जिले के किसानों को कुल 213.04 करोड़ रुपए की राहत राशि दी गई है। किसान भरतलाल जाट और प्रहलाद पाटीदार ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण उनकी सोयाबीन फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। उनके पास अगली फसल के लिए खाद और बीज खरीदने तक के लिए पैसा नहीं था, लेकिन सरकार की राहत राशि मिलने से अब यह संकट खत्म हो गया है।

#### मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राहत राशि वितरण के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीड़ित किसानों से आत्मीय संवाद भी किया। किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने दीपावली से पहले ही हमारी दीपावली मनवा दी। हमें यह महसूस हो रहा है कि सरकार हमारे साथ है। पीला मोजेक की राहत राशि हमें पहली बार मिली। यह सच्चे अर्थों में किसान हितैषी सरकार है। उत्साहित किसानों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से राहत राशि मिलने से दशहरे पर ही किसानों की दीपावली हो गई है। मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर जिले के किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि केला आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

#### रतलाम में 10 अक्टूबर को होगा किसान सम्मेलन

आगामी 10 अक्टूबर को रतलाम में किसान सम्मेलन आयोजित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं किसानों के बीच आयेंगे। नीमच जिले को अतिवृष्टि से सोयाबीन फसल को हुए नुकसान के लिए 119.06 करोड़ रुपए से अधिक की मुआवजा राशि दी गई। किसान राकेश पाटीदार और शंभुलाल अहीर ने कहा कि दशहरा और दीवाली के अवसर पर फसल की मुआवजा राशि मिलने से किसानों के सामने खाद-बीज खरीदने का संकट खत्म हो गया है। मंदसौर जिले के सोयाबीन उत्पादक किसानों को कुल 267.30 करोड़ रूपए राहत राशि अंतरित की गई है। यहां के किसान लालदास बैरागी, श्रीमती रेखाबाई, ओमप्रकाश, श्रीमती सुनीता शर्मा ने कहा कि मुआवजा राशि पाकर किसानों की दीपावली से पहले ही दीपावली मन गई है। उज्जैन जिले के किसानों को 44 लाख रूपए राहत राशि मिली है। किसान पवन सिंह और उदय सिंह ने कहा कि सरकार ने फसल कटने से पहले ही मुआवजा राशि दे दी है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री ने खरीदे खादी के वस्त्र

## खादी व स्वदेशी उत्पाद खरीदें भाजपा कार्यकर्ता और आम व्यक्तिः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शुक्रवार को भोपाल के जवाहर चौक स्थित खादी भंडार से खादी के वस्त्र खरीदे और डिजिटली भुगतान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान से खादी एवं स्वदेशी उत्पादों का महत्व बढ़ा है।

पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में स्वदेशी उत्पाद खरीदें ताकि प्रधानमंत्री के आह्वान को पूरा किया जा सके। खण्डेलवाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें। देश का हर नागरिक उन उत्पादों का प्रयोग करे, जो हमारे देश में बना हो। उन्होंने कहा कि खादी हमारे देश की पहचान है। इसकी शुरुआत महात्मा गांधी ने एक आंदोलन के रूप में की थी। इसका उद्देश्य यही था कि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और लोग स्वदेशी उत्पादों को अपनायें। वैसा ही अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुरू किया है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

#### आत्मनिर्भर भारत अभियान को सार्थक बनाने स्वदेशी अपनाएं

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी खादी के साथ स्वदेशी उत्पाद खरीदें ताकि आत्मनिर्भर भारत को और सार्थकता प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बनी वस्तुओं की खरीदारी बढ़ने से हमारे मजदूरों को काम मिलेगा, लोगों को रोजगार मिलेगा। हमारा निर्यात बढ़ेगा और आयात कम होगा। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत आज हम लोग यहां खादी के वस्त्र खरीदने आए हैं और हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को सफल बनाएंगे।*

## आईडी कार्ड के साथ पहन कर आना होगा यूनिफॉर्मः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के जेपी अस्पताल की बिगड़ी पार्किंग व्यवस्था को देखकर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने पार्किंग ठेकेदार और अधिकारियों को फटकार लगाई। सीएमएचओ ने सख्त निर्देश दिए कि पार्किंग कर्मचारी आईडी कार्ड और यूनिफॉर्म पहनकर रखे। डॉ. शर्मा ने शुक्रवार को जेपी अस्पताल का निरीक्षण किया। डॉ. शर्मा ने पार्किंग की व्यवस्था संभालने वाली मेसर्स शर्मा इंटर प्राइजेज को नोटिस देकर चेतावनी दी है। कहा गया है कि तत्काल सुधार किया जाए। साथ ही निर्देश दिए गए कि यहां प्रत्येक कर्मचारी के साथ ठेकेदार को अपनी आईडी के साथ गणवेश में ड्यूटी करनी होगी। जेपी अस्पताल के अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद से गई डॉ. मनीष शर्मा एक्शन में है। शुक्रवार को अस्पताल का ज्वॉइनिंग के बाद तीसरी बार निरीक्षण किया है, जहां पर उन्होंने तमाम प्रकार की अव्यवस्थाएं यहां पाई हैं। सिविल सर्जन डॉ. शर्मा के अनुसार जयप्रकाश चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान देखने में आया है कि पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह से अस्त व्यस्त चल रही है।

**सीएमएचओ ने किया जेपी अस्पताल का निरीक्षण**

## 200 यूनिट फ्री देने और स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन 6 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली कंपनी के लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी में छह अक्टूबर को प्रदेशभर के उपभोक्ता 200 यूनिट फ्री देने, बिजली दरों को कम करने और स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन (एमईसीए) के नेतृत्व में प्रदेशभर से उपभोक्ता आंबेडकर पार्क में जुटेंगे। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को संगठन की बैठक हुई और रणनीति तैयार की गई।

एसोसिएशन की प्रदेश संयोजक रचना अग्रवाल और लोकेश शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर से अत्यधिक बढ़े हुए बिजली बिलों की समस्या मप्र के सभी जिलों में है। भोपाल में हजारों के बिल आ रहे हैं।

#### यह हैं प्रमुख मांगें

- बिजली निजीकरण की नीति रद्द की जाए।
- बिजली संशोधन विधेयक 2022 को पूरी तरह रद्द किया जाए।
- स्मार्ट मीटर लगाने की नीति को रद्द किया जाए।
- बिजली के बिल हार्ड कॉपी के रूप में और पोस्टपेड ही दिया जाए।
- स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराना डिजिटल मीटर ही लगाया जाए।
- 200 यूनिट बिजली सभी उपभोक्ताओं को निःशुल्क दी जाए।

## पीएस पशुपालन ने किया गो शाला का औचक निरीक्षण

**भोपाल।** दुग्ध समृद्धि अभियान एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि के लिए शुक्रवार प्रिंसिपल सेक्रेटरी खनिज एवं पशुपालन उमाकांत उमराव ने बृजमोहन रामकली गौ- संरक्षण केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अध्यक्ष प्रहलाद दास मंगल एवं सचिव प्रमोद नेमा से गौशाला की संपूर्ण गतिविधियों के बारे में जानकारी ली एवं उन्नत पशुपालन के लिए कृत्रिम गभार्धान तथा गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए गौकास्ठ बनाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान गो पूजन के साथ गायों को गुड़ खिलाया। इस मौके पर रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, डिप्टी डायरेक्टर रमेश कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।

### सीएम यादव ने कहा मप्र बन रहा अनंत अवसरों का केन्द्र

## पूर्वोत्तर के निवेशकों के लिए मप्र बनेगा विकास और अपार अवसरों का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संकल्पबद्धता मप्र को देश के हर राज्य के निवेशक के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और अनंत अवसरों का केंद्र बना रही है। मप्र में निवेशकों को अब व्यापार के अवसर के साथ ही स्थायी विकास, रोजगार सृजन और तकनीकी उन्नति का भी भरोसा मिलता है।

मप्र की भौगोलिक स्थिति, विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और बाजार तक आसान पहुंच इसे निवेशकों के लिए एक अनूठा केंद्र बनाती है। मप्र ने उद्योग-अनुकूल नीतियां और क्लस्टर आधारित विकास मॉडल तैयार किए हैं, जिससे निवेशक अपनी नए उद्योग की योजना को तेजी से क्रियान्वित कर सकते हैं। राज्य के एग्रो और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में निवेशकों को कृषि उत्पादन और प्रोसेसिंग क्षमताओं का लाभ मिलता है।

#### निर्यात और रोजगार दोनों में वृद्धि संभव

टेक्सटाइल्स और अपैरल सेक्टर राज्य की परंपरागत और आधुनिक क्षमता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिससे निर्यात और रोजगार दोनों में वृद्धि संभव होती है। फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर में मप्र की ताकत निवेशकों को कच्चे माल, अनुसंधान एवं विकास और उत्पादन के अवसर प्रदान करती है। सीमेंट, मिनरल्स और इंजीनियरिंग, पेट्रोकेमिकल्स और केमिकल्स, टूरिज्म और वेलनेस, रिन्यूएबल एनर्जी और एनर्जी इक्विपमेंट तथा प्लास्टिक्स और पॉलिमर्स जैसे सेक्टर राज्य को निवेश के लिए बहुआयामी विकल्प प्रदान करते हैं।

#### राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक और भरोसेमंद वातावरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल से इन सेक्टरों में निवेश केवल व्यवसाय का निर्णय नहीं बल्कि आर्थिक विकास और स्थायी अवसरों का रास्ता बन रहा है। मप्र पूर्वोत्तर के उद्योगपतियों के लिए निवेश का आदर्श स्थल है। असम और अन्य राज्यों में फैले फार्मा हब, सीमेंट यूनिट्स, टी-रिसर्च और प्लांटेशन, लॉजिस्टिक केंद्र और पेट्रोकेमिकल्स जैसी सुविधाओं के साथ मप्र निवेशकों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक और भरोसेमंद वातावरण प्रदान करता है।

#### एमएसएमई सेक्टर को भी समान अवसर देता है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दृष्टिकोण है कि राज्य में निवेश करना न केवल लाभकारी हो साथ ही यह औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए। राज्य बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई सेक्टर को भी समान अवसर देता है। वन-स्टॉप निवेश सुविधा, क्लस्टर आधारित विकास और उद्योग-अनुकूल नीतियां सुनिश्चित करती हैं कि निवेशक यहां तेजी से अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें।

### लव जिहाद के ख़िलाफ़ किया अनूठा प्रदर्शन

## चल समारोह और भंडारों में लव जिहाद के खिलाफ पोस्टर लेकर निकले शुक्ला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला नरेला विधानसभा के अशोका गार्डन के चल समारोह और विभिन्न भंडारों में पोस्टर लेकर निकले, जिस पर लिखा था, है बहन तू दुर्गा बन, काली बन या झांसी की रानी बन पर कभी लव जिहाद की शिकार मत बन। यह पोस्टर लेकर वह विभिन्न झांकियों और भंडारों में लेकर पहुंचे और लव जिहाद के खिलाफ महिलाओं और बहनों को जाग्रत किया।

लव जिहाद के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने माताओं-बहनों को जागृत करने के उद्देश्य से यह लिखा हुआ पोस्टर लेकर अनूठा अभियान चलाया।




#### हमीदिया कॉलेज की समस्या खत्म हो

राजधानी के पीएम एक्सीलेंस हमीदिया कॉलेज में हाल ही में बड़ा हादसा हो गया है। यहां ईश्वर की कृपा रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। कॉलेज का भवन कुछ ज्यादा ही पुराना है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर वर्तमान में प्रदेश के तमाम बड़े अधिकारी भी अध्ययन कर चुके हैं। ऐसे में इस कॉलेज की हालात अगर अब तक ऐसी है कि कमरे कभी भी ढह रहे हैं, तो हालात कुछ कहने लायक नहीं दिख रहे हैं। यह घटना कोई नई नहीं है, इससे पहले भी भवन का हिस्सा ढह चुका है। इसके बावजूद यह समस्या आज भी ऐसी ही बनी हुई है। अब इस हादसे के बाद भी अगर यह समस्या जड़ से खत्म नहीं हुई तो प्रशासन ही नहीं सरकार और सरकारी काम पर सवाल कैसे-कैसे उठेंगे, यह गहराई से समझने की बात है।

#### साहब की हिदायत जमीन पर कितनी खरी उतरेगी

कॉलेजों में इन दिनों कक्षाएं तो लग रही हैं, लेकिन कई कोर्स में अब भी पाठ्यक्रम अपलोड नहीं हो पाया है। हाल ही में उच्च शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी 31 अक्टूबर तक पाठ्यक्रम अपलोड करने की हिदायत संबंधितों को दे दी है। ऐसे में अब साहब लोगों में यह चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि जो पुराना पाठ्यक्रम है, उसमें और क्या जोड़ा और घटाया जाए, जिससे यह कार्य समय से पहले ही पूरा हो जाए। साहब ने नई शिक्षा नीति की पृष्ठभूमि और प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि यह नीति 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में लागू हुई थी। शिक्षकों को सेवानिवृत्ति तक युवा जैसी ऊर्जा और उत्साह बनाए रखना होगा, तभी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने 31 अक्टूबर तक पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देकर पोर्टल पर अपलोड करने को कहा है, ऐसे में अब उनकी हिदायत कितनी जमीन पर खरी उतर पाती हैं, यह देखना होगा।

#### जेडी की दौड़ नहीं जीत पाए साहब

राजधानी भोपाल में कभी जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर रहे एक अधिकारी इन दिनों लोक शिक्षण संचालनालय में पदस्थ हैं। लंबे समय से लोक शिक्षण संचालनालय में सेवाएं देने के बाद बीते कई माह से साहब भोपाल संभाग में जेडी के पद पर आने के लिए जोर लगा रहे हैं। इसके लिए यह अधिकारी मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय और बंगले के चक्कर लगा रहे हैं। हालांकि जेडी की दौड़ नहीं जीत पाए हैं। बीते दिनों साहब को आला अधिकारियों की ओर से राहत नहीं मिलने के बाद अब वह अपनी बारी के इंतजार में बैठे हैं।

#### प्रतिनियुक्ति में चहेतों को मौका

स्कूल शिक्षा विभाग में कई बार आदेश जारी होने के बाद भी प्रतिनियुक्ति का खेल जारी है। बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर कई सालों से डटे हुए हैं। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति के लिए आला अधिकारियों की कृपापात्र होना भी जरूरी है। बिना इसके प्रतिनियुक्ति मिलना और मिलने के बाद डटे रहना डेढ़ा काम है। ऐसे में अधिकारी भी अपने चहेतों को ही प्रतिनियुक्ति की सुविधा मुहैया करा रहे हैं।

\- संजीव सक्सेना

### ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के अफसरों को एक्सपर्ट देंगे ट्रेनिंग

## तीन राज्यों में 10 बाघ भेजने की तैयारी, बदले में मध्यप्रदेश को नहीं मिलेंगे वाइल्ड एनिमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को बाघ भेजने की तैयारी तेज कर दी है। वन विभाग ने इन तीनों राज्यों को बाघों के प्रबंधन और उनकी सुरक्षा व्यवस्था की ट्रेनिंग के लिए वहां के वन अफसरों को मध्यप्रदेश या फिर उनके यहां ट्रेनिंग देने के लिए पत्र लिखा है।

इन तीन राज्यों को जो 10 बाघ भेजे जाने हैं, इसके एवज में मप्र को कोई अन्य वन्य प्राणी नहीं मिलेंगे। दरअसल, प्रदेश के बांधवगढ़ सहित अन्य टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनके लिए क्षेत्र कम पड़ रहा है। टेरेटरी को लेकर बाघों में आपसी संघर्ष हो रहा है, जिसके



चलते भेजे जा रहे हैं। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि मप्र के बाघों का जीन पूल का विस्तार करना है। उनका कहना है कि बाघों का डीएनए पूल फैलाने और उनकी दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए ट्रांसलोकेशन (एक जगह से दूसरी जगह भेजना) जरूरी है। बाघों की मौत के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। प्रदेश सरकार अन्य राज्यों को 10

#### बाघ दे रहे हैं, लेकिन हमें लॉयन नहीं मिल रहे

*वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने अन्य राज्यों को बाघ दिए जाने के मामले में केंद्र सरकार पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मप्र के बाघों को अन्य राज्यों को भेजे जाने के लिए एनटीसीए सहमति जता रहा है, लेकिन गिर के एशियाटिक लॉयन के मामले में वह मौन है।*

#### राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत से हो सकता है समाधान

*वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट आरएस भदौरिया ने बताया कि वास्तव में बाघ किसी एक राज्य की प्रॉपर्टी नहीं है। अन्य राज्यों में भी मध्यप्रदेश के बाघों का डीएनए हो, उसकी ब्रीड का प्रसार-प्रसार हो, इसलिए यहां के बाघ वहां भेजे जा रहे हैं। यह बात सही है। गुजरात गिर के लॉयन मप्र या अन्य राज्यों को देने को तैयार नहीं है। भविष्य में उनके लॉयन का गुजरात तक ही सिमट कर रह जाएगा। इस मामले में राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत की जानी चाहिए।*

#### एक्सचेंज नियम लागू नहीं होता

*एपीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) एल. कृष्णामूर्ति ने कहा कि मप्र के बाघों की अनुवांशिकता और उसका कुनबा बढ़ाने के लिए एनटीसीए के निर्देश पर 10 बाघ ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ बाघ भेजे जाएंगे। इनके एवज में मप्र को इन राज्यों से कोई संभवतः अन्य वन्य प्राणी नहीं मिल पाएंगे। एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जू के वन्य प्राणियों का ही एक्सचेंज किया जाता है। यह टाइगर रिजर्व के बाघ हैं, इन पर एक्सचेंज के नहीं होते हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930